य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 20 | अंक 27 | पृष्ठ 12 | मूल्य 5.00 | नई दिल्ली, मंगलवार, 20 अगस्त, 2024 | भाद्रपद कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, संवत् 2081 | दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

# राजस्थान पत्रिका

**अक्षय ऊर्जा दिवस आज**

*उद्देश्य: अक्षय ऊर्जा के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करना*

**45.5%** हुई **गैर जीवाश्म** ऊर्जा क्षमता

**50%** **अक्षय ऊर्जा** का लक्ष्य 2030 तक

**07** **गुना बढ़ा** राजस्थान में 10 साल में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन

**01** **नंबर** पर है गुजरात पवन ऊर्जा के मामले में

**अद्भुत सम्मान :** खाप पंचायत महिला पहलवान के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगी

## विनेश फोगाट को मिलेगा 100 ग्राम सोने का खास 'गोल्ड मेडल'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** पेरिस ओलंपिक में अयोग्य घोषित होने के कारण फाइनल खेलने से चूकी पहलवान विनेश फोगाट को एक खास 'स्वर्ण पदक' हासिल होगा। खाप पंचायतों ने विनेश को सम्मानित करने का फैसला किया है। इस दौरान विनेश को खास स्वर्ण पदक दिया जाएगा, जिसकी कीमत करीब 7.3 लाख रुपए होगी। ओलंपिक में 50 किग्रा वर्ग के फाइनल से पहले विनेश का वजन 100 ग्राम ज्यादा निकला था। इस कारण उसे अयोग्य घोषित कर दिया था।

### सांगवान बोले...साजिश का शिकार हुई विनेश

**सांगवान** खाप के अध्यक्ष सोमवीर सांगवान ने कहा, हम विनेश को उसी तरह का गोल्ड मेडल देंगे, जैसा कि ओलंपिक में चैंपियन बनने वालों को मिलता है। इसका वजन 100 ग्राम तक हो सकता है। उन्होंने कहा, इसमें कोई दो राय नहीं है कि विनेश के खिलाफ साजिश रची गई थी लेकिन, उन्होंने लगातार तीन मैच जीतकर करोड़ों लोगों का दिल जीत लिया था। इस कारण हर देशवासी उन्हें गोल्ड मेडल से ज्यादा सम्मान देना चाहता है।



**ऐसा होता है गोल्ड मेडल**

- **529** ग्राम होता है स्वर्ण पदक का वजन।
- **505** ग्राम इसमें चांदी मिली होती है।
- **18** ग्राम लोहा मिलाया जाता है।
- **06** ग्राम होता है शुद्ध सोना।

### 25 अगस्त को होगा समारोह

**सोमवीर** ने बताया, सम्मान समारोह विनेश के गांव बलाली (हरियाणा) में ही 25 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में हरियाणा के अलावा आसपास के कई राज्यों की खाप पंचायत आएंगी।

### खेल पंचाट ने जारी की रिपोर्ट

**खेल** पंचाट ने पेरिस ओलंपिक में फाइनल से पहले अयोग्य घोषित की गई विनेश के मामले की रिपोर्ट जारी की है। पंचाट ने कहा कि विनेश का दूसरी बार वजन लिया गया तो वह तय वजन (50 किग्रा.) से ज्यादा था। नियम साफ है कि वजन ज्यादा पाए जाने पर अयोग्य घोषित कर दिया जाता है।

**लेटरल भर्ती :** विपक्ष के हमलों के बीच एनडीए में भी मतभेद

## पासवान-जेडीयू का विरोध, सरकार बोली-यूपीए के समय हुई सिफारिश

### सामान्य भर्तियां और रोस्टर प्रभावित नहीं होगा : केंद्र

नवनीत मिश्र
patrika.com

**नई दिल्ली.** आरक्षण के बिना लेटरल भर्ती का मुद्दा केंद्र की एनडीए सरकार के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। विपक्ष के प्रहारों के बीच एनडीए के घटक दल जेडीयू और (आरवी) ने भी लेटरल भर्ती का विरोध किया है। लोजपा (आरवी) के अध्यक्ष और खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने लेटरल एंट्री को पूरी तरह गलत और चिंता का विषय बताते हुए कहा है कि वे इस मामले को सरकार में उठाएंगे। वहीं जेडीयू प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि हमारी पार्टी शुरू से ही कोटा भरने की हिमायती है। सरकार का लेटरल भर्ती का आदेश हमारे लिए गंभीर चिंता का विषय है। उधर, सरकार ने पूरे प्रकरण में विपक्ष के उठाए सवालों को बेबुनियाद बताया है। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सिर्फ 45 पदों की लेटरल एंट्री से सामान्य भर्तियां और रोस्टर प्रभावित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि लेटरल एंट्री के लिए यूपीए सरकार में प्रशासनिक सुधार आयोग ने ही सिफारिश की थी।

शेष@पेज10



### कांग्रेस ही लाई थी लेटरल प्रणाली

कांग्रेस दोहरा रवैया अपना रही है। यूपीए के समय ही इसकी सिफारिश हुई थी। यूपीए सरकार ने ही लेटरल एंट्री की तैयारी की थी। यूपीए के समय वीरप्पा मोईली की अध्यक्षता में 2005 में गठित द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग ने विशेषज्ञों की भर्ती की सिफारिश की थी। यूपीए के समय ऐसी भर्तियों के लिए पारदर्शी व्यवस्था नहीं थी। एनडीए सरकार ने पारदर्शी तरीका बनाया है। भर्ती यूपीएससी के माध्यम से पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से की जाएगी। इससे शासन में सुधार होगा। **-अश्विनी वैष्णव,** सूचना प्रसारण मंत्री



### भाजपा का आरक्षण छीनने का चक्रव्यूह

लेटरल एंट्री आरक्षण छीनकर संविधान बदलने का भाजपा का चक्रव्यूह है। यूपीए सरकार लेटरल एंट्री प्रणाली विशेषज्ञों को उनकी आवश्यकता के अनुसार कुछ क्षेत्र-विशिष्ट पदों पर रखने के लिए लाई थी लेकिन मोदी सरकार ने इस प्रावधान का दुरुपयोग दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों को छीनने के लिए किया है। खाली पद भरने के बजाय भाजपा ने सार्वजनिक उपक्रमों में भारत सरकार के शेयर बेचकर पिछले 10 साल में 5.1 लाख पद समाप्त कर दिए। एससी-एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस के पद अब आरएसएस के लोगों को मिलेंगे। **- मल्लिकार्जुन खरगे,** कांग्रेस अध्यक्ष

### हम पक्ष में नहीं


हमारी पार्टी ऐसी नियुक्तियों के पक्ष में नहीं हैं। जहां सरकारी नियुक्तियां होती हैं, वहां आरक्षण के प्रावधानों का पालन होना चाहिए।' **- चिराग पासवान,** केंद्रीय मंत्री

### गंभीर चिंता का विषय

सरकार का यह आदेश हमारे लिए गंभीर चिंता का विषय है। हमें विपक्ष के हाथों में हथियार नहीं देना चाहिए।' **- केसी त्यागी,** प्रवक्ता जेडीयू

**जय भोले**

### छड़ी मुबारक के साथ अमरनाथ यात्रा संपन्न



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**श्रीनगर.** श्रीअमरनाथ यात्रा सोमवार को छड़ी मुबारक की स्थापना के साथ ही संपन्न हो गई। 52 दिनों तक चली यात्रा में 5.20 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन किए। यात्रा के आखिरी दिन बाबा अमरनाथ की पवित्र छड़ी मुबारक पंजतरणी से अमरनाथ गुफा में पहुंची। छड़ी मुबारक की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पारंपरिक पूजा-अनुष्ठान के साथ स्थापना की गई। इसी के साथ अमरनाथ यात्रा का समापन हो गया। बाबा अमरनाथ की यात्रा 29 जून को शुरू हुई थी।

**कोलकाता बलात्कार-हत्याकांड :** सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

## डॉक्टर के शरीर पर मिले दरिंदगी के 25 निशान, गला दबाकर मारा

- रेजिडेंट डॉक्टरों की 8वें दिन भी हड़ताल जारी
- राज्यपाल कर सकते हैं राष्ट्रपति से मुलाकात

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली/कोलकाता.** आरजी कर अस्पताल में महिला रेजिडेंट डॉक्टर से बलात्कार-हत्या मामले में अंतिम पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चलता है कि उसे कितनी दरिंदगी के साथ मारा गया। महिला डॉक्टर की दोनों हाथों से गला दबाकर हत्या की गई। उसके शरीर के बाहरी अंगों पर 16 जगह तो अंदरूनी भागों में नौ जख्म पाए गए। इस बीच, इस हत्याकांड के विरोध में देशभर के रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल सोमवार को आठवें दिन भी जारी रही। ओपीडी व नियमित ऑपरेशन पर इसका असर रहा। वे अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने और घटना की तेजी से जांच करने की मांग कर रहे हैं।

शेष@पेज 10

### काली राखी से विरोध




**पटियाला.** काली राखी बांधकर विरोध जताती महिला चिकित्सक।

### तबादला रैकेट और मेडिसिन सिंडिकेट

**सीबीआइ** को आरजी कर अस्पताल में रिश्वत लेकर तबादला कराने वाला रैकेट और अवैध मेडिसिन सिंडिकेट के सक्रिय होने का पता चला है। सीबीआइ सूत्रों ने बताया कि यह सिंडिकेट कई सालों से काम कर रहा है और राज्य के कई अस्पतालों से इसके तार जुड़े हुए हैं। मनमाफिक कॉलेज-अस्पताल में तबादले के लिए 20-30 लाख रुपए की रिश्वत ली जाती रही है। महिला डॉक्टर इस सिंडिकेट के खिलाफ आवाज उठाती रही थी।

### चार एंगल से जांच कर रही है सीबीआइ

**कोलकाता** हाई कोर्ट के निर्देश पर सीबीआइ रेजिडेंट डॉक्टर हत्याकांड की जांच कर रही है। सूत्रों ने बताया कि सीबीआइ चार एंगल से मामले की जांच कर रही है।

**1 सुसाइड की थ्योरी क्यों आई :** सीबीआइ आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि पहले सुसाइड की थ्योरी क्यों गढ़ी गई? परिजनों को अस्पताल से सबसे पहले सुसाइड की बात बताई गई थी। पता लगाया जा रहा है कि क्राइम सीन को सुरक्षित नहीं किया गया।

**2 चीखने की आवाज क्यों नहीं सुनी :** अस्पताल के उन 4 जूनियर डॉक्टरों से भी सीबीआइ पूछताछ कर रही है, जिन्होंने घटना से पहले पीड़ित डॉक्टर के साथ डिनर लिया था। सीबीआइ पता लगाने की कोशिश कर रही है कि घटना से पहले क्या हुआ था।

शेष @पेज 10

### आतंकी हमले में इंस्पेक्टर शहीद

**श्रीनगर@ पत्रिका.** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के डुडू इलाके में आतंकी हमले में सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह शहीद हो गए। आतंकियों ने जवानों पर गश्त के दौरान घात लगाकर हमला किया। सीआरपीएफ ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया है। इलाके में मुठभेड़ जारी है।

**मध्यप्रदेश :** एनसीएल घोटाले का पर्दाफाश

## सीबीआइ का डीएसपी-एमपी पुलिस का थानेदार गिरफ्तार

**जबलपुर/सिंगरौली @ पत्रिका.** भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने वाली देश की सबसे बड़ी एजेंसी सीबीआइ भी भ्रष्टाचार के दलदल में घिर गई है। भारत सरकार की मिनी रत्न कोयला उत्पादन कम्पनी एनसीएल के अधिकारियों से 5 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में सीबीआइ ने जबलपुर में पदस्थ अपने ही डीएसपी जॉय जोसेफ दामले सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के साथ ही सीबीआइ की स्पेशल टीम ने एनसीएल के मुख्यालय सिंगरौली में अफसरों के ठिकानों में छापेमारी कर 4 करोड़ रुपए कैश के साथ ही करोड़ों की काली कमाई का पता लगाया है।

सीबीआइ की ओर से दर्ज एफआइआर में अब तक 6 आरोपियों सहित एनसीएल और सीबीआइ, एसीबी जबलपुर के अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह पूरा मामला एनसीएल में कोयला उत्पादन के लिए लगाई गई हैवी मशीनों के स्पेयर पार्ट्स व ऑयल सहित अन्य उपकरण और कबाड़ में किए गए घोटाले से जुड़ा हुआ है। इसकी शिकायत की जांच जबलपुर सीबीआइ की एसीबी यूनिट द्वारा की जा रही थी। एसीबी ने जांच डीएसपी जॉय जोसेफ दामले को सौंपी थी। इसमें एनसीएल के बड़े अधिकारी फंसने वाले थे। डीएसपी दामले ने एमपी पुलिस के सब इंस्पेक्टर कमल सिंह के साथ मिलकर भ्रष्टाचार को दबाने और जांच दोषी अधिकारियों के पक्ष में देने के लिए सांठगांठ शुरू कर दी थी। इस मामले में बिचौलिया की भूमिका सिंगरौली स्थित संगम इंजीनियरिंग का डायरेक्टर रविशंकर सिंह निभा रहा था। उसी ने एनसीएल के अधिकारियों से रकम एकत्रित करवाई और डीएसपी तक इसकी डिलीवरी करने का प्लान बनाया।

## न्यूज विंडो

### चूहे मारने की दवा से 19 छात्र बीमार

**बेंगलूरु@ पत्रिका.** बेंगलूरु के आदर्श नर्सिंग कॉलेज के छात्रावास में चूहे मारने की दवा के छिड़काव के बाद 19 छात्रों की हालत बिगड़ गई। छात्रों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। इसके बाद छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। तीन छात्रों की हालत गंभीर है। उन्हें आइसीयू में भर्ती कराया गया है।

**सुप्रीम कोर्ट :** केंद्र सरकार ने दायर किया हलफनामा

## तीन तलाक मुस्लिम महिलाओं के लिए खतरनाक, सजा जरूरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट हलफनामा दायर कर कहा है कि तीन तलाक समाज में वैवाहिक व्यवस्था के लिए खतरनाक है। यह मुस्लिम महिलाओं की हालत दयनीय बना देता है। केंद्र सरकार ने तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट के 2017 के आदेश के बाद भी तीन तलाक के केस कम नहीं हो रहे हैं। ऐसे में इसे क्रिमिनलाइज किया जाना जरूरी है। केंद्र ने कहा, कानून में कड़ी कार्रवाई का प्रावधान नहीं होने से आरोपी पति पर एक्शन लेना मुश्किल हो जाता था।

### क्या है मामला

**दरअसल** सुप्रीम कोर्ट में केरल जमाइतुल उलेमा की ओर से दायर याचिका में कहा था कि जब कोर्ट ने तीन तलाक को अवैध करार दे दिया है तो इसे क्रिमिनलाइज करने का मतलब नहीं है। याचिकाकर्ता ने मुस्लिम महिला (विवाह के बाद अधिकारों की रक्षा) कानून 2019 को असंवैधानिक बताते हुए कहा था कि यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। धर्म के आधार पर किसी कानून में इसे अपराध नहीं बताया जा सकता। इसी याचिका पर केंद्र सरकार ने हलफनामा दाखिल किया था।

**रक्षाबंधन :** कैद भाई के बांधी राखी तो छलक पड़े आंसू



**देशभर** में सोमवार को रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जयपुर सेंट्रल जेल में बंद भाई की कलाई पर बहन ने राखी बांधी तो उसकी आंखों से आंसू बह निकले।

## झरोखा




**ट्रेंडिंग न्यूज**

**बिहार**

### उपेंद्र कुशवाहा जाएंगे राज्यसभा

**पटना @पत्रिका.** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री उपेंद्र कुशवाहा अब राज्यसभा जाएंगे। कुशवाहा एनडीए की तरफ से बुधवार को गठबंधन के नेताओं की उपस्थिति में नामांकन दाखिल करेंगे। बिहार की दो सीटों पर राज्यसभा चुनाव होने हैं।

**अलविदा**



### पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल पद्मनाभन का निधन

**चेन्नई @ पत्रिका.** पूर्व सेना प्रमुख जनरल सुंदरराजन पद्मनाभन (83) का सोमवार को चेन्नई में निधन हो गया। जनरल पद्मनाभन ने 30 सितंबर, 2000 से 31 दिसंबर, 2002 तक थल सेनाध्यक्ष के रूप में सेवाएं दी थीं। उन्हें अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया था।

**उत्तर प्रदेश**

### जनसंख्या नियंत्रण पर ध्यान नहीं दिया : मूर्ति

**प्रयागराज @ पत्रिका.** इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति ने कहा कि भारतीयों ने आपातकाल के बाद से जनसंख्या नियंत्रण पर ध्यान नहीं दिया है। उन्होंने प्रयागराज में एक कार्यक्रम में कहा कि जनसंख्या पर नियंत्रण नहीं होने से देश में अस्थिरता पैदा हो सकती है।

**बिग बी ने लिखा ब्लॉग** | कहा, आप निष्कर्ष निकालने के लिए स्वतंत्र, मुझे काम करते रहने की आजादी

## अब भी काम क्यों? अमिताभ बोले...यह मेरे लिए अवसर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** बॉलीवुड महानायक अमिताभ बच्चन की फैन फॉलोइंग आज देश ही नहीं विदेश में भी है। 81 साल की उम्र में भी अमिताभ बच्चन इंडस्ट्री में सक्रिय हैं और फिल्मों में अपना जलवा बिखेर रहे हैं। इसके साथ ही वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं। उनके दिन की शुरुआत सोशल मीडिया से होती है।

लोग बिग बी से हमेशा सवाल पूछते हैं कि इस उम्र में भी वह काम क्यों करते हैं। हाल में कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) के सेट पर भी उनसे यही सवाल पूछा गया। इस पर खुद महानायक से अपने ब्लॉग में जवाब दिया। उन्होंने लिखा, 'वे सेट पर मुझसे पूछते रहते हैं, वे मेरे काम करने की वजह जानना चाहते हैं...लेकिन मेरे पास इसका कोई और जवाब नहीं है, सिवाय इसके कि यह मेरे लिए काम करने का एक और अवसर है, भला और क्या कारण हो सकता है।'

शेष@पेज 10

> खुद को मेरी जगह रखकर देखिए और जानिए शायद आप सही हों, या शायद नहीं



### बंद शटर और ताला लगा हुआ है

**बिग बी** ने लिखा, इस उम्र में भी उनके काम करते रहने की वजह भले ही स्पष्ट नहीं है, लेकिन लोग जानना चाहते हैं कि वह खुद को क्यों व्यस्त रखते हैं तो उन्हें स्वयं भी काम करना शुरू कर देना चाहिए। हर किसी को बात कहने का अधिकार है। आपने कहा, मैंने सुना, मैंने कारण बताया। मेरे पास जो कारण है वह मेरा है...बंद शटर और ताला लगा हुआ है।

### काम कीजिए और वजह पता लगाइए

**उन्होंने** लिखा, बात करने के लिए कोई मुद्दा न होने से आप भले ही रेत के महल बनाने और इसका आनंद लेने के लिए प्रेरित होते हों, लेकिन रेत के महल समय के साथ ढह जाते हैं। आपको इस तरह के निष्कर्ष निकालने की आदत है तो निकालते रहिए, मुझे कोई वजह नहीं गिनानी। मैं इतना कहूंगा कि मैं काम करता हूं, अगर आपको कोई समस्या है, तो काम कीजिए और वजह का पता लगाइए।'

**खोले राज :** रिटायर आइपीएस शैलेन्द्र श्रीवास्तव की पुस्तक में खुलासा

## दाउद की बेटी के निकाह में मध्यप्रदेश से गया था गाउन, दर्जी को मिले थे एक करोड़ रुपए

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** यह शायद बहुत कम लोगों को पता होगा कि भारत का मोस्ट वांटेड दाउद इब्राहिम की बेटी माहरूख के निकाह का कनेक्शन मध्यप्रदेश से है। दाउद की बेटी के निकाह का ब्राइडल गाउन मध्यप्रदेश के शिवपुरी से गया था, उसे बनाने वाला दर्जी करोड़पति हो गया। बाद में उसने इंदौर में हाइप्रोफाइल किडनैपिंग कांड किया था। मध्यप्रदेश के रिटायर आइपीएस अफसर शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने अपनी पुस्तक शैकल द स्टॉर्म में इसका खुलासा किया है। 1986 बैच के आइपीएस अफसर 34 साल की नौकरी के बाद रिटायर हुए हैं। श्रीवास्तव ने लिखा कि जुलाई 2005 में दाऊद की बेटी का निकाह मक्का में हुआ था।

शेष @पेज 10

### छोटा राजन का गुर्गा मेहरोत्रा नहीं यादव है

**श्रीवास्तव** ने खुलासा किया कि छोटा राजन का गुर्गा मेहरोत्रा का असली नाम विक्की यादव है। जब विक्की की गिरफ्तारी तक सभी उसे मेहरोत्रा ही मानते थे, लेकिन गिरफ्तारी के बाद राज खुला। उसने बताया कि शाहरूख खान की फिल्म से प्रभावित होकर उसने अपना नाम बदला था।

### इंदौर शराब कारोबारी को धमकी

**वर्ष 2004** में विक्की मल्होत्रा ने बैंकॉक से इंदौर के शराब कारोबारी को धमकी भरा फोनकर 4 करोड़ रुपए मांगे थे। कारोबारी ने इंदौर पुलिस से संपर्क किया और मोबाइल नंबर दिया। हालांकि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। उसी नंबर की मदद से विक्की मुंबई में पकड़ा गया।

50% लक्ष्य हासिल करने की तैयारी

# राजस्थान और गुजरात लिख रहे अक्षय ऊर्जा की नई इबारत...

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली/अहमदाबाद/जोधपुर.** अक्षय ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने में दुनिया के कई विकसित देश भारत से पीछे हैं। जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए ठोस नीतियां बनाने और निर्धारित पर्यावरणीय लक्ष्यों को हासिल करने में भारत की प्रतिबद्धता की दुनियाभर में सराहना होती रही है। केंद्र सरकार का देश में वर्ष 2030 तक कुल बिजली मांग में से 50% आपूर्ति नवीकरणीय ऊर्जा (रिन्युएबल एनर्जी) क्षेत्र से प्राप्त करने का लक्ष्य है। इसमें देश के कई राज्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

देश में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की 19% स्थापित क्षमता के साथ राजस्थान शीर्ष स्थान पर है। प्रदेश में अक्षय ऊर्जा का उत्पादन 10 साल में सात गुणा बढ़ा है। राजस्थान में वर्ष 2014 में नवीकरणीय ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता केवल 3685.09 मेगावाट थी, जो पिछले 10 वर्षों में 28202 मेगावाट तक पहुंच गई है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वहीं पवन ऊर्जा (विंड पावर) में गुजरात नंबर वन है। गुजरात ने रूफटॉप सोलर एनर्जी में भी शानदार काम किया है और इस मामले में भी देशभर में अव्वल है। देश की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में गुजरात की हिस्सेदारी 16% से ज्यादा है। इस मामले में राजस्थान के बाद गुजरात दूसरे स्थान पर है। गुजरात में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में विकास के कई बड़े प्रोजेक्ट चल रहे हैं।

**गैर जीवाश्म ऊर्जा क्षमता 45 फीसदी पहुंची:** देश की गैर जीवाश्म ऊर्जा (नॉन फॉसिल एनर्जी) क्षमता बढ़ रही है। यह 2014 में 81.16 गीगावाट थी, जो कुल बिजली क्षमता का करीब 33 फीसदी थी। यह 30 जून, 2024 की स्थिति में बढ़कर 209.19 गीगावाट हो गई है। यह कुल क्षमता का करीब 45.5 फीसदी पर पहुंच गई है। देश में 151.22 गीगावाट के प्रोजेक्ट तैयार हो रहे हैं। ऐसे में देश 2030 तक अपनी कुल क्षमता की बिजली नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से प्राप्त करने के लक्ष्य को हासिल करने की ओर अग्रसर है।

देश के टॉप-10

### रिन्युएबल एनर्जी क्षमता वाले राज्य

| राज्य | रिन्युएबल एनर्जी क्षमता (मेगावॉट में) |
|---|---|
| राजस्थान | 27760.530 |
| गुजरात | 26415.910 |
| तमिलनाडु | 20575.340 |
| कर्नाटक | 18477.830 |
| महाराष्ट्र | 14832.620 |
| आंध्रप्रदेश | 9457.550 |
| मध्यप्रदेश | 7179.860 |
| उत्तर प्रदेश | 5346.180 |
| तेलंगाना | 5244.350 |
| पंजाब | 2101.280 |

स्रोत: न्यू एंड रिन्युएबल एनर्जी मंत्रालय

### पीएम-सूर्य घर योजना कारगर

**पीएम-सूर्य घर** योजना भी अक्षय ऊर्जा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना में गुजरात 4027.71 मेगावाट की उच्चतम स्थापित क्षमता के साथ शीर्ष स्थान पर है। महाराष्ट्र 2379.16 मेगावाट के साथ दूसरे व राजस्थान 1258.15 मेगावाट क्षमता के साथ तीसरे स्थान पर है।

**टूट गई देवराज की सांसों की डोर:** अस्पताल के बाहर आक्रोशित लोगों को खदेड़ा

# कलाई पर राखी बांधते कहती रही बहन यह आंख क्यों नहीं खोल रहा

स्कूल के बाहर सहपाठी छात्र ने किया था **चाकू से वार**

उदयपुर के एमबी अस्पताल में चल रहा था उपचार... **परिजन को 51 लाख रुपए की आर्थिक सहायता,** संविदा पर एक जने को सरकारी नौकरी



मृतक छात्र देवराज



**उदयपुर .** अस्पताल के बाहर जमा हुजूम। जैसे ही देवराज की मौत का पता चला, लोग आक्रोशित हो गए।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली/उदयपुर .** आखिर वही हुआ, जिसका डर था। उदयपुर में सरकारी स्कूल के बाहर चाकू के वार से घायल दसवीं कक्षा के छात्र 15 वर्षीय देवराज की सोमवार को सांसें थम गईं। जयपुर, कोटा व उदयपुर के चिकित्सकों के प्रयास नाकाम रहे। करीब 77 घंटे बाद सोमवार अपराह्न 3:45 बजे जैसे ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया, हर किसी की आंखें नम हो गईं। प्रशासन ने मृतक के परिवार का 51 लाख रुपए की आर्थिक सहायता, संविदा पर एक को सरकारी नौकरी व सुरक्षा देने की घोषणा की। प्रशासन ने मंगलवार रात तक इंटरनेट पर पाबंदी लगाई है। स्कूलों में अवकाश घोषित है।

शहर में कन्हैयालाल हत्याकांड के बाद संवेदनाओं से जुड़ा यह दूसरा घटनाक्रम होने से लोगों में आक्रोश दिखा। हालांकि लोग संयम व शांति की परीक्षा में खरे उतरे। कई व्यापारियों ने स्वतः दुकानें बंद कर दीं तो कुछ को पुलिस ने समझाइश कर बंद करवा दीं। हालांकि मौत की खबर सुनकर अस्पताल के बाहर खड़े लोग आक्रोशित हो गए। पुलिस ने उन्हें लाठियां भांजकर खदेड़ा। देर शाम मृतक का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया।



अस्पताल में देवराज की मां।



परिजन के साथ देवराज की बहन।

### बहन ने अंतिम बार बांधा रक्षा सूत्र

**बड़ी** बहन सुहानी को देवराज की कलाई पर राखी बांधने के लिए आईसीयू में ले जाया गया। राखी बांधते हुए सुहानी ने देवराज की लम्बी उम्र की कामना की। लेकिन शायद ईश्वर को यह मंजूर नहीं था। उसने जैसे ही उसकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा तो एकाएक उसके हाथ भी कांप उठे और आंखों से अश्रुधारा फूट पड़ी। भाई के जीवन और मौत के संघर्ष के दौरान भी वह यही कहती रही कि यह आंख क्यों नहीं खोल रहा।

### सिर्फ खानापूर्ति...

**मामले** में स्कूल प्रशासन की लापरवाही को लेकर सवाल उठने पर शिक्षा विभाग ने जांच कमेटी गठित कर खानापूर्ति कर दी। लेकिन 4 दिन बाद भी कमेटी ने जांच शुरू नहीं की। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक लोकेश भारती ने कहा कि स्कूलों में अवकाश होने से जांच शुरू नहीं हुई। स्कूल खुलने पर कमेटी के सदस्य स्टाफ, विद्यार्थियों व अन्य लोगों से बात कर रिपोर्ट तैयार करेंगे। जो भी दोषी पाया जाएगा। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सवाल यह है...

***स्कूल में बच्चा चाकू लेकर कैसे आया,*** घटना के बाद शिक्षकों ने गंभीरता क्यों नहीं दिखाई। एम्बुलेंस क्यों नहीं बुलाई गई। बताया जा रहा है कि घायल बालक को अस्पताल भी उसके दोस्तों ने ही पहुंचाया। तब तक देर होने से उसका काफी रक्त बह चुका था।

### सुनवाई आज...

**उधर,** हमला करने वाले छात्र को पुलिस ने पूछताछ के बाद बाल सुधार गृह भिजवा दिया था। जहां मंगलवार को मामले की अग्रिम सुनवाई में बदली हुई परिस्थितियों को भी जोड़ा जाएगा।

## यूनिसेफ ने सराहा मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल को

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मध्यप्रदेश में किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिये किये जा रहे प्रयासों को यूनिसेफ ने सराहा है। यूनिसेफ ने अपने एक्स पर किए गए पोस्ट में मुख्यमंत्री द्वारा किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सेनिटेशन एवं हाईजीन योजना को अनूठी पहल बताकर प्रशंसा की है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 11 अगस्त को भोपाल में आयोजित छात्राओं के संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम में समग्र शिक्षा के अंतर्गत सेनिटेशन एवं हाईजीन योजना में 19 लाख छात्राओं के खाते में 57 करोड़ 18 लाख रुपये की राशि अंतरित की थी। सेनिटेशन एवं हाईजीन योजना में कक्षा 7 से 12 तक की छात्राओं को सेनेटरी नेपकिन के लिए राशि अंतरित की गई है।

योजना में विद्यालयों और महाविद्यालय की छात्राओं को स्वच्छता के महत्व और उनके उपायों के बारे में जानकारी दी जाती है। यह योजना स्कूल शिक्षा विभाग के समग्र शिक्षा अभियान के तहत संचालित हो रही है।

## मंकीपॉक्स से बचाव के लिए हवाई अड्डों और सीमाओं पर अलर्ट जारी

**नई दिल्ली.** दुनिया में मंकीपॉक्स (एमपॉक्स) के मामले बढ़ने के कारण केंद्र सरकार ने देश के हवाई अड्डों, बंदरगाहों, बांग्लादेश तथा पाकिस्तान की सीमाओं पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं। केंद्र ने सभी राज्यों से एमपॉक्स के मामलों से निपटने के लिए अस्पतालों में तैयारी रखने को कहा है। इसी सिलसिले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव पी.के. मिश्रा ने रविवार को एक बैठक की अध्यक्षता की।

कैब चालक और डिलेवरी एजेंट जैसे अस्थायी श्रमिकों के लिए ठोस नीतियों की बताई जरूरत

# राहुल गांधी ने कैब में सवारी की और बोले... आमदनी कम और महंगाई से निकलता दम

**नई दिल्ली @पत्रिका ब्यूरो.** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक कैब की सवारी करने के दौरान ड्राइवर से बातचीत कर उसकी समस्याओं को जाना। इसके बाद उन्होंने कैब चालक और डिलेवरी एजेंट जैसे अस्थायी श्रमिकों की परेशानियों का जिक्र करते हुए कहा कि इन जैसे लोगों की आमदनी कम और महंगाई से निकलता दम है।



दरअसल, राहुल गांधी इन दिनों आम लोगों के बीच जाकर उनकी परेशानी जान रहे हैं। इस बार उन्होंने कैब की सवारी की, जिसके चालक सुनील उपाध्याय थे। राहुल ने उपाध्याय से उनके अनुभव और परेशानियों के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उपाध्याय के परिवार से मिल कर देश के कैब ड्राइवर और डिलेवरी एजेंट जैसे गिग वर्कर्स की समस्याओं को जाना। राहुल गांधी ने कहा कि हैंड टू माउथ इनकम में इनका गुजारा तंगी से चल रहा है। न कोई बचत होती है और न ही परिवार के भविष्य का कोई आधार है। इनकी समस्या के समाधान के लिए कांग्रेस की राज्य सरकारें ठोस नीतियां बना कर न्याय करेंगी और 'इंडिया' गठबंधन पूरे संघर्ष के साथ इन नीतियों का देशव्यापी विस्तार सुनिश्चित करेगा।

गौरतलब है कि इससे पहले राहुल गांधी रेलवे को लोको पायलट और कुलियों से मिले थे।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ पूर्व आइएएस रामेश्वर सिंह से मिले



### सिंह की जीवनी पर पुस्तक 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के प्रकाशन पर दी बधाई

**नई दिल्ली/जयपुर@पत्रिका.** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जयपुर के दो दिवसीय दौरे के दौरान पूर्व आईएएस अधिकारी रामेश्वर सिंह से मुलाकात की और उनकी आत्मकथा 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के प्रकाशन पर बधाई दी। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने रामेश्वर सिंह के लिए अपने संदेश में उनके प्रशासनिक जीवन को कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक बताया है।

उपराष्ट्रपति ने उनके सात दशकों से अधिक के अनुभव को अनुकरणीय बताया और कहा कि उनका पूरा जीवन जन कल्याण को समर्पित है। उन्होंने पुस्तक के संदर्भ में रामेश्वर सिंह के जीवन के विभिन्न पहलुओं को चिन्हित किया है, और उनके राजस्थान के एक किसान परिवार से निकलकर प्रशासनिक सेवा में दिए योगदान को उल्लेखनीय बताया।

धनखड़ ने 95 वर्षीय सिंह की जीवन यात्रा को सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया है, जो एक ग्रामीण पृष्ठभूमि से शुरू होकर समाज और जनकल्याण के लिए समर्पित रही है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ स्वयं एक किसान परिवार से आते हैं और प्रधानमंत्री ने भी उनका परिचय एक किसान पुत्र के रूप में कराया था। इस दौरान उपराष्ट्रपति ने नई संसद के उद्घाटन के उपलक्ष्य में जारी किया गया 75 का विशेष सिक्का भी उन्हें भेंट किया।

## उद्धव ने सीएम चेहरा तय करने की मांग उठाकर बढ़ाई टेंशन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने महाविकास अघाड़ी को टेंशन दे दी है। उन्होंने सीधे तौर पर चुनाव से पहले सीएम का चेहरा घोषित होने की बात कहकर खुद की महत्वाकांक्षा की ओर इशारा कर दिया है।

दरअसल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद पर उद्धव ठाकरे की निगाह जमी हुई है। पिछले दिनों हुई बैठक में उन्होंने साफ कर दिया कि जिसके ज्यादा विधायक, उसका मुख्यमंत्री की नीति नहीं चलेगी। उन्होंने 2019 में भाजपा से गठबंधन में अपने खराब अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि चुनाव में जाने से पहले मुख्यमंत्री पद के लिए चेहरा घोषित करना जरूरी है। उद्धव के इस बयान के बाद गठबंधन में उथल-पुथल मची हुई है। हालांकि शरद पवार व कांग्रेस इस पर सहमत नहीं हैं। इस पर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व से बातचीत के बाद फैसला लिया जाएगा।

### कांग्रेस चाहती है ज्यादा विधायक वाले दल का बने सीएम

कांग्रेस नेता खुले तौर पर कह रहे हैं कि जिस दल के ज्यादा विधायक चुनकर आए, सीएम भी उसी दल का होना चाहिए।

### उद्धव का भाजपा से गठबंधन सीएम को लेकर टूटा था

महाराष्ट्र में 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद सीएम पद को लेकर खींचतान हुई थी। इसके कारण भाजपा और शिवसेना के बीच गठबंधन टूटा था। एक ओर भाजपा सबसे बड़े पार्टी होने के आधार पर अपना मुख्यमंत्री चाहती थी तो उद्धव ठाकरे ने अपना दावा ठोक दिया था।

प्रदेश कोटे से पांच को एआईसीसी में मिल सकता मौका, राहुल से हो चुकी मुलाकात

## एआईसीसी के बाद प्रदेश संगठन में होगा बदलाव

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** कांग्रेस संगठन में निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर नए चेहरों को मौका देने को लेकर कवायद शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि एआईसीसी के बाद प्रदेश कांग्रेस संगठन में संभवतः बदलाव होगा। एआईसीसी में नए युवा चेहरों को सचिव पद पर मौका दिया जाएगा।



प्रदेश कोटे से एआईसीसी में युवा को मौका देने को लेकर काफी दिनों से मशक्कत चल रही है। बताया जा रहा है कि कुछ नामों को लेकर एआईसीसी के स्तर पर छंटनी भी की गई है। करीब पांच युवा नेताओं को दिल्ली बुलाया जा चुका है। इनकी मुलाकात राहुल गांधी से हो चुकी है। इस मुलाकात में संगठन में कामकाज करने के अनुभव को लेकर चर्चा होना बताया जा रहा है। राहुल गांधी से मिलने वालों में एक पूर्व विधायक के अलावा प्रदेश पदाधिकारियों के नाम बताए जा रहे हैं। एआईसीसी में नए चेहरों को मौका देने पर पहले से सचिव पद पर काम कर रहे नेताओं की छुट्टी भी संभव है।

### महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बदलने की चर्चा

उधर, एआईसीसी में बदलाव के साथ ही प्रदेश कांग्रेस के अग्रिम संगठन महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बदलाव को लेकर भी चर्चा तेज है। बताया जा रहा है कि इस दौड़ में एक विधायक के अलावा विधायक का चुनाव लड़ चुकीं महिलाओं के अलावा अन्य कुछ नाम चर्चा में हैं। फिलहाल युवा कांग्रेस और एनएसयूआई में बदलाव नहीं होगा, लेकिन सेवादल प्रदेशाध्यक्ष पद पर भी नए चेहरे को मौका देने की तैयारी है।

## 'मोदी के आगमन को लेकर उत्साहित'

**नई दिल्ली/जोधपुर.** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 अगस्त को जोधपुर आगमन को लेकर मारवाड़ के लोग उत्साहित हैं। सोमवार को सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में शेखावत ने कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे हुए हैं। अमृतकाल की इस बेला पर प्रधानमंत्री के सानिध्य में पिछले वर्ष शुरू हुए कार्यक्रमों का समापन होगा। शेखावत ने उदयपुर की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सभी लोगों से शांति और व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो।

## भाजपा सदस्यता अभियान कार्यशाला आज

**नई दिल्ली/जयपुर @ पत्रिका.** भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर मंगलवार को प्रदेश स्तरीय कार्यशाला होगी। इसमें हिस्सा लेने के लिए नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी राधा मोहनदास अग्रवाल भी आएंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित करीब एक हजार नेता-कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। कार्यशाला वैशाली नगर स्थित खण्डेलवाल गर्ल्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी संस्थान के सभागार में होगी।

बोले, बहनों के हर सुख-दुख में रहूंगा भागीदार

## बिरला ने कोरोना पीड़ित परिवार की बहनों संग मनाया रक्षा बंधन



**नई दिल्ली/कोटा @ पत्रिका.** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कोरोना का दंश झेल रहे परिवारों के साथ रक्षा बंधन का पर्व मनाया।

यह लगातार चौथा वर्ष था, जब बिरला ने भाई और पिता को खो चुकीं इन बहन और बेटियों से राखी बंधवाई। स्पीकर बिरला ने कहा कि हमने कोरोना की त्रासदी को करीब से देखा है, इसे भुलाया नहीं जा सकता। रक्षा बंधन के पर्व पर उन्हें परिवार की कमी महसूस न हो, इसलिए मेरा दायित्व है कि हमेशा बहनों के सुख-दुख में भागीदार बन सकूं।

विधानसभा में यूडीएच मंत्री खर्रा ने की थी एसओजी से जांच कराने की घोषणा, सदन में ही गूंजे अन्य कई मामले बढ़े आगे

# पोलो-गोल्फ में गड़बड़ी की जांच कराने की घोषणा नहीं बढ़ी आगे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली/जयपुर.** गोल्फ और पोलो क्लब में कथित गड़बड़ी और अनियमितताओं की जांच एसओजी से कराने की नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा की घोषणा आगे नहीं बढ़ पाई है। विधानसभा में 36 दिन में पहले उठे मामले में अब तक नगरीय विकास विभाग के पास जांच के लिए न तो कोई फाइल आई और न ही अधिकारिक आदेश।

विभाग के अधिकारियों ने भी ऐसे किसी आदेश मिलने से इनकार किया है। इससे पूर्व नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल के उस दावे को बल जरूर मिल गया, जिसमें उन्होंने विधानसभा में मंत्री खर्रा की तरफ इशारा करते हुए कहा था कि 'आप कितनी ही जांच करवा लो, लेकिन इन दोनों (गोल्फ व पोलो क्लब) का कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे।' हालांकि, इस पर मंत्री खर्रा ने कहा था 'ना काहू से दोस्ती ना काहू से बैर'। सूत्रों के मुताबिक एसओजी से जांच की अनुमति के लिए मामला विधि विभाग से लेकर मुख्यमंत्री तक जाता है। इस प्रक्रिया में नगरीय विकास विभाग और जेडीए की भूमिका मुख्य होगी।

**मंत्री** शांति धारीवाल के दावे को मिला बल 'आप इनका कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे'



### इन मामलों में जांच शुरू, अफसर सक्रिय

- **बजट** सत्र के दौरान ही नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के कई मामले आगे बढ़ गए। इनमें वे मामले भी हैं, जिसमें मंत्री ने उचित एक्शन लेने का सदन को आश्वस्त किया था।
- **उदयपुर** में एक अस्पताल में अवैध निर्माण का मामला सदन में उठा। इस पर मंत्री ने नोटिस देने से लेकर उचित कार्रवाई के लिए कहा। इसके बाद तत्काल स्थानीय नगरीय निकाय के अधिकारी सक्रिय हुए।
- **बाड़मेर** की एक नगर पालिका-परिषद में जमीन से जुड़े मामले में मंत्री ने सदन में जो जवाब दिया, उस पर एक विधायक ने अधिकारियों द्वारा गुमराह करने का आरोप लगाया। मंत्री ने अधिकारियों से दोबारा जानकारी मांगी, जिस पर जोधपुर से एक टीम मौके पर पहुंची। जवाब के अनुसार ही मामला मिला।

### सदन में एक विधायक ने ये तक कहा था

- **गोल्फ** क्लब में जमकर वित्तीय गड़बड़ियां हो रही हैं। जेडीए की अनुमति के बिना यहां पर निर्माण किया जा रहा है।
- **रोक** के बावजूद लाखों रुपए लेकर सदस्य बनाए जा रहे हैं।
- **क्लब** की गड़बड़ियों पर जिस विधायक ने आवाज उठाई, उसे इसका सदस्य बना दिया गया। कई विधायकों के बेटे तक सदस्य बन गए।
- **पूर्ववर्ती** सरकार में जो भी यूडीएच सचिव और जेडीसी रहे हैं, उन्हें क्लब का सदस्य बना दिया गया।

पोलमपोल भायो

पोथ्या छूटी हाथ में, मोबाइल-हथियार।
इस्कूलाँ की नब्ज भी, करो चैक सरकार!!

**राज्य में लगातार घट रहा सार्वजनिक परिवहन, ग्रामीण क्षेत्रों में खस्ताहाल व्यवस्था: यूआइटी, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम नेशनल हाईवे को चौड़ा करने में कर रहे करोड़ों खर्च**

# अमरीका सड़कें चौड़ी करने के बजाय पब्लिक ट्रांसपोर्ट बढ़ा रहा...हम पिछड़ रहे

पत्रिका अलर्ट

सुशील कुमार
patrika.com



**भवानी** तोप से रेलवे स्टेशन का यह मार्ग चौड़ीकरण के लिए मंजूर हुआ है, लेकिन इस मार्ग पर वाहनों का भार नहीं है।

**अलवर.** ट्रैफिक का दबाव बढ़ते ही देश में सड़कों को चौड़ा करने का काम शुरू हो जाता है। राज्य की सड़क हों या फिर नेशनल हाईवे, सड़क चौड़ीकरण के नाम पर हर साल करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाया जाता है। पहले जमीनें अवाप्त होती हैं और फिर मोटी रकम किसानों को दी जाती है। कई बार कानूनी पेंच फंस जाता है और इंतजार लंबा हो जाता है। मगर अमरीकी सरकार ने कुछ समय पहले सुझाव दिया था कि राज्यों को सड़कें चौड़ी करने से हटकर भी काम करना चाहिए। इसके बाद वहां सड़कों को चौड़ा करने के बजाय पब्लिक ट्रांसपोर्टेशन को बढ़ाया जा रहा है। यदि हमारे शहर भी इस दिशा में ध्यान दें तो बात बन सकती है। इससे करोड़ों रुपए बचाए जा सकते हैं और वीआइपी से रियायती व्यक्ति तक सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल कर सकता है। इससे प्रदूषण भी कम होगा, हादसे भी कम होंगे और लोगों के पैसे भी बचेंगे। राज्य सरकार को इस मामले में विचार करना चाहिए।

## सार्वजनिक परिवहन का गिरता ग्राफ

| | |
|---|---|
| वर्ष 1982 | 26% |
| वर्ष 1996 | 24% |
| वर्ष 2002 | 20% |
| वर्ष 2009 | 19% |
| वर्ष 2010 | 22% |
| वर्ष 2014 | 18% |
| वर्ष 2018 | 16% |
| वर्ष 2022 | 14% |

## 50% हो सार्वजनिक परिवहन का हिस्सा

अरबन एंड रीजनल डवलपमेंट प्लांस फॉर्मूलेशन एंड इम्प्लीमेंटेशन (यूआरडीपीएफ) की गाइडलाइन के अनुसार परिवहन सेवा में 50% से ज्यादा हिस्सा सार्वजनिक परिवहन का होना चाहिए। इसे पूरा करने के लिए सरकारों को सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

## 14% के आस-पास सार्वजनिक परिवहन

राजस्थान में अभी सार्वजनिक परिवहन का उपयोग 14% लोग ही कर रहे हैं। यह लगातार घट रहा है। जब सड़कों पर निजी वाहन कम थे, तब सार्वजनिक परिवहन का उपयोग 26 प्रतिशत लोग करते थे। यदि इसे बढ़ाया जाए तो न केवल प्रदूषण कम होगा, बल्कि सड़कों पर दबाव भी कम हो जाएगा।

## दिखावा बढ़ रहा...यह गलत संकेत

मनोविज्ञानी विवेक सैनी का कहना है कि आज गाड़ी स्टेट्स सिंबल बन गया है। सार्वजनिक परिवहन में सफर करने से लोग अपने को छोटा महसूस करते हैं। वहीं, लोगों को आशंका रहती है कि वे सार्वजनिक परिवहन से गंतव्य तक पहुंचेंगे भी या नहीं। अमरीका में मंत्री से लेकर आम आदमी तक सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करता है तो फिर भारत में ऐसी व्यवस्था क्यों नहीं हो सकती।

## सड़क चौड़ी होते ही बढ़ता है ट्रैफिक

**सेवानिवृत्त** अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र शर्मा का कहना है कि अमरीका में इंटरस्टेट 405 को चौड़ा किया गया। जैसे ही लोगों को पता चला कि इस सड़क पर ट्रैफिक कम है और समय बच सकता है, कुछ ही दिनों में सड़क पर 10 गुना ट्रैफिक बढ़ गया। ऐसे में सड़क चौड़ीकरण से जाम की समस्या का समाधान नहीं हो पाया। इसके लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर जोर दिया गया।

## काम शुरू हो चुका, मगर रफ्तार धीमी

लोगों को सार्वजनिक परिवहन से जोड़ने के लिए 'मॉडिफाइड' स्ट्रक्चर पर मंथन शुरू हो गया है। यूआरडीपीएफ इस पर काम कर रही है। इसमें मेट्रो के बजाय एलिवेटेड रोड को लेकर मंथन चल रहा है। नगर नियोजन विभाग भी इस पर काम कर रहा है।

सड़कों पर गाड़ियों का भार बढ़ रहा है। सार्वजनिक परिवहन की आवश्यकता है। योजनाएं बनाई जानी चाहिए ताकि रोड चौड़ीकरण पर जोर कम देना पड़े। - **प्रमोद शर्मा,** सेवानिवृत्त एक्सईएन, यूआइटी

---

ट्रेंडिंग वीडियो पत्रिका TV

1. 


योगी ने बोला हमला, जल्लादों का समर्थन कर रहे

2. 


भारत-पाक सीमा पर मनाया रक्षाबंधन, जवानों को बांधे रक्षा सूत्र

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV

राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

न्यूज शॉर्ट्स

### राखी बांधने आ रहे पिता-पुत्री की ट्रोला की टक्कर से मौत

**तिजारा @ पत्रिका.** गांव भिण्डुसी मेगा हाईवे पर सोमवार को नौरंगाबाद गांव में साडू के यहां पिता अपनी बेटी के साथ बाइक पर राखी बांधने आ रहा था। पीछे से ट्रोला की टक्कर से दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि कूड़ी की ढाणी पाटन नीमकाथाना निवासी रोहताश(31) अपनी बेटी सिवानी (12) के साथ बाइक पर नोरंगाबाद निवासी साडू ओम प्रकाश के यहां रक्षाबंधन पर आ रहा था। भिंडुसी स्टैंड पर किशनगढबास की तरफ से आ रहे ट्रोले ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को तिजारा अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजन को सूचना दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौप दिया।

### अंग्रेजी की प्रतीक्षा सूची में चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 23 को

**बीकानेर @ पत्रिका.** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से अंग्रेजी विषय की वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा की प्रतीक्षा सूची में चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 23 अगस्त को होगी। इस परीक्षा की मूल सूची में शामिल अभ्यर्थियों के निर्धारित तिथि तक कार्यग्रहण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों के विरुद्ध प्रतीक्षा सूची में 12 चयनित एवं अभिस्तावित अभ्यर्थी को संभाग आवंटन एवं नियुक्ति के लिए यह काउंसलिंग होगी। काउंसलिंग के उपरान्त उसी दिन नियुक्ति आदेश जारी किए जाएंगे। कार्यग्रहण की अन्तिम तिथि नियुक्ति आदेश जारी होने के तीन सप्ताह पश्चात की रखी जाएगी।

---

**बार-बार आदेशों के बदलने से शिक्षकों के साथ विभाग की बढ़ रही चुनौती**

# शिक्षा विभाग आदेशों के यू-टर्न में आगे, शिक्षकों में उलझन, बे-पटरी हो रही पढ़ाई

### नए शिक्षा सत्र में अब तक तीन मामलों में बदले आदेश

पत्रिका
अजय शर्मा
patrika.com




**सीकर.** प्रदेश के सबसे बड़े शिक्षा विभाग में लगातार आदेशों के यू-टर्न से व्यवस्था बे-पटरी हो रही है। नए शिक्षा सत्र में तीन बड़े आदेशों को लेकर शिक्षा विभाग को संशोधन जारी करने पड़े। इससे शिक्षकों में भी भ्रम की स्थिति बनी रही। खुद शिक्षा मंत्री की ओर से पहले अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की समीक्षा करने का ऐलान किया। सरकार की ओर से दावा किया गया था विद्यालय विकास समितियों की चर्चा के बाद ही अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के संचालन को आगे बढ़ाया जाएगा। इसके बाद भी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में हिन्दी माध्यम के शिक्षकों से आवेदन लिए गए। वहीं विद्यालय में मोबाइल पर पाबंदी के रोक को लेकर भी शिक्षा विभाग को संशोधन जारी करना पड़ा। इसके बाद 37 हजार से अधिशेष शिक्षकों के समायोजन के फरमान जारी हुए, लेकिन जब शिक्षक सगठनों ने विरोध जताया तो इस आदेश को भी शिक्षा विभाग को भी वापस लेना पड़े।

शिक्षा विभाग ने पहले आनन-फानन में आदेश जारी करने और फिर वापस लेने से विभाग का कामकाज प्रभावित होने के साथ साख खराब होती है। अधिशेष शिक्षकों के समायोजन के लिए विभाग को जिला शिक्षा अधिकारियों को अधिकार देने चाहिए, जिससे वह नामांकन के आधार पर शिक्षकों का पदस्थापन कर सके।

**राजेश शर्मा,** प्रदेश महामंत्री, राजस्थान पंचायतीराज शिक्षक संघ

### ऐसे समझें आदेशों की गफलत को

**1 अंग्रेजी माध्यम स्कूल:** सरकार की ओर से सत्ता में आते ही अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की समीक्षा कराने का ऐलान किया गया। इसके बाद भी सरकारी स्कूलों में औसत से अधिक नामांकन हुआ। एक्सपर्ट का कहना है कि यदि दाखिले के समय सरकार की ओर से स्पष्ट नीति अपनाई जाती तो अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में और नामांकन बढ़ सकता था। अंग्रेजी माध्यम के रिक्त पदों को भरने के लिए अब हिन्दी माध्यम के 18 हजार शिक्षकों को भेजने की तैयारी कर ली है।

**2 मोबाइल पर प्रतिबंध:** शिक्षा विभाग की ओर से पहले स्कूलों में मोबाइल पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए गए। शिक्षक संगठनों ने मोबाइल का बहिष्कार शुरू किया तो विभाग के कई ऑनलाइन काम प्रभावित होने लगे। वहीं कई अधिकारियों की ओर से मोबाइल पर प्रतिबंध के नाम पर शिक्षकों को नोटिस थमाने की कार्रवाई शुरू कर दी। शिक्षक संगठनों के विरोध के बाद शिक्षा विभाग को मोबाइल के आदेश को लेकर यू-टर्न लेना पड़ा।

**3 अधिशेष कर्मचारियों का समायोजन:** प्रदेश के स्कूलों में 37 हजार शिक्षक एक-दो साल से अधिशेष होने से ऐसे स्कूलों में कार्य कर रहे हैं जहां उनकी जरूरत नहीं है। जबकि बड़ी संख्या में स्कूलों में नामांकन के अनुसार शिक्षक ही नहीं है। इनमे पिछले दो साल में मिडिल से क्रमोन्नत किए गए उच्च माध्यमिक विद्यालयों के तथा महात्मा गांधी रूपांतरित विद्यालयों के शिक्षक कर्मचारी शामिल हैं। इन शिक्षकों को उच्च माध्यमिक स्कूलों के साथ अधिकतर ऐसे हैं प्रारंभिक शिक्षा के प्राइमरी व मिडिल स्कूलों में लगाया जाना है।

---

**पुलिस के साथ आरोपी मोहल्ले में पहुंचा तो पड़ोसियों ने लताड़ा...बेशर्मी से आरोपी बोला...**


## 'फांसी पर लटकाओ, गोली मार दो, मुझे कोई अफसोस नहीं'



मौका मुआयना करने के लिए आरोपी को लेकर घर पहुंची पुलिस।

**जोधपुर @ पत्रिका.** चौपासनी हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में शनिवार रात को ढाई साल की बच्ची से दरिंदगी के मामले में नया खुलासा हुआ है। आरोपी हरीशदास ने बच्ची से दो बार बलात्कार किया था। सबसे पहले नाले के पास ले जाकर दरिंदगी की। बच्ची चिल्लाई तो उसका मुंह व गला दबाया। इससे वह बेहोश हो गई। उसके बाद बच्ची को लेकर अपने घर पहुंचा, लेकिन घर पर ताला लगा था। हरीश दीवार फांदकर घर में गया और खुले बरामदे में बेहोशी की हालत में ही बच्ची के साथ दोबारा बलात्कार किया। बाद में वह बच्ची को मंदिर के पास पटककर भाग गया, जहां रिजका बेचने वाली महिला ने बच्ची को पहचानकर पुलिस को सूचना दी थी। सोमवार को पुलिस ने पूरे घटनाक्रम का हरीश के साथ मौका मुआयना किया। इस दौरान जब वह अपने घर पहुंचा तो पड़ोसियों ने भी उसे लताड़ा और उलाहने दिए। हरीश ने पलटकर कहा कि उसे फांसी पर लटका दो, गोली मार दो, उसे कोई अफसोस नहीं है।

**कोर्ट ने आरोपी को जेल भेजा:** पुलिस ने हरीश को न्यायाधीश के समक्ष पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। रिजका बेचने वाली महिला के मंगलवार को कोर्ट में बयान होंगे।



आरोपी हरीशदास

### ढाई घंटे चली सर्जरी

ढाई साल की बच्ची बलात्कार के बाद लहुलुहान हो गई थी। बच्ची की हालत इतनी गंभीर थी कि डॉक्टरों को सर्जरी में ढाई घंटे लग गए। उसका इलाज करते समय डॉक्टरों का भी दिल पसीज गया।

मामले की इस सप्ताह ही पूरी जांच कर ली जाएगी। अगले सप्ताह कोर्ट में चालान पेश करने का प्रयास करेंगे।

- **लाबूराम,** जांच अधिकारी व अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त

---

## हिंगलाज मंदिर का रास्ता जलमग्न, नाव से जाते हैं पुजारी



**जैसलमेर.** पिछले दिनों बारिश के चलते गड़ीसर सरोवर लबालब भर गया है। सरोवर के एक छोर पर स्थित प्राचीन हिंगलाज देवी के मंदिर तक जाने का मार्ग जलमग्न हो चुका है। ऐसे में मंदिर के पुजारी वहां पूजा-अर्चना करने के लिए नाव से सुबह 6 बजे मंदिर जाते हैं और 11 बजे नाव से ही लौटते हैं। वर्तमान में हिंगलाज मंदिर गड़ीसर के बीचों-बीच किसी टापू की तरह नजर आता है। (इनसेट में नाव में बैठकर मंदिर जाते पुजारी)

## प्री-डीएलएड परीक्षा 2024: अपवर्ड मूवमेंट का परिणाम जारी

**कोटा @ पत्रिका.** वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित प्री-डीएलएड परीक्षा के प्रथम आवंटन के बाद अपवर्ड मूवमेंट का परिणाम जारी कर दिया गया है। समन्वयक डॉ. रवि गुप्ता ने बताया कि प्रथम आवंटन में 24,117 अभ्यर्थियों को सीट आवंटित की गई थी। इसमें से 22,468 अभ्यर्थियों ने आवंटित शिक्षा संस्थान में रिपोर्टिंग की। डीएलएड सामान्य पाठ्यक्रम में 8438 अभ्यर्थियों ने अपवर्ड मूवमेंट के लिए आवेदन किया। इसमें से 3870 अभ्यर्थियों की सीट अपग्रेड हुई है। डीएलएड संस्कृत पाठ्यक्रम में 221 अभ्यर्थियों ने अपवर्ड मूवमेंट के लिए आवेदन किया। उनमें से 95 अभ्यर्थियों की सीट अपग्रेड हुई।

सह समन्वयक संदीप हुड्डा ने बताया कि अभ्यर्थियों को 20 से 22 अगस्त के मध्य आवंटित नवीन अध्यापक शिक्षा संस्थान में रिपोर्ट करना है व दस्तावेज को सत्यापित करवाना है। सत्यापन के अभाव में अभ्यर्थी को आवंटित सीट निरस्त कर दी जाएगी।

## प्रशिक्षु नर्स से बदसलूकी का मामला: नर्सिंग ऑफिसर को किया निलंबित

**जयपुर/चूरू @ पत्रिका.** चूरू के राजकीय डीबी अस्पताल में प्रशिक्षु नर्स के साथ बदसलूकी के मामले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने नर्सिंग अधिकारी सुभाष चंद्र सिहाग को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। चिकित्सा मंत्री ने राजस्थान पत्रिका में 'डीबी अस्पताल में ट्रेनी नर्स के साथ बदसलूकी फिर धमकी' शीर्षक से छपी खबर का संज्ञान लेते हुए सिहाग को निलंबित करने के आदेश दिए। स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि चिकित्सा मंत्री के निर्देश पर विभाग ने तुरंत प्रभाव से नर्सिंग अधिकारी को निलंबित कर दिया है। निलंबन काल के दौरान उनका मुख्यालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं निदेशालय, जयपुर रहेगा।

---

**शारीरिक शिक्षक भर्ती परीक्षा का मामला**

## आवेदन में 65 प्रतिशत नंबर आना बताया...दस्तावेज लगाए तो 62% हो गए, पकड़ा गया

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** प्रतियोगी परीक्षाओं में फर्जीवाड़ा करने वालों ने मोटी रकम लेकर फर्जी डिग्री लेने वालों को भी ठग लिया। ऐसा ही एक मामला एसओजी में दर्ज करवाया गया है। एक परीक्षार्थी ने शारीरिक शिक्षक भर्ती परीक्षा में आवेदन में डीपीएड कोर्स ओपीजेएस यूनिवर्सिटी से वर्ष 2018 में 65 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण करना अंकित किया था। आवेदन में रोल नंबर भी नहीं भरे थे। परीक्षा में चयन होने के बाद कर्मचारी चयन बोर्ड में प्रस्तुत अंकतालिका में परीक्षार्थी के 65 प्रतिशत की बजाय 62.19 प्रतिशत अंक मिलने की डिग्री लगाई थी। जांच में सामने आया कि आरोपी परीक्षार्थी ने ओपीजेएस यूनिवर्सिटी से बैक डेट में अंक तालिका प्राप्त की थी। खुद की जगह डमी अभ्यर्थी बैठाकर आरोपी पीटीआइ भी बन गया था।

अब एसओजी ने पीटीआइ भर्ती-2022 में डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा दिलवाकर नौकरी पाने वाले पीटीआइ रमेश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

एसओजी सूत्रों के मुताबिक सांचौर के चितलवाना निवासी रमेश ने स्वयं परीक्षा नहीं देकर डमी कैंडिडेट के द्वारा परीक्षा दिलवाई थी। इस संबंध में शिकायत मिलने के बाद आरोपी के परीक्षा के समय आवेदन के दस्तावेज व परीक्षा के समय उपस्थिति पत्रक पर लगी फोटो के अलावा चयन के बाद भरे गए दस्तावेज का मिलान किया। जांच में आवेदन पत्र पर लगी फोटो, हस्ताक्षर भिन्न-भिन्न व्यक्तियों के होना पाए गए। अभ्यर्थी रमेश कुमार का 25 सितंबर 2023 को बैनाड रोड दादी का फाटक स्थित टेलेंट पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल में सेंटर आया था। आरोपी रमेश ने आवेदन में डिग्री में 65 प्रतिशत अंक आना बताया, जबकि दस्तावेज में 62.19 प्रतिशत अंक वाली डिग्री लगा रखी थी।

## ट्रक को ओवरटेक के चक्कर में 2 बाइक की टक्कर, 3 की मौत

**बांसवाड़ा. सज्जनगढ़ @ पत्रिका.** महुड़िया बजा मोड़ पर ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में 2 बाइक टकरा गई। दुर्घटना में 3 जनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। सज्जनगढ़ थाना अधिकारी नागेंद्र सिंह ने बताया कि महुड़िया बजा के पास से तेजी से एक बाइक आ रही थी। बाइक के आगे एक ट्रक चल रहा था। बाइक सवार ने ट्रक को ओवरटेक किया और सामने से आ रही दूसरी बाइक से जा टकराया। हादसे में 3 युवकों की मौत हो गई।

---

**योजना** | **उदयपुर, बांसवाड़ा, बारां, भीलवाड़ा व डूंगरपुर जिले में महिलाओं को मिलेगा सबसे ज्यादा मौका**

# लखपति दीदी: आत्मनिर्भर बनने के लिए आधी आबादी में जोश

पत्रिका
पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



राजीविका के जरिए प्रशिक्षण लेती महिलाएं।

**सीकर.** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू हुई लखपति दीदी योजना के चयन को लेकर प्रदेश की महिलाओं में उत्साह है। बांसवाड़ा, बारां, भीलवाड़ा, डूंगरपुर व उदयपुर की महिलाओं का चयन अधिक होने की संभावना है। योजना में सबसे ज्यादा उदयपुर की लगभग 1.34 लाख महिलाओं को प्रशिक्षण मिलेगा। सबसे कम जैसलमेर में 3571 महिलाओं को प्रशिक्षण मिलना है। केंद्र सरकार ने आगामी तीन साल में राजस्थान की 11.27 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का ऐलान किया है। अब तक 14 लाख महिलाओं का चयन हो चुका है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल इस साल इस योजना की शुरुआत की थी।

**हुनर के दम पर ऐसे बनेगी लखपति:** महिलाओं को सरकार की ओर से लगभग 50 तरह की ट्रेड का हुनर सिखाया जाएगा। महिलाओं को प्रशिक्षण देने के लिए 405 ट्रेनर तैयार किए हैं। महिलाओं को प्लंबिंग, ड्रोन संचालन, निजी क्षेत्र बैंकिंग, अगरबत्ती बनाने से लेकर राखी मैंकिंग सहित अन्य तरीके का हुनर सिखाया जाएगा। इन महिलाओं को स्वयं का कारोबार शुरू करने के लिए लोन भी मुहैया कराया जाएगा।

### किस जिले से कितनी बनेंगी लखपति दीदी

| जिला | संख्या | जिला | संख्या | जिला | संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| अजमेर | 40200 | दौसा | 30399 | कोटा | 43117 |
| अलवर | 35975 | धौलपुर | 22196 | नागौर | 28616 |
| बांसवाड़ा | 110075 | डूंगरपुर | 91432 | पाली | 32948 |
| बारां | 56788 | हनुमानगढ़ | 19987 | प्रतापगढ़ | 44312 |
| बाड़मेर | 39294 | जयपुर | 35928 | राजसमंद | 56729 |
| भरतपुर | 31708 | जालोर | 21858 | स. माधोपुर | 23858 |
| भीलवाड़ा | 50726 | जैसलमेर | 3571 | सीकर | 22736 |
| बीकानेर | 24932 | झालावाड़ | 056 | सिरोही | 29795 |
| बूंदी | 36645 | झुंझुनूं | 23027 | श्रीगंगानगर | 32125 |
| चित्तौड़गढ़ | 40675 | जोधपुर | 48476 | टोंक | 42945 |
| चूरू | 38924 | करौली | 32948 | उदयपुर | 134837 |

### महिलाएं मर्जी से चुन रही पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण निशुल्क

महिलाएं अपनी पसंद से प्रशिक्षण के लिए पाठ्यक्रम का चयन कर सकती है। महिलाओं को प्रशिक्षण निशुल्क दिया जाएगा। -**अर्चना मौर्य,** जिला प्रबंधक, राजीविका मिशन, सीकर

'रस ही अन्न का सार' पर प्रतिक्रियाएं

# पटरी पर लाना होगा राह भटकी जीवन शैली को

प्रकृति के विपरीत खान-पान को कैंसर व दूसरे गंभीर रोगों को निमंत्रण देने वाला बताते हुए पत्रिका समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी के अग्रलेख 'रस ही अन्न का सार' को प्रबुद्ध पाठकों ने आंखें खोलने वाला बताया है। अन्न के भटकाव और इसे रसायनों से दूषित व जहरीला बना देने की प्रवृत्ति लगातार बढ़ रही है। अन्न में शर्करा व स्निग्धता का उदाहरण देते हुए अग्रलेख में यह सच ही कहा गया है कि आधुनिक विज्ञान ने अमृत तत्वों को शत्रु घोषित कर दिया है। जबकि हमें क्या खाना चाहिए और क्या नहीं इसके लिए शरीर, मन और आत्मा के संबंधों पर विचार करना होगा। पाठकों का कहना है कि स्वस्थ जीवन के लिए राह भटकी जीवन शैली को फिर पटरी पर लाना होगा। **पाठकों की प्रतिक्रियाएं विस्तार से...**

हमारे पूर्वज भी अन्न के महत्व को बताते आए हैं। भारतीय संस्कृति में मन को ही सबसे बड़ा माना गया है। मन ही है जो हमें पल भर में पेरिस ले जाए, पल भर में कहीं और। मन को जो चलाता है वह अन्न है। इसलिए कहा जाता है कि हमको सात्विक अन्न खाना चाहिए। मेहनत का अन्न खाना चाहिए। हमारे शास्त्रों में अन्न को देवता माना गया है। अन्न ग्रहण करने के भी नियम कायदे हैं। हमें कब और कैसा भोजन करना चाहिए यह भी शास्त्रों में वर्णित है।

**राजकुमार चतुर्वेदी,** ज्योतिषचार्य, जयपुर

खेती-किसानी व बागवानी में रसायनों व कीटनाशकों का जिस गति से इस्तेमाल हो रहा है उसे देखते हुए कोई अचरज नहीं होना चाहिए कि कैंसर जैसा भयावह रोग घर-घर पहुंच जाए। अग्रलेख में विषाक्त होते खान-पान पर कड़ा प्रहार किया गया है। इसमें बताई बातें आने वाली नस्लों के खुशहाल जीवन के लिए जरूरी संदेश हैं। चिंता इस बात की है कि आज मनुष्य स्वार्थ के वशीभूत होकर मनुष्य की ही जान का दुश्मन बन बैठा है। साझा प्रयास से मुकाबला नहीं किया गया तो परिणाम भयावह हो सकते हैं।

**डॉ. राकेश कुमार गुर्जर,** सीकर

अन्न का मन पर बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ता है। पुरानी कहावत भी है कि जैसा खाए अन्न, वैसा होवे मन और जैसा पीए पानी, वैसी होवे वाणी। मन के अंदर ही कामना पैदा होती है। उसके बाद पूर्ति के लिए काम किए जाते हैं। धीरे-धीरे उनमें आनंद आने लग जाता है और वही काम भक्ति का रूप ले लेता है। जाहिर है रसयुक्त भोजन से ही रस मिलेगा। बाकी तो नीरसता ही पैदा करेगा।

**निर्मला देवी वशिष्ठ,** राजगढ़, अलवर

स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन के वास वाली कहावत धीरे-धीरे अपना वजूद खोती जा रही है। अग्रलेख में वर्णित भावों के अनुसार बढ़ते लोभ, लालच और अशिक्षा के कारण शुद्ध अन्न का महत्व भुलाया जा रहा है। इतना ही नहीं शुद्ध अन्न की उपलब्धता भी कम होती जा रही है। इससे न केवल समाज में नकारात्मकता का माहौल बढ़ा है बल्कि शरीर बीमारियों का घर बनने लगा है।

**सरोज पंवार,** श्रीगंगानगर

जीवन में वास्तविक ज्ञान का होना अत्यंत आवश्यक है। निर्णय मन को भी तो स्वीकार होना चाहिए। तभी कर्म और कर्म फल में आनंद आएगा। वैसे भी जीवन के सभी कार्यकलाप और मन की शीतलता आत्मा को पवित्रता का अनुभव कराती है। यह संतुष्टि का परिचायक है। अग्रलेख के जरिए बताया गया है कि आज के भौतिकतावादी युग में आत्मसंतुष्टि ज्यादा जरूरी है।

**बिहारी लाल बालान,** लक्ष्मणगढ़, सीकर

यह सच है कि अन्न व्यक्ति के मनोभाव तथा विचारों को भी प्रभावित करता है। किसी भी व्यक्ति के लिए शुद्ध और स्वस्थ अन्न का निर्धारण उसके गर्भ में आगमन से ही हो जाता है। वर्तमान परिदृश्य में इसे समझने के लिए आत्मा और विवेक का तादात्म्य जरूरी है।

**रामदेवी बावरी,** अनूपगढ़, श्रीगंगानगर

बदलते दौर में मनुष्य के खान-पान में भी बड़ा बदलाव आया है। अमरीकन कैंसर सोसायटी की रिपोर्ट सबके लिए अलर्ट है। भारतीय दृष्टिकोण से परे हमारे खानपान में जो बदलाव हो रहा है, उससे हमें समझना होगा। अग्रलेख लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और चौकस करने वाला है। हम अभी हमारे स्वास्थ्य के प्रति सतर्क नहीं हुए, तो आगे बड़े दुष्परिणाम भुगतने होंगे।

**राकेश चौकसे,** बुरहानपुर

आहार मानव जीवन का आधार है। इस आधार को जितना सात्विक व पवित्र रखा जाए वह उतना ही मानवता व प्रकृति के अनुकूल होगा। वर्तमान में रासायनिक खाद की वजह से हम लगातार दूषित पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। अग्रलेख में भी कहा गया है कि दूषित आहार के सेवन से कैंसर जैसी घातक बीमारियां हमें घेरती जा रही हैं।

**डॉ. सुकृता तिर्की,** प्राध्यापिका, जगदलपुर

आधुनिकता के इस दौर में हर कोई अधिक से अधिक उत्पादन करना चाहता है और लाभ लेना चाहता है। इस थोड़े से लाभ के चक्कर में अन्न को पैदा करने में केमिकल का उपयोग किया जा रहा है जिससे लोगों की जान पर बन आ रही है। जिस तरह से अन्न खा रहे हैं उसका प्रभाव शरीर पर पड़ रहा है। शरीर के लिए अन्न बहुत ही महत्त्वपूर्ण है और यह अच्छा होगा तो शरीर पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा और खराब होगा तो इसके दुष्प्रभाव भी बीमारियों के रूप में सामने आएंगे।

**पुरुषोत्तम सरले,** बैतूल

हर व्यक्ति के लिए सात्विक और सादा भोजन करना बेहद ही कठिन काम हो गया है। इसका एक कारण अधिकतर घर से बाहर रहना व बाहर ही भोजन करना भी माना जा सकता है। आजकल व्यापार और आमदनी बढ़ाने के लिए कई खाद्य पदार्थों में कई तरह के रंग और अनाजों में उत्पादन अधिक लेने के लिए रसायनों का छिड़काव भी अधिक हो रहा है। ऐसे में सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

**-डॉ. अखिलेश भार्गव,** अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय, इंदौर

अग्रलेख में उठाए गए बिन्दु हमारे जीवन में अन्न के महत्व और हमारे खान-पान की बदल रही आदत की तरफ संकेत करते हैं। सही मायने में दूषित अन्न हमारी बीमारियों की जड़ है। चिकित्सा के नाम पर जो आधुनिक डाइट चार्ट बनते हैं उनसे तो उलटा पाचन कमजोर हो रहा है। शरीर, मन और आत्मा के बीच के संबंध पर विचार न करना हमारी सेहत व समृद्धि के लिए हानिकारक हो सकता है।

**राकेश तिवारी,** रायपुर, छत्तीसगढ़

दुनिया में कैंसर के बढ़ते मामले के पीछे की असली वजह अन्न ही है। अन्न का शरीर, प्राण और मन से घनिष्ठ संबंध है। हमारा दूषित खानपान और शराब-सिगरेट पीने की प्रवृत्ति ने इस रोग को शरीर में रहने के लिए अनुकूल माहौल दिया है। आज तो लोग बाहरी सलाह पर खाने-पीने लगे। इससे शरीर बाहर से सुंदर तो दिखने लगा, लेकिन आंतरिक ओज, शुक्र और मन पर विपरीत असर पड़ा है।

**मानसी ध्रुव,** साहित्यकार, बिलासपुर

सर्वाधिक मेघ जैसलमेर में बरसे, 179 प्रतिशत अधिक बरसात, जोधपुर में 80 प्रतिशत अधिक वर्षा

# सावन में धोरों में जमकर बरसे मेघ, 78 प्रतिशत अधिक बारिश

पत्रिका डेटा डीकोडेड

**जोधपुर.** सावन महीने में कम दबाव के बने दो लगाातार सिस्टम की वजह से पूरे राजस्थान में जमकर मानसूनी मेघ बरसे। पूर्व की बजाय पश्चिमी राजस्थान में अच्छी बारिश हुई। जैसलमेर में सर्वाधिक 179 मिमी बारिश हुई। धोरों में हरियाली की चादर छा गई। जोधपुर में 80 प्रतिशत अधिक बरसात है। जोधपुर जिले के कई ग्रामीण हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात हो गए। दूसरी तरफ मानसून के एंट्री पॉइंट अब भी सूखे हैं। मानसून हाड़ौती के रास्ते झालावाड़ अथवा वागड़ के रास्ते बांसवाड़ा से प्रवेश करता है। झालावाड़ में अब तक 9 प्रतिशत और बांसवाड़ा में 30 प्रतिशत कम बारिश है।



### प्रदेश में 49 प्रतिशत अधिक बारिश

पूरे प्रदेश में जहां अब तक 49 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है, वहीं पूर्वी राजस्थान के 23 जिलों में 32 प्रतिशत और पश्चिमी राजस्थान के दस जिलों में 78 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। प्रदेश में 1 जून से लेकर 18 अगस्त तक बारिश का औसत 317.1 मिलीमीटर है, जबकि अब तक 471.8 मिमी बारिश हो चुकी है। पूर्वी राजस्थान के 23 जिलों में 450 मिमी की जगह 592 मिमी बारिश हुई जबकि पश्चिमी राजस्थान के 10 जिलों में 210 की जगह 357 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

### पश्चिमी राजस्थान में मेघों ने यूं गाया मल्हार

| जिला | वास्तविक बारिश | औसत बारिश | कितने प्रतिशत अधिक बारिश |
|---|---|---|---|
| जोधपुर | 387 | 215 | 80 |
| पाली | 495 | 359 | 38 |
| जैसलमेर | 370 | 132 | 179 |
| बाड़मेर | 293 | 201 | 46 |
| जालोर | 301 | 310 | -3 |
| नागौर | 527 | 280 | 88 |
| बीकानेर | 387 | 187 | 107 |
| चूरू | 434 | 247 | 75 |
| श्रीगंगानगर | 230 | 151 | 53 |
| हनुमानगढ़ | 272 | 186 | 46 |

(यह डाटा 1 जून से लेकर 18 अगस्त तक के हैं।)


### सर्वाधिक वर्षा वाले जिलों में कम बारिश

प्रदेश के 33 जिलों में से आधा दर्जन जिलों में कम बारिश हुई और ये सभी जिले सर्वाधिक बारिश प्राप्त करने वाले जिले हैं। इसमें पूरा वागड़ शामिल है। सबसे कम बारिश बांसवाड़ा और डूंगरपुर में हुई है। इसके अलावा प्रतापगढ़, सिरोही, उदयपुर, झालावाड़ में भी मेघ कम बरसे हैं।

समझाइश के बाद धरना समाप्त

# तस्करों ने मुखबिरी के शक में अपहरण किया, हत्या कर शव सड़क पर फेंका

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



मृतक जालम सिंह

**सांचौर.** सांचौर में नशा कारोबार से जुड़े तस्करों ने मुखबिरी के शक में एक व्यक्ति का अपहरण कर पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया, जिसने बाद में दम तोड़ दिया। पुलिस जानकारी के अनुसार, सांगडवा निवासी जालम सिंह (40) पुत्र अनोप सिंह का तस्करों ने अपहरण किया और उसे मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। बदमाशों ने शव को हाड़ेतर सरहद में सड़क पर लाकर पटक दिया और सड़क हादसे का रूप देने की कोशिश की। एंबुलेंस को सूचना देकर मौका पर बुलाया गया। सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची तो ड्राइवर से आरोपियों ने एक्सीडेंट की बात कहते हुए अस्पताल ले जाने को कहा, एंबुलेंस चालक को शक हुआ तो उन्होंने बॉडी के साथ एक आरोपी को बिठाया और दरवाजा बाहर से लॉक कर दिया। इसके बाद एंबुलेंस ड्राइवर ने पुलिस को सूचना दी। इस पर पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई, एंबुलेंस मे बैठे युवक से पूछताछ की तो उसने सारी वारदात कबूल कर ली।



**सांचौर.** अस्पताल की मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठे राजपूत समाज के लोग।

**राजपूत समाज में आक्रोश, धरने पर बैठे शव लेने से किया इनकार :** युवक जालमसिंह की हत्या प्रकरण के मामले की जानकारी मिलते ही राजकीय उप जिला जिला चिकित्सालय पर लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। इस दौरान राजपूत समाज ने घटना को लेकर रोष जाहिर किया। शेष आरोपियो के गिरफ्तारी की मांग करते हुए आरोपियो के गिरफ्तारी तक शव उठाने से इनकार कर दिया। प्रशासन द्वारा धरने पर बैठे लोंगो से अलग- अलग दोर की वार्ता की। देर शाम पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया।

**मुखबिरी के संदेह को लेकर था विवाद :** मृतक जालमसिंह पर आरोपियों ने तस्करी के दौरान पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए करीब एक माह पूर्व पंच-पंचायती भी रखी गई थी, आरोपी पक्ष का कर्नाटक में होटल व्यवसाय है। मृतक आरोपियों के यहां पूर्व में नौकरी करता था। इस दौरान आरोपियों द्वारा उनके नौकरी के पैसे नहीं देने से वह नौकरी छोड़कर गांव आ गया था। इसके बाद आरोपियों के होटल पर पुलिस द्वारा एनडीपीएस की कार्यवाही की गई, जिसकी मुखबिरी का आरोप बदमाशों ने जालमसिंह पर लगा दिया, जिसको लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपियों ने जालमसिंह का अपहरण कर लिया। इस बारे में परिवार के लोगों ने चितलवाना थाना में किडनैपिंग की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### निशानदेही पर तीन आरोपी और डिटेन

पुलिस ने सबसे पहले शव के साथ एंबुलेंस में आए आरोपी श्रवण को पकड़ा। उसकी निशानदेही पर दो अन्य आरोपी चनणाराम मांजू और जगमालाराम भी पकड़े गए, जबकि भागीरथ सहित अन्य दो आरोपी फरार हो गये। आरोपी जगमालाराम के घर दबिश के दौरान 4 किलो अवैध डोडा-पोस्त भी मिला।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नापासर .** रेलवे फाटक के पास दिल्ली सराय रोहिला एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार मदनलाल जाट निवासी सारणों का बास लालमदेसर छोटा ने दर्ज मर्ग में बताया कि उसके ताऊजी का लड़का ओमप्रकाश (35) पुत्र दुर्गाराम जाट निवासी लालमदेसर छोटा मानसिक रूप से अस्वस्थ था।

वह बस द्वारा गांव से नापासर पहुंचा और सुबह 10 बजे रेलवे फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आ गया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## आज का राशिफल मंगलवार, 20 अगस्त 2024

**मेष** — *चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ*
जीवन में ईगो को हावी न होने दें। नहीं तो संबंध कमजोर होंगे। समारोह में शामिल होंगे, घर की सज्जा पर धन खर्च होगा।

**वृषभ** — *ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो*
आदतों से आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। संतान से संबंधित समस्या रहेगी। पिता के स्वास्थ्य की चिंता होगी।

**मिथुन** — *क, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह*
वाणी में मिठास लाएं। स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या का समाधान होगा। परिजनों के साथ यात्रा के योग हैं व्यापार बढ़ेगा।

**कर्क** — *हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो*
परिवार में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बनेगी। विवाह योग्य जातकों के लिए समय अनुकूल है। धर्म में रुचि बढ़ेगी।

**सिंह** — *मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे*
आपकी आदतों के कारण आप मुश्किल में आ सकते हैं। मित्रों के माध्यम से रुके कार्य पूरे होंगे। आर्थिक लाभ मिलेगा।

**कन्या** — *टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो*
आपकी मधुर वाणी से लोग प्रभावित होंगे। भवन भूमि से संबंधित उनके मामलों में गति आएगी।

**तुला** — *रा,री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते*
किसी को बोलने के पहले विचार करें। पिता के स्वास्थ्य की चिंता बनी रहेगी। जीवनसाथी से संबंध मधुर होंगे।

**वृश्चिक** — *तो, ना, नी, नू, या, यी, यू*
धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। बिना सोचे समझे किसी कार्य को करने से रुकें। बड़ों का मार्गदर्शन मिलने से रुके कार्य होंगे।

**धनु** — *ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे*
आपके व्यवहार से लोग प्रभावित होंगे। किसी का अहित करने से पहले विचार करें। युवाओं के लिए समय श्रेष्ठ है।

**मकर** — *भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी*
लंबे समय से चली आ रही परेशानियां समाप्त होगी। आपके व्यवहार से लोग आपकी मदद करेंगे। व्यापार में उन्नति होगी।

**कुम्भ** — *गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा*
दिनचर्या में बदलाव होगा स्वास्थ्य में लाभ मिलेगा संतान के व्यवहार से खुश होंगे जीवन साथी के स्वास्थ्य में लाभ होगा।

**मीन** — *दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि*
कार्यों की अधिकता रहेगी। लंबी यात्रा के योग हैं धर्म-कर्म में समय व्यतीत होगा। वाहन भूमि से संबंधित कार्य पूर्ण होंगे।

**ज्यो. पं चंदन श्यामनारायण व्यास,** पंचांगकर्ता, उज्जैन

पत्रिका और वैश्य-अग्रवाल समाज के संगठनों की पहल

# अग्रवाल-वैश्य समाज के वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन 25 अगस्त को

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर .** बच्चों के विवाह योग्य होते ही अभिभावक उनके लिए उचित रिश्ते की तलाश में जुट जाते हैं। एकल परिवारों के बढ़ते चलन तथा सामाजिक ताने-बाने में आए बदलाव के कारण यह कार्य इन दिनों थोड़ा मुश्किल हो गया है। ऐसे में सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के क्रम में पत्रिका समूह की ओर से समाज आधारित वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रिका की इस पहल से विवाह योग्य युवाओं का बायोडाटा देश के लाखों परिवारों तक पहुंचने के साथ ही पाठकों को भी नवीन डाटा बेस उपलब्ध हो रहा है।

इसी कड़ी में अग्रवाल, खंडेलवाल, गुप्ता तथा माहेश्वरी इत्यादि वैश्य समाज के सभी घटकों व उनके संगठनों के आग्रह पर 25 अगस्त को राजस्थान के सभी संस्करणों सहित भोपाल, इंदौर व रायपुर के संस्करण में अग्रवाल-वैश्य समाज के वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन किया जाएगा।

इस अंक में नाममात्र की दरों पर बुकिंग के लिए देश के किसी भी हिस्से में रह रहे अग्रवाल-वैश्य समाज के परिवार विवाह योग्य युवाओं का विवरण (पूरा नाम, शहर का नाम और कॉन्टेक्ट नंबर) वाट्सऐप नंबर 7733014575 पर भेज सकते हैं। पत्रिका टीम अति शीघ्र आपसे संपर्क करेगी। रियायती दरों पर विज्ञापन की बुकिंग 23 अगस्त की शाम पांच बजे तक ही की जाएगी। इस कार्य में अग्रसेन महासभा व अग्रवाल्स जयपुर डॉट कॉम तथा अग्रवाल विकास परिषद समिति कुन्हाड़ी, कोटा के साथ ही देश के विभिन्न शहरों से अग्रवाल-वैश्य समाज के कई संगठन भी जुड़ चुके हैं। आप देश के किसी भी हिस्से में अग्रवाल-वैश्य समाज के संगठन से जुड़े हैं एवं इस मुहिम में योगदान देना चाहते हैं तो ऊपर दिए गए नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब है कि गत वर्ष 15 जनवरी, 12 फरवरी, 5 मार्च, 23 जुलाई, 6 अगस्त और 20 अगस्त तथा इस वर्ष 14 और 28 जनवरी एवं 5 और 19 मई को उपरोक्त सभी संस्करणों में अग्रवाल-वैश्य समाज के वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन किया जा चुका है।

## मंदिर से चांदी के छत्र, नकदी चुराई

**धनला @ पत्रिका.** अज्ञात बदमाशों ने भगोड़ा गांव में जोजावर बाइपास मार्ग स्थित खेमज माता मंदिर में मुख्यद्वार का ताला तोड़कर मूर्तियों के ऊपर से चांदी के छत्र और मंदिर में रखा दानपत्र तोड़कर नकदी पार कर ली। भगोड़ा निवासी मंदिर कमेटी के मनोहरसिंह सोलंकी ने बताया कि खेमज माता मंदिर पुजारी मांगीनाथ 16 अगस्त को सवेरे पूजा कर सिरोही के डिगार गांव चला गया। 17 अगस्त शाम को पुनः मंदिर आया तो मंदिर के मुख्य द्वार का ताला एवं दानपत्र टूटा था। मंदिर गर्भगृह में बिराजित तीन मूर्तियों के ऊपर लगे चांदी के छत्र गायब थे। ग्रामीणों ने देखा तो दान पत्र का ढक्कन खुला था तथा अंदर से नकदी गायब थी और मूर्तियों के ऊपर लगे करीबन 20 तोला वजन के चांदी के छत्र गायब थे। इसकी सूचना जोजावर चौकी पुलिस को दी गई।

## गाड़ी पलटने से भादरा के भाजपा नेता की मौत, चालक घायल



साहवा सीएचसी में घायल का प्राथमिक उपचार करते चिकित्साकर्मी।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**साहवा.** कस्बे में साहवा-भादरा सड़क पर स्कोर्पियो पलटने से उसमें सवार भादरा निवासी भाजपा नेता राजीव कस्वां (58) की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में ढीलकी तहसील नोहर निवासी चालक राजकुमार घायल हो गया। पुलिस ने घायल राजकुमार को साहवा अस्पताल पहुंचाया गया। यहां से उसे भादरा रैफर कर दिया गया।

गाड़ी चालक राजकुमार ने बताया कि राजीव कस्वां पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ से मिलने भादरा से साहवा आ रहा थे। साहवा-भादरा सड़क पर एक कार को बचाने के प्रयास में गाड़ी पलट कर पेड़ से टकरा गई। राजीव कस्वां गाड़ी से बाहर गिर गए और सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, राजीव कस्वां भादरा के पूर्व प्रधान प्रतापसिंह कस्वां के बेटे व पूर्व मंत्री ज्ञानसिंह कस्वां के भतीजे थे। वे गत विधानसभा चुनाव में भादरा विधान सभा क्षेत्र से भाजपा की टिकट के दावेदार थे। प्रतापसिंह कस्वां के राजीव कस्वां व संजीव कस्वां दो बेटे थे। दोनों भाइयों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हुई है। संजीव की मौत 30 साल पहले 1996 में हो चुकी है।

## मरम्मत के दौरान दूसरी मंजिल से बालकनी सहित गिरने से श्रमिक की मौत

### मोपेड पर निकल रही महिला पर गिरा मलबा, हालत गंभीर, एक अन्य श्रमिक भी घायल



मृतक अल्ताफ

**जोधपुर @ पत्रिका.** सदर कोतवाली थानान्तर्गत मेड़ती गेट चौकी के सामने मेघवालों की बस्ती स्थित मकान की दूसरी मंजिल पर मरम्मत के दौरान बालकनी गिरने के साथ ही कारीगर भी मलबे के साथ नीचे आ गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई। मलबा मोपेड लेकर निकल रही महिला पर भी गिरा। एक अन्य श्रमिक के भी चोटें आईं।

पुलिस ने बताया कि मेघवालों की बस्ती में मोहम्मद फारुख का मकान है। दूसरी मंजिल की बालकनी में दरारें आने से कारीगर अल्ताफ हुसैन व श्रमिक इमरान सुबह मरम्मत कर रहे थे। अचानक बालकनी टूट गई। मलबा पहली मंजिल की बालकनी पर गिरा और वह बालकनी भी टूट गई। कारीगर अल्ताफ हुसैन भी मलबे के साथ नीचे आ गिरा। वह भारी-भरकम पत्थर के मलबे के नीचे दब गया। वहां से निशा पंवार मोपेड पर निकल रही थी। उसके ऊपर भी मलबा गिर गया। एक अन्य श्रमिक इमरान नीचे तो नहीं गिरा, लेकिन वह भी चोटिल हो गया।

मलबा हटाकर कारीगर अल्ताफ व निशा पंवार को महात्मा गांधी अस्पताल भेजा, जहां इलाज के दौरान कारीगर अल्ताफ हुसैन (35) पुत्र नूर मोहम्मद की मौत हो गई। गऊ घाट निवासी निशा पंवार (35) पत्नी लोकेशसिंह गंभीर घायल हैं। श्रमिक इमरान (35) पुत्र इमामुद्दीन को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेजा गया। पुलिस ने मृतक के परिजन की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज किया है।

## ग्रह-नक्षत्र

ज्योतिर्विद: पं. घनश्यामलाल स्वर्णकार

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ वि. सं: | 2081 | हिजरी सम्वत : | 1446 | ऋतु: | वर्षा |
| संवत्सर का नाम: | कालयुक्त | मु.मास: | सफर-14 | मास: | भाद्रपद |
| शाके सम्वत: | 1946 | अयन: | दक्षिणायण | पक्ष: | कृष्ण |

### आज का दिन

**मंगलवार 20 अगस्त, 2024**

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज प्रातः 09-18 से दोपहर बाद 02-07 तक क्रमशः चर, लाभ व अमृत तथा अपराह्न 03-44 से सायं 05-21 तक शुभ के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 12-04 से दोपहर 12-56 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त हैं, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अत्युत्तम हैं।

**शुभ तिथि:** प्रतिपदा नन्दा संज्ञक तिथि रात्रि 08-33 तक, तदन्तर द्वितीया भद्रा संज्ञक तिथि प्रारम्भ हो जायेगी। शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा में शुभकार्य यथासम्भव शुभ नहीं होते, पर देवी कार्य और नवरात्रों के लिए शुक्ल प्रतिपदा को शुभ माना गया है। द्वितीया में सभी शुभकार्य करने योग्य हैं।

**नक्षत्र:** शतभिषा "चर व ऊर्ध्वमुख" संज्ञक नक्षत्र अन्तरात 03-10 तक, तदुपरान्त पूर्वाभाद्र पद "उग्र व अधोमुख" संज्ञक नक्षत्र है। शतभिषा नक्षत्र में यात्रा, सवारी, चांदी, पुष्प, मोती, वास्तु, गृहारम्भ, प्रवेश, उपनयन आदि विषयक कार्य शुभ व सिद्ध होते हैं।

**योग:** अतिगण्ड नामक नैसर्गिक अशुभ योग रात्रि 08-55 तक, तदन्तर सुकर्मा नामक नैसर्गिक शुभ योग है।

**विशिष्ट योग :** त्रिपुष्कर नामक शुभाशुभ योग रात्रि 03-10 से सूर्योदय तक है। त्रिपुष्कर नामक योग में कोई कार्य शुभाशुभ अथवा लाभ हानि का हो तो वैसा ही कार्य दो बार और घटित होता है।

**करण:** बालव नामकरण प्रात: 10-14 तक, तदन्तर कौलव व तैतिलादि करण क्रमशः हैं।

**व्रतोत्सव:** आज राजीव गांधी जन्म दिवस, सद् भावना दिवस, गोगामेड़ी मेला प्रारम्भ हनुमानगढ़ (राज.) तथा पंचक सम्पूर्ण दिवारात्रि हैं।

**चंद्रमा :** चंद्रमा कुम्भ राशि में है।

**ग्रह राशि-नक्षत्र परिवर्तन :** गुरु मृगशिर नक्षत्र के प्रथम चरण में सायं 04-15 पर।

**शुभ मुहूर्त:** उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार आज शतभिषा नक्षत्र में शल्य चिकित्सा का यथाआवश्यक शुभ मुहूर्त हैं।

**दिशाशूल:** मंगलवार को उत्तर दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है। चन्द्र स्थिति के अनुसार आज पश्चिम दिशा की यात्रा लाभदायक व शुभप्रद है।

**राहुकाल** (मध्यममान से): अपराह्न 3-00 बजे से सायं 4-30 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर है।

**आज जन्म लेने वाले बच्चे-** आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (गो, सा, सी, सू, से) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। इनकी जन्म राशि कुम्भ है। कुम्भ राशि के स्वामी शनि देव हैं। अन्तरात 03-10 तक जन्मे जातकों का जन्म ताम्रपाद से व इसके बाद जन्मे जातकों का जन्म लोहपाद से है। सामान्यतः ये जातक धनी, सत्यप्रिय, दानी, प्रसिद्ध, बुद्धिमान, होशियार, सफल, शत्रुजित और सर्वत्र, मान-सम्मान पाने वाले होते हैं। इनका 28वां वर्ष बहुत ही महत्त्व का होता है। कुम्भ राशि वाले जातकों के स्वभाव में तेजी तो रहेगी, पर कार्य-व्यवसाय, काम-धन्धे में लाभ व प्रगति होगी।

**मुरादाबाद: सहयोग के आरोप में एक नर्स भी गिरफ्तार,** जाति सूचक शब्दों से भी अपमानित करने का आरोप

# नर्स से दुष्कर्म, डॉक्टर, वार्ड ब्वॉय सहित 3 गिरफ्तार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुरादाबाद.** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में निजी अस्पताल में दलित नर्स के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले में आरोपी डॉक्टर, नर्स व वार्ड बॉय समेत तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अस्पताल सील किया गया है।

पुलिस अधीक्षक देहात संदीप मीणा ने बताया कि थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र के एक अस्पताल में नर्स के साथ दुष्कर्म की घटना को लेकर पीड़िता के परिजनों ने 18 अगस्त को थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने पीड़िता नर्स के पिता की तहरीर के आधार पर अस्पताल में कार्यरत डाक्टर, वार्ड बॉय और महिला नर्स को नामज़द करते हुए उक्त तीनों के ख़िलाफ़ दुष्कर्म, एससी एसटी एक्ट में मुक़दमा दर्ज़ किया गया।

### यह है मामला



**पुलिस सूत्रों** ने बताया कि डिलारी थाना क्षेत्र निवासी ग्रामीण द्वारा थाने में दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी 20 वर्षीया बेटी ठाकुरद्वारा - काशीपुर (उत्तराखंड) मार्ग पर स्थित एक निजी अस्पताल में पिछले 10 माह से नर्स का काम कर रही थी। रोजमर्रा की तरह शनिवार शाम लगभग सात बजे उसकी बेटी ड्यूटी करने अस्पताल गई थी। आरोप है कि देर रात अस्पताल की ही एक अन्य नर्स ने बेटी को डाक्टर का हवाला देते हुए उनके कमरे में जाने के लिए कहा था। पीड़िता द्वारा आनाकानी की गई तो वार्ड बॉय और नर्स उसे जबरन अस्पताल के ऊपर बने कमरे में ले गए और कमरे का बाहर से दरवाज़ा बंद कर दिया। मध्य रात्रि डाक्टर ने पीड़िता का मोबाइल कब्जे में लेने के बाद बंधक बनाकर दुष्कर्म की घटना को अंज़ाम दिया। विरोध करने पर आरोपी डॉक्टर ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी देते हुए जातिसूचक शब्दों से अपमानित भी किया गया।

### पुलिस टीम ने दबोचा

पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया वहीं घटना की संवेदनशीलता को मद्देनजर रखते हुए नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम गठित की गई। सोमवार को पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी डॉक्टर, नर्स और वार्ड बॉय समेत नामज़द तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

### अस्पताल सील किया

**रविवार** सुबह मुख्य नर्स के आने पर पीड़िता ने आप बीती सुनाई तो उसे घर भेज दिया गया। पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। दूसरी ओर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ कुलदीप सिंह के निर्देश पर रविवार की शाम स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा निरीक्षण करने के बाद अस्पताल को सील कर दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले जांच जारी है।

## सगी बहने नदी में कूदी, दोनों की मौत



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**गोण्डा.** उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के मनकापुर कोतवाली इलाके के तामापार गांव में जीजा की प्रताड़ना से तंग आकर दो सगी बहनों ने सोमवार को बिसुही नदी में कूद कर आत्महत्या कर ली।

पुलिस के अनुसार, मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के तामापार गांव निवासी सुरेश कुमार उर्फ गोबारी की पुत्री सुनीता (22) और पुनीता (16) एक साथ घर से शौच के बहाने डिब्बा हाथ में लेकर निकली। घर से कुछ ही दूरी पर बह रही बिसुही नदी में कूद गयी। बेटियों का पीछा कर मां शिव रतना देवी व पिता गोबारी चिल्लाते रहे, लेकिन जब तक वे उन्हें रोक पाते दोनों कूद कर गहरे पानी में डूब गयी।

**यह है मामला:** मृतक बेटियों के पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी बडी बेटी की शादी अशोक कुमार के साथ हुई है। सुनीता बहन के घर गयी थी लेकिन पिछले शुक्रवार को वापस आयी तो फोन पर जीजा से कुछ बात होने पर वो विचलित होने लगी। अशोक सुनीता को किसी वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा था जिससे तंग आकर उसने छोटी बहन संग नदी में कूदकर जान दे दी।

**विधायक ने प्रोजेक्ट मैनेजर व सीईओ को धमकाया**

# 'तुम्हें मुर्गा बना दूंगा, जूते की माला पहना दूंगा'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कानपुर.** सोशल मीडिया पर भाजपा विधायक महेश त्रिवेदी का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में विधायक एक कंपनी के अधिकारियों को धमकाते हुए नजर आ रहे हैं।

वीडियो में वह को जूते की माला पहनाने की बात कर रहे हैं। जल निगम की कंपनी केआरएमपीएल ने लापरवाही से जूही खलवा पुल चार दिनों के लिये बंद कर दिया है। जिसके बाद किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी ने कंपनी के अधिकारियों को जमकर हड़काया। केआरएमपीएल के सीईओ और प्रोजेक्ट मैनेजर को व्यवस्था जल्द सुधारने की चेतावनी दी। विधायक ने कहा कि अगर लापरवाही नहीं छोड़ी तो भरे पानी के बीच में कान पकड़वाकर मुर्गा बनवाएंगे और जूतों की माला पहनाऊंगा।

### विधायक ने दी धमकी


विधायक ने प्रोजेक्ट मैनेजर प्रणव राय को बुलवाया। पूछा- हमारी प्रॉब्लम आप नहीं ठीक करेंगे? तभी बगल में बैठे चीफ इंजीनियर कहते हैं कि ये हां-हां करते हैं। ये नहीं बताते कि ये हमारे साथ हैं। ये बताएंगे तो इनको दिक्कत हो जाएगी। इस पर विधायक ने कहा- अब तुम्हारे साथ कुछ किया जाए, तब जागोगे क्या? हम कुछ करेंगे नहीं, तुम्हें पब्लिक के सामने ले जाऊंगा। वहीं कान पकड़कर मुर्गा बनवाएंगे, फोटो खिंचवाएंगे और जूतों की माला पहनाएंगे। इसके बाद चीफ इंजीनियर एसके सिंह ने फिर कहा- इनको डंडा ही डंडा मारा जाएगा। निशान न दिखे, सिर्फ दर्द हो। प्रोजेक्ट मैनेजर यह सब चुपचाप सुनता रहा। अब ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



### सीवर ओवरफ्लो के कारण पुल को करना पड़ा था बंद

दरअसल जूही खलवा पुल शनिवार को सीवर ओवर फ्लो हो गया था। जिससे बिन बरसात ही पुल को बंद करना पड़ा। नगर आयुक्त सुधीर कुमार और मुख्य अभियंता ने जब निरीक्षण किया तो पता चला पुल पर बने पंपिंग स्टेशन की मोटर ही खराब है। जिससे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। इसके बाद समस्या को दुरुस्त करने के लिये चार दिनों तक पुल को बंद कर दिया गया। इस बात का पता चलते ही विधायक महेश त्रिवेदी कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंच कर इसकी जानकारी ली।

## मुठभेड़ में दबोचे गए तीन हत्यारोपी



**ब्याज व मूलधन नहीं चुका पाने पर की वारदात**

**एक आरोपी फायरिंग में हुआ गंभीर घायल**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**प्रतापगढ़.** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के जेठवारा क्षेत्र में पिछले दिनों ईंट भट्ठा मालिक की हत्या के तीन आरोपियों को पुलिस ने बीती रात एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि पुलिस और आरोपियों के बीच गोलीबारी में हत्यारोपी अनिल पटेल के पैर में गोली लगी है जबकि राजेंद्र पटेल उर्फ़ बचाऊली भी गोली लगने से घायल हुआ है। घायल को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

उन्होंने बताया कि मोनू सिंह का रामगंज में ईंट भट्ठा है। इसमें संजय सिंह तथा धर्मेंद्र पटेल उनके पार्टनर हैं। बताते हैं कि मोनू सिंह ब्याज पर रुपये दिया करते थे। एक आरोपी ने उनसे सात लाख रुपये ब्याज पर लिए, लेकिन ब्याज व मूलधन चुकता नहीं कर पाया। मोनू सिंह उससे रुपये वापस करने का दबाव बना रहे थे। रुपये वापस न करने पड़े इसलिए अनिल पटेल ने दो साथियों के साथ मिलकर खतरनाक योजना बना कर हत्या कर दिया।

# सपा के पीडीए नारे ने दिल्ली पर किया नियंत्रण: अखिलेश यादव

**रक्षा बंधन को कार्यकर्ताओं से की मुलाकात**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**इटावा.** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पार्टी के पीडीए के नारे ने केंद्र सरकार पर नियंत्रण पा लिया है। रक्षाबंधन के अवसर पर सोमवार को सैफई में पार्टी कार्यालय में सपा प्रमुख ने कहा कि संसदीय चुनाव में सपा को पीडीए नारे के तहत खासी कामयाबी हासिल हुई है।

रक्षाबंधन के अवसर पर बधाई देने आए कार्यकर्ताओं से सपा प्रमुख ने कहा कि आप लोग यहां से जाकर पीडीए के साथ बैठकर रक्षा बंधन का त्यौहार मनाए। केंद्र और यूपी सरकार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि पहले वो लोग समाजवादियों को एमवाई बोल मुस्लिम यादव को आड़े हाथों लेते थे, लेकिन इस बार पीडीए ने एमवाई यानी मोदी योगी को हरा दिया। जब भी समाजवादी सरकार बनेगी हम पीडीए की सुरक्षा सम्मान और उनको बढ़ाने का काम करेंगे। जब तक तक किसी प्रदेश के लोगों एक बराबरी पर नही लाया जायेगा तब वह प्रदेश और देश कभी आगे नही बढ़ सकता।

**हादसे के बाद ग्रामीणों ने हाईवे पर लगाया जाम**

## डंपर ने बाइक सवारों को रौंदा, 3 मरे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वाराणसी.** वाराणसी में एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक महिला, एक पुरुष और एक 4 साल की बच्ची हैं। हादसे के बाद गांव के लोगों ने रिंग रोड पर जाम लगा दिया।

**टक्कर के बाद तीन को कुचलते हुए भागा डंपर:** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार राजातालाब से हरहुआ की तरफ एक बाइक को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिर गए। जिन्हे रौंदते हुए डंपर वहां से फरार हो गया। वहीं बुरी तरह घायल तीनों ने मौके पर ही तड़पकर दम तोड़ दिया। फिलहाल घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने राजातालाब-हरहुआ रिंगरोड पर जाम लगा दिया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर पहुंची एम्बुलेंस को शव नहीं ले जाने दिया और पुलिस के सामने ही उसे खदेड़ दिया।

### राखी बांधने जा रही थी महिला

**घटना** और जाम की सूचना पर तीन थानों की फोर्स के साथ आला अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। जंसा थाना प्रभारी वैधनाथ सिंह के अनुसार मृतक राजू पटेल (35) अपनी पत्नी नीलम पटेल (32) और पुत्री परी पटेल (4) निवासी परसपुर थाना राजातलाब से चमाव थाना शिवपुर जा रहे थे। जंसा थानाक्षेत्र के रिंग रोड फेज-2 के सामने हरसोस गांव के पास ही पहुंचे थे की तेज रफ्तार वाहन ने रौंद दिया जिससे तीनों की मौत हो गई।

## सोनभद्र में 400 कैदियों के हाथों में सजी राखी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सोनभद्र.** सोनभद्र जिला कारागार में ब्रह्माकुमारी संस्था की ओर कैदियों एवं अन्य लोगों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर सकारात्मक जीवन जीने का संकल्प दिलाया गया।

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी सुमन बहन ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था में रक्षाबंधन का त्योहार मूल्य और आत्मीय मर्यादाओं को बंधन में बंध कर मानवता की सेवा के दिवस के रूप में मनाया जाता है। ब्रह्माकुमारी सुमन बहन के नेतृत्व में ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा गुर्मा स्थित जिला कारागार में लगभग 400 कैदियों को राखी बांधकर प्रसाद वितरण किया और मनोविकारों को दान करने का संकल्प दिलाया गया। जेल अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव से ब्रह्मकुमारी बहनों ने कैदियों को जीवन में परिवर्तन लाने में ईश्वरीय ज्ञान की भूमिका के बारे में सभी को बताया गया।

## जेठ की गोली मारकर हत्या, महिला को लूटा

**महोबा @ पत्रिका.** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के अजनर क्षेत्र में रक्षा बंधन पर भाई को राखी बांधने जा रही एक नव विवाहिता को बदमाशों ने लूट लिया। उन्होंने बाइक चालक उसके जेठ की गोली मार कर हत्या कर दी।

अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम ने बताया कि इंद्राहटा में वन विभाग की नर्सरी के पास वारदात हुई। मध्य प्रदेश में टीकमगढ़ जिले के देवराहां निवासी मुकेश पाल रक्षाबंधन के अवसर पर अपने छोटे भाई की पत्नी भारती पाल को बाइक से उसके मायके मवइया लेकर जा रहा था, तभी पीछे से एक मोटर साईकिल में सवार होकर आये असलहा धारी तीन बदमाशों ने उन्हें रास्ते मे रोक लिया। युवती के गहनो की लूटपाट शुरू कर दी। मुकेश पाल ने ज़ब लूटपाट का विरोध किया तो उन्होंने उसे गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। इसके बाद बदमाश युवती का ज़ेवर और नकदी लूट कर भाग गए।

**शर्मनाक** | **बहन की मौत के बाद दोनों बहनों को अपने पास ले आए थे**

# मामी ने नाबालिग भांजी का बलात्कार करवाया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ .** मामी ने अपने प्रेमी से नाबालिग भांजी के साथ जबरन दुष्कर्म कराया। इतना ही नहीं उसे बंधक बनाकर रखा। मौका पाकर थाने पहुंची भांजी ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। उसने मामी व उसके प्रेमी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना पर पुलिस ने आरोपी मामी व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।



### मामी ने प्रेमी संग कमरे में किया था बंद

**मामी** ने पीड़िता को जबरन प्रेमी के साथ कमरे में बंद कर दिया। सुनील ने नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म किया। किसी को इस बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी। वहीं उसे घर से नहीं निकलने दिया। पीड़िता का कहना है कि दो दिन पूर्व किसी तरह मौका पाकर वह पुलिस के पास पहुंच गई। घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी सुनील व मामी को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### मामी के पास रह रही थीं दोनों बहनें

**मैनपुरी** के थाना घिरौर क्षेत्र निवासी दो नाबालिग बहनों की मां की मौत हो गई थी। इसके बाद पिता बिना बताए घर छोड़कर चला गया था। ऐसे में थाना टूंडला क्षेत्र निवासी मामा उन्हें अपने घर ले आया था। उनका पालन-पोषण कर रहा था। बीती 12 जुलाई को मामी ने अपने प्रेमी को अपने घर बुलाया था। जहां सुनील ने प्रेमिका (पीड़िता की मामी) से उसकी 14 वर्षीय भांजी से संबंध बनाने के लिए कहा।



**पट्टियां लहराकर नारे लगाए**




**पटना.** कोलकाता में चिकित्सक से रेप और हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर रैली निकालते पटना मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट चिकित्सक। इन्होंने विरोधी नारे लिखी पट्टियां लहराकर नारे लगाए।

# हमारी सरकार ने ऐतिहासिक योजनाओं को धरातल पर उतारा: हेमन्त सोरेन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रांची .** झारखंड में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 'एक्स' हैंडल पर लिखा कि राज्य की आधी आबादी को हक-अधिकार और सम्मान देने के लिए आपके इस भाई और बेटे तथा झारखण्ड सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों में कई ऐतिहासिक योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है।

सोरेन ने कहा कि झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में 48 लाख से अधिक बहनों को हर साल 12 हजार की सम्मान राशि मिलेगी। एक परिवार में अगर मेरी 3-4 बहनें हैं तो उस परिवार के लिए सिर्फ इस योजना से एक साल में सम्मान राशि 36-48 हजार रुपए होगी।उन्होंने कहा कि देश में झारखण्ड पहला राज्य है जहां 50 वर्ष से अधिक की विधवा, परित्यक्त या एकल माताओं-बहनों को हर महीने 1 हजार रुपए के पेंशन का सम्मान दे रही है राज्य सरकार। यह पेंशन राशि लाखों माताओं-बहनों के बुढ़ापे का सहारा बन रही है। हर साल आपको 12 हजार रुपए की यह राशि, आपके बुढ़ापे की लाठी को मजबूत बना रही है। राज्य सरकार ने 10 लाख किशोरियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़कर उनके सपनों को पंख देने का भी काम किया है। कुल 40 हजार रुपए की यह सहायता राशि मेरी हर बहन और बेटी को आगे बढ़ने में मदद कर रही है।

### पलाश ब्रांड ने विदेशों में मचाई धूम

सोरेन ने कहा कि यह भी झारखण्ड के इतिहास में पहली बार हुआ है कि सखी मंडल से जुड़ी लाखों माताओं-बहनों को हजारों करोड़ रुपए की राशि बैंक क्रेडिट/लिंकेज के रूप में दी गयी है। विगत साढ़े चार वर्षों में 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि आजीविका संवर्धन के लिए दीदी- बहनों को प्रदान की गयी। पूर्व की सरकारों से राशि 12 गुना अधिक है। आपके द्वारा पलाश ब्रांड के अंतर्गत निर्मित कई उत्पादों ने देश-विदेश में धूम मचाई हुई है।

## शराब कारोबारी की खड्डे में डूबने से मौत

**छपरा @ पत्रिका.** बिहार में सारण जिले के दरियापुर थाना क्षेत्र में सोमवार को शराब कारोबारी की पानी भरे खड्ड में डूबकर मौत हो गयी।

सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने बताया कि दरियापुर थाना पुलिस एक सूचना के आधार पर जांच के लिए बारवें गांव गई थी। पुलिस के आने की जानकारी मिलने पर शराब कारोबारी चंद्रेश्वर प्रसाद का पुत्र बिट्टू कुमार भागने के दौरान पानी भरे खड्ढ में गिर गया। जिसे स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने खड्ढ से बाहर निकाल कर इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को अस्पताल भेज दिया है।

**वृक्ष सुरक्षा दिवस**



**बिहार** में सोमवार को रक्षाबंधन के मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वृक्ष सुरक्षा दिवस मनाते हुए पेड़ों को राखी बांधी। उन्होंने आह्वान किया कि पेड़ों की रक्षा करने का संकल्प लिया जाना चाहिए।

# किशोरी हत्याकांड का आरोपी संजय यादव समेत पांच गिरफ्तार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुजफ्फरपुर.** मुजफ्फरपुर के पारू थाना क्षेत्र में लालू छपरा गांव में अनुसूचित जाति की लड़की की हत्या के मुख्य आरोपी संजय यादव उर्फ संजय राय समेत पांच को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसपी राकेश कुमार ने बताया कि 12 अगस्त को लालू छपरा गांव से एक नाबालिग छात्रा का शव बरामद किया गया था। एसआईटी ने एक आरोपी मिथलेश राम को गिरफ्तार किया था। मुख्य आरोपी संजय राय को अररिया जिला से सोमवार को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि संजय राय के सहयोगी पंकज पासवान, चुन्नू और मुन्ना पासवान को भी गिरफ्तार किया गया है।

**आरोपी का घर जमींदोज:** गौरतलब है कि लड़की की हत्या का आरोपी संजय यादव उर्फ संजय राय फरार चल रहा था। उसके घर पर पुलिस ने बुलडोजर चलाया था और घर की कुर्की भी की थी। संजय यादव पर लड़की को उसके घर से अगवा करने और बाद में उसकी हत्या करने का आरोप है।

**उपद्रव किया तो नेतृत्व को पकड़ा:** इस दौरान उपद्रवियों ने कई घरों में तोड़फोड़ और लूटपाट की। उपद्रवियों ने ट्रैक्टर, जेसीबी एवं अन्य गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। पारू थाने की पुलिस ने जब उपद्रवियों को रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने पथराव किया। कई थानों की पुलिस ने मौके पर पहुंच स्थिति संभाली।

## अभिनेता घनश्याम चक्रवर्ती का निधन

**हास्य नाट्य कलाकार को प्रशंसकों ने दी श्रद्धांजलि**

**गोड्डा @ पत्रिका .** मशहूर हास्य एवं नाट्य कलाकार घनश्याम चक्रवर्ती उर्फ घनश्याम पंडित का सोमवार को उनके पैतृक गांव कुरमन में निधन हो गया। वह 65 वर्ष के थे।

घनश्याम चक्रवर्ती के निधन की सूचना मिलते ही कुरमन गांव में शोक का माहौल व्याप्त हो गया है। निधन की सूचना मिलते ही सैंकड़ो प्रशंसकों ने उनके घर पहुंच श्रद्धासुमन अर्पित किए। घनश्याम पंडित अपने जमाने में सशक्त अभिनय प्रस्तुति से लोगों के दिलों में राज किया करते थे। घनश्याम चक्रवर्ती झारखंड बिहार के सभी जिलों में मशहूर हास्य नाट्य कलाकार के रूप में उभरे थे।

**आरती में जुटे श्रद्धालु**



**पटना.** श्रावण मास के अंतिम सोमवार को भगवान भोलेनाथ की खूब आराधना हुई। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र और धतूरे से पूजा कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। पटना के एक मंदिर में आरती में जुटे श्रद्धालु।

हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। –**वाल्तेयर**



राजस्थान पत्रिका
संस्थापक
कर्पूर चन्द्र कुलिश

# धरातल पर उतारें वर्षा जल सहेजने की योजनाएं

मेहरबान हुए मानसून ने इस बार देश भर में जलस्रोतों को समृद्ध कर दिया है। इस समृद्धि का अनुमान इससे ही लगाया जा सकता है कि देश के प्रमुख 150 जलाशयों में अब तक भंडारण क्षमता का 69 फीसदी पानी आ चुका है। इनमें देश के प्रमुख बड़े बांध शामिल हैं। मानसून का दौर अभी बाकी है इसलिए यह जलभराव और बढ़ने की उम्मीदें बनी हुई हैं। एक बारगी तो ये उम्मीदें खुशियां बढ़ाने वाली लगती हैं लेकिन हर बार जब गर्मी के दौर में देश के बड़े हिस्से में जलसंकट की खबरें आती हैं तो यह चिंता भी होना स्वाभाविक है कि आखिर पर्याप्त वर्षा के बावजूद बूंद-बूंद के लिए तरसने की नौबत क्यों आ जाती है?

कहा तो यह जा रहा है कि बांधों का यह पानी न केवल पेयजल और सिंचाई आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त होगा बल्कि बिजली उत्पादन बढ़ाने में भी मददगार होगा। लेकिन जब जलसंकट का जिक्र आता है तो यही बात सामने आती है कि हमने भूजल के अंधाधुंध दोहन में कोई कसर नहीं रखी और वर्षा जल के संग्रहण में भी कोताही बरती। यह सही है कि इस बार अतिवृष्टि ने कई हिस्सों में बाढ़ के हालात भी पैदा किए हैं। हर बार गर्मियों में जलसंकट के हालात भी सामने आते ही हैं।

हकीकत यह है कि प्रकृति जब भी प्रचुर मात्रा में जल उपलब्ध कराती है यदि उसको सहेजने पर ज्यादा ध्यान दिया जाए तो जलसंकट की कभी नौबत ही नहीं आ सकती। दरअसल, पानी न केवल ऊर्जा और कृषि उत्पादन के लिए आवश्यक घटक है बल्कि औद्योगिक उत्पादन भी पूरी तरह से पानी पर ही निर्भर करता है। ऐसे में जल सहेजने में कोताही बरतने का सीधा-सा अर्थ है विकास के पायदान पर तेजी से नीचे गिरना। सवाल सिर्फ भारत का ही नहीं, एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया की करीब एक चौथाई आबादी वाले 25 देशों में जलसंकट जिस गति से बढ़ रहा है, उससे वर्ष 2050 तक इन देशों की जीडीपी को आधे से ज्यादा का नुकसान हो जाएगा। नीति आयोग की एक ताजा रिपोर्ट में भी कहा गया है कि देश के 21 बड़े शहरों में भूजल खत्म होने के कगार पर हैं। बड़ी वजह यही है कि धरती से निकाले गए जल को हमने वापस धरती को नहीं लौटाया, न ही पर्यावरण संरक्षण की चिंता की।

जलशक्ति मंत्रालय के नवीनतम आंकड़े भले ही राहत देने वाले हैं, जिनके अनुसार देश में भूजल दोहन में विगत पांच वर्षों के मुकाबले तीन फीसदी कमी आई है लेकिन इसे बेहतर स्थिति नहीं कहा जा सकता। मंत्रालय के 'कैच द रेन' अभियान का असर दिखना भी चाहिए। ऐसा तब ही होगा जब वर्षा जल सहेजने की योजनाएं धरातल पर उतरें।

**राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा दिवस आज:** विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए

# ऊर्जा सुरक्षा और बदलाव में समन्वय भी जरूरी



**मिलिंद कुमार शर्मा**
एमबीएम विश्वविद्यालय, जोधपुर के प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर
@patrika.com


**तमाम चुनौतियों के बीच एक ओर भारत को आर्थिक विकास व ऊर्जा सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना होगा, वहीं दूसरी ओर जलवायु परिवर्तन से निपटने एवं वर्ष 2070 तक नेट जीरो के लक्ष्य प्राप्ति हेतु सतत ऊर्जा संक्रमण को सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे।**

जलवायु परिवर्तन की समस्याओं ने मानव अस्तित्व के लिए गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। विश्व आर्थिक मंच के वैश्विक संकट प्रतिवेदन 2024 के अनुसार जलवायु परिवर्तन को शीर्ष दस संकटों में से एक बताया गया है। हाल ही में आयोजित कोप-28 सम्मेलन में सभी भागीदार देशों ने इस संकट से निपटने के लिए जीवाश्म ईंधन से स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की ओर बढ़ने का संकल्प लिया है, जो कि पेरिस संधि के वैश्विक तापमान को औद्योगिक काल की तुलना में 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड से बढ़ने से रोकने के लिए आवश्यक होगा। ऊर्जा संक्रमण 'एनर्जी ट्रांजिशन' अर्थात जीवाश्म ईंधनों से स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की ओर बढ़ना जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौती से सामना करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस दृष्टि से नवीकरणीय ऊर्जा, इस लक्ष्य की प्राप्ति में मील का पत्थर सिद्ध हो सकती है।


नवीकरणीय अथवा अक्षय ऊर्जा गैर जीवाश्म स्रोतों, यथा सौर, पवन, जलविद्युत ऊर्जा, बायोमास आदि से उत्पन्न होती है। इनसे न केवल कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित किया जा सकता है, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा के लक्ष्य को भी गति दी जा सकती है। भारत ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि प्राप्त की है। पेरिस संधि के अंतर्गत भारत ने अपनी कुल ऊर्जा क्षमता का 40 प्रतिशत भाग गैर-जीवाश्म स्रोतों के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य अपनी निर्धारित तिथि से 9 वर्ष पूर्व प्राप्त कर अक्षय ऊर्जा के प्रति अपने संकल्प को दृढ़ किया है। यह लक्ष्य भारत ने अब 50 प्रतिशत कर दिया है। वर्तमान में भारत में अक्षय ऊर्जा की कुल क्षमाता 190 गीगावॉट है, जो कि विश्व में चतुर्थ स्थान पर है एवं इससे उत्पन्न होने वाली ऊर्जा की दृष्टि से भारत तृतीय स्थान पर आता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत अक्षय ऊर्जा को प्रोत्साहन दे रहा है। इसमें अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन एवं वैश्विक बायोफ्यूल संधि उल्लेखनीय है। अक्षय ऊर्जा में वृद्धि से भारत अपने सकल घरेलू उत्पादन की ऊर्जा तीव्रता को वर्ष 2005 की तुलना में 33 प्रतिशत कम करने में सफल हुआ। यह लक्ष्य भी भारत अपने तय समय से 11 वर्ष पूर्व अर्जित करने में सफल हुआ है। यद्यपि अक्षय ऊर्जा में अनेक संभावनाएं अंतर्निहित हैं, तथापि इससे संबंधित चुनौतियों पर भी प्रकाश डालना उचित होगा।













पहली चुनौती ऊर्जा अंतर्विराम की है। अपर्याप्त भंडारण व संचयन के कारण अक्षय ऊर्जा सतत रूप से उपलब्ध नहीं हो पाती है, क्योंकि सूर्य व वायु जलवायु एवं पृथ्वी चक्र के अनुरूप परिवर्तित होते रहते हैं। अतः अत्यधिक भार की स्थिति में यह ऊर्जा अनुपयोगी सिद्ध होती है, इसके फलस्वरूप ग्रिड स्थिरता को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है। एक और चुनौती अक्षय ऊर्जा के संयंत्रों के लिए भूमि अधिग्रहण की है क्योंकि इससे स्थानीय जन-जातियों का विरोध उपक्रमों को झेलना होता है। एक शोध के अनुसार, एक मेगावॉट सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए एक से डेढ़ हेक्टेयर भूमि आवश्यक होती है, अर्थात 60 गीगावॉट ऊर्जा क्षमता हेतु अखिल भारतीय स्तर पर 600-900 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल भूमि का अधिग्रहण करना होगा जो कि घटते भूमि संसाधन की दृष्टि से चुनौतीपूर्ण लक्ष्य है। अक्षय ऊर्जा संयंत्रों से संबंधित खनिजों की खनन गतिविधियां भी पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं, इनसे प्रदूषण फैलता है एवं जल का अनियंत्रित उपयोग होता है। इसके अतिरिक्त, वन उन्मूलन की भी जटिल समस्या है।

यद्यपि पारम्परिक रूप से अक्षय ऊर्जा की ओर बढ़ने से कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित किया जा सकेगा तब भी इसके कार्बन फुटप्रिंट का आकलन भी अति आवश्यक है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार स्वच्छ ऊर्जा की पूर्ण मूल्य श्रृंखला (खनन से घरों तक ऊर्जा पहुंचाने तक) में होने वाले उत्सर्जन का छिपा हुआ मूल्य अत्यधिक है। अक्षय ऊर्जा से होने वाले अपशिष्ट पर भी चिंतन करना होगा। सौर पैनल एवं पवन चक्कियों को हर कुछ दशकों में प्रतिस्थापित करना होता है। इससे होने वाले अपशिष्ट का पुनर्चक्रण न होने से अनुपयोगी भूमि पर भार बढ़ता है एवं इनसे निकलने वाले विषैले पदार्थों से मृदा की उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। एक शोध के अनुसार, वैश्विक रूप से इस अपशिष्ट की मात्रा वर्ष 2050 तक 78 मिलियन टन तक होने की संभावना है। साथ ही परम्परागत ऊर्जा स्रोतों से अक्षय ऊर्जा की ओर बढ़ने व इसके लिए आवश्यक तकनीकी संसाधन जुटाने के लिए 2030 तक लगभग 2.5 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर धनराशि की उपलब्धता भी गंभीर चुनौती है। नीति आयोग के अनुमान के मुताबिक, वर्ष 2047 तक भारत की ऊर्जा मांग 2 से 2.5 गुना बढ़ने की संभावना है।

अतः इन चुनौतियों के मध्य जहां एक ओर भारत को आर्थिक विकास व ऊर्जा सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना होगा वहीं दूसरी ओर जलवायु परिवर्तन से निपटने एवं वर्ष 2070 तक नेट जीरो के लक्ष्य प्राप्ति हेतु सतत ऊर्जा संक्रमण को सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे। वर्तमान में कोयले आधारित संयंत्रों की ऊर्जा उत्पादकता बढ़ाने के लिए सुपर क्रिटिकल प्रौद्योगिकी एवं उत्सर्जन कम करने के लिए कार्बन कैप्चर युटिलाइजेशन एंड स्टोरेज के क्रियान्वयन पर तेजी से काम करना होगा। साथ ही कोयले गेसिफिकेशन एवं कोल-बेड मीथेन के उत्पादन पर बल देना होगा। नाभिकीय ऊर्जा विशेषतः लघु मॉड्यूलर रूप में विकसित करनी होगी। इसके अतिरिक्त अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में घरेलू पारिस्थितिकी को विकसित करने यथा बैटरी उत्पादन, सौलर पैनल, महत्त्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला के सुदृढ़ीकरण पर ध्यान देना होगा। अक्षय ऊर्जा के सफल क्रियान्वयन से ही भारत वर्ष 2030 तक 5 मिलियन मेट्रिक टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन के महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य को अवलम्बन प्राप्त होगा। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में आर्थिक प्रगति व गरीबी उन्मूलन हेतु ऊर्जा सुरक्षा एवं सतत विकास हेतु आवश्यक ऊर्जा संक्रमण के मध्य उचित समन्वय ही संधारणीय व समावेशी विकास को सुनिश्चित कर सकेगा।

## फैक्ट फ्रंट


### ईस्टर्न ब्लूबर्ड



ईस्टर्न ब्लूबर्ड एक छोटा उत्तरी अमरीकी प्रवासी थ्रश (छोटे या मध्यम आकार का सॉन्गबर्ड) है जो खुले जंगलों, खेतों और बगीचों में पाया जाता है। प्रजनन काल के समय नर के चमकीले नीले रंग के पंखों के कारण इसे आसानी से तारों या खुले बसेरे पर देखा जा सकता है और यही इस प्रजाति को पक्षी प्रेमियों का पसंदीदा बनाता है। यह मिसौरी और न्यूयॉर्क का राज्य पक्षी है। आम तौर पर इनकी उम्र 6 से 10 वर्ष होती है। ये ज्यादातर कीड़े, जंगली फल और बेरी खाते हैं।

## बैक्ट्रियन नोएमी: दो कूबड़ तो हैं ही, और भी कई बातें अलग हैं!

*__लंदन चिड़ियाघर__ में सोनवार को वार्षिक वजन-माप के दौरान, रखवाले मिक टिली द्वारा तौले जाने के लिए तराजू पर खड़ी नोएमी नामक एक बैक्ट्रियन ऊंट। चिड़ियाघर के रखवालों के लिए वार्षिक वजन-माप संरक्षण यह सुनिश्चित करने का एक अवसर है कि उन्होंने पूरे वर्ष जानवरों पर जो जानकारी दर्ज की है वह सटीक है। बैक्ट्रियन ऊंट, जिन्हें मंगोलियाई ऊंट, घरेलू बैक्ट्रियन ऊंट या दो कूबड़ वाला ऊंट भी कहा जाता है, मध्य एशिया के मैदानों का एक बड़ा ऊंट है। इसकी पीठ पर दो कूबड़ होते हैं, जबकि एक कूबड़ वाला ड्रोमेडरी ऐसा नहीं है। इसकी 20 लाख की आबादी मुख्य रूप से पालतू रूप में मौजूद है। ठंड, सूखे और ऊंचाई के प्रति अपनी सहनशीलता के कारण प्राचीन काल से ही पालतू बैक्ट्रियन ऊंटों ने सिल्क रोड पर सफर को सक्षम बनाया। बैक्ट्रियन ऊंट अपनी अंडाकार लाल रक्त कोशिकाओं के कारण अन्य सभी स्तनधारियों से भिन्न होते हैं। रेगिस्तानी जीवन के लिए पूरी तरह से अनुकूलित, वे कई दिनों तक बिना पानी पिए या खाए रह सकते हैं। जब वे जलस्रोत तक पहुंचते हैं तो शरीर के तरल पदार्थ की सामान्य मात्रा को बहाल करने के लिए 57 लीटर तक पानी ले सकते हैं।*



## प्रसंगवश

### धारदार हथियारों की स्पष्ट कानूनी व्याख्या से ही लगेगी पाबंदी

**सजावटी तलवार, ढाल व चाकू देखने में भले अच्छे लगें पर इनका खुलेआम प्रदर्शन व बिक्री चिंता का सबब हैं**

हमारे कानून में दी गई हथियार की परिभाषा को ढाल बनाते हुए मेलों, हाट और पर्यटक स्थलों के आसपास ऐसे हथियारों की नुमाइश खूब होने लगी है जिनका इस्तेमाल अपराधों में आसानी से किया जा सकता है। सजावटी तलवार, ढाल, चाकू व फरसे देखने में भले अच्छे लगें पर इनका खुलेआम प्रदर्शन व बिक्री चिंता पैदा करती है। राजधानी जयपुर, जोधपुर व उदयपुर के पर्यटन स्थल हों या फिर तीर्थनगरी पुष्कर व नागौर या फिर प्रदेश के छोटे-बड़े शहरों में लगने वाले मेले या हाट। सब जगह ये उपलब्ध हैं। न तो बेचने वालों को इनसे होने वाले खतरे का अहसास है और न ही खरीदने वालों को, जबकि ये घरों, होटलों, रिसॉर्ट अथवा अन्य जगहों पर सजावटी सामग्री के रूप में इस्तेमाल होते हैं। पूर्व की भारतीय दंड संहिता में और नई भारतीय न्याय संहिता में खुलेआम बिकने वाले लोहे के चाकू-तलवार, फरसों पर पाबंदी को लेकर कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं हैं। इससे भी आगे बढ़कर अब तो स्वचालित चाइनीज और यूरोपीय देशों के चाकू भी बाजारों में बिक रहे हैं।

कानूनी तौर पर अवैध हथियार वह है, जो धारदार और नौ इंच लम्बा व दो इंच चौड़ा हो। संभवतः इसी कानूनी पेंच को ढाल बनाकर सजावटी फरसे, तलवार-चाकू, कैंची बिक रहे हैं। हद तो तब है जब आपराधिक प्रवृत्ति के लोग इन्हें धार देकर घातक हथियारों के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। जब-तब इनके खिलाफ सख्ती होती है तो इस काम में जुटे परिवारों की रोजी-रोटी से भी जोड़कर देखा जाता रहा है। इसके बावजूद अब ऐसे प्रदर्शन को रोकना इसलिए जरूरी हो गया है क्योंकि मोबाइल व सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हिंसक वीडियो, फिल्म, मीम्स देखकर खास तौर से किशोरवय में उत्तेजना, अवसाद, व मानसिक तनाव के मामले बढ़ने लगे हैं। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र के अध्ययन में पाया गया है कि तीन से 17 साल के करीब 22.8 प्रतिशत बच्चे तनाव, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य विकारों से जूझ रहे हैं। ऐसे में साधारण से लगने वाले इन सजावटी हथियारों के आपराधिक वारदातों में इस्तेमाल होने का खतरा भी बढ़ गया है। ऐसे भी उदाहरण सामने आए हैं जब इन सजावटी हथियारों का इस्तेमाल घरेलू हिंसा में हुआ है। वक्त रहते ऐसी घातक सजावटी सामग्री को लेकर भी नियम-कायदे बनाने होंगे। साथ ही इनकी खरीद-बिक्री के लिए कोई न कोई दिशा-निर्देश जारी करने होंगे।

**-युगलेश शर्मा**
yuglesh.sharma@epatrika.com

**धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता:** 76वें गणतंत्र दिवस पर 'धर्म के आधार पर कानून लागू किए जाने को लेकर' देने होंगे जवाब

# कानूनों के संहिताकरण का धर्म से नहीं कोई लेना-देना



**प्रो गौरव वल्लभ**
वित्त के प्रोफेसर और भाजपा नेता
@patrika.com

**देश का बड़ा वर्ग यह महसूस करता है कि वर्तमान नागरिक संहिता एक साम्प्रदायिक नागरिक संहिता है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी समान नागरिक संहिता पर बार-बार चर्चा की है और आदेश पारित किए हैं।**

देश को धर्म व ऊंच-नीच के आधार पर बांटने वाले कानूनों को खत्म करने की वकालत करते हुए सेकुलर सिविल कोड अर्थात धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता लागू करने पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह साफ कर दिया है कि गठबंधन सरकार की स्थिरता और मजबूती को लेकर कोई गलतफहमी में न रहे। स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से पीएम के संबोधन ने जाहिर कर दिया है कि सरकार पर उनका पूर्ण नियंत्रण है और उनके लक्ष्यों में बदलाव नहीं आया है। पीएम का यह संबोधन हमेशा की तरह ऊर्जा और दृढ़ संकल्प से भरा हुआ नजर आया। धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता शब्द का इस्तेमाल करते हुए पीएम का यह कथन गौर करने लायक है कि देश का बड़ा वर्ग यह महसूस करता है कि वर्तमान नागरिक संहिता एक साम्प्रदायिक नागरिक संहिता है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी समान नागरिक संहिता पर बार-बार चर्चा की है और आदेश दिए हैं। इसीलिए देश को धार्मिक आधार पर विभाजित करने वाले कानूनों को समाप्त किया जाना चाहिए। आधुनिक समाज में उनके लिए कोई जगह नहीं है। समय की मांग है कि एक धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता (एससीसी) हो।

प्रधानमंत्री के संबोधन में 'धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता' वाक्यांश इस्तेमाल होने के अपने निहितार्थ हैं। संभवतः समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की जगह धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता (एससीसी) का इस्तेमाल उन्होंने इसलिए किया ताकि विपक्षी दल इसका अनावश्यक विरोध न कर सकें। देश में धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता की वकालत संविधान सभा में डॉ. बीआर अंबेडकर द्वारा दिए गए तर्कों के बिल्कुल अनुरूप है। अनुच्छेद 44 (यूसीसी) को 23 नवंबर, 1948 को संविधान सभा में डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने अनुच्छेद 35 के प्रारूप के रूप में पेश किया और उसी दिन सर्वसम्मति से पारित भी कर दिया गया। इसमें कहा गया था - राज्य, नागरिकों के लिए पूरे भारत में समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।

संविधान सभा में चर्चा के दौरान, हुसैन इमाम और कुछ अन्य सदस्यों द्वारा संशोधन पेश किए गए कि 'कोई भी समूह, वर्ग या समुदाय या लोग अपने व्यक्तिगत कानून को छोड़ने के लिए बाध्य नहीं होंगे, यदि उनके पास ऐसा कोई कानून है, और, बशर्ते कि किसी भी समुदाय का व्यक्तिगत कानून, जिसकी गारंटी कानून द्वारा दी गई है, समुदाय की पूर्व स्वीकृति के बिना नहीं बदला जाएगा।' डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने चर्चा के दौरान अपने जवाब में कहा- 'मुझे डर है कि मैं इस अनुच्छेद में पेश किए गए संशोधनों को स्वीकार नहीं कर सकता। मेरे मित्र, हुसैन इमाम ने संशोधनों का समर्थन करते हुए पूछा कि क्या इतने विशाल देश के लिए एक समान कानून संहिता होना संभव और वांछनीय है। हमारे देश में मानवीय संबंधों के लगभग हर पहलू को कवर करने वाली एक समान कानून संहिता है। हमारे पास पूरे देश में एक समान और पूर्ण आपराधिक संहिता है, जो दंड संहिता और आपराधिक प्रक्रिया संहिता में निहित है। हमारे पास संपत्ति के हस्तांतरण का कानून है, जो संपत्ति संबंधों से संबंधित है और जो पूरे देश में लागू है। फिर परक्राम्य लिखत अधिनियम (निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट) है, और मैं ऐसे असंख्य अधिनियमों का हवाला दे सकता हूं जो साबित करेंगे कि इस देश में व्यावहारिक रूप से एक नागरिक संहिता है, जो समान है और पूरे देश में लागू है।'

1985 में, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश वाई.वी. चंद्रचूड़ ने 'शाह बानो मामले' में इसी तरह के विचार व्यक्त किए थे। यह मामला एक मुस्लिम तलाकशुदा शाह बानो बेगम के बारे में था। उसने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत भरण-पोषण के लिए आवेदन किया था। उसके पक्ष में फैसला सुनाया गया था। पर पति मोहम्मद अहमद खान ने इस आधार पर सर्वोच्च न्यायालय में अपील की थी कि धारा 125 मुसलमानों पर लागू नहीं होनी चाहिए क्योंकि यह मुस्लिम पर्सनल लॉ के विपरीत है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि धारा 125 सभी व्यक्तियों पर लागू होती है, चाहे उनका धर्म या पर्सनल लॉ कुछ भी हो। वर्ष 2003 में जॉन वल्लमट्टम बनाम भारत संघ मामले में, सर्वोच्च न्यायालय ने फिर कहा था कि 'यह खेद का विषय है कि संविधान के अनुच्छेद 44 (यूसीसी) को प्रभावी नहीं किया गया है।' सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार से पूछा कि क्या वे समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए तैयार हैं। 'समान नागरिक संहिता का क्या हुआ? आप इसे क्यों नहीं बनाते और क्यों लागू नहीं करते?' चौधरी हैदर हुसैन और बॉम्बे हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एमसी छागला जैसे प्रख्यात मुस्लिम न्यायविदों ने भी अनुच्छेद 44 (यूसीसी) को मजबूती से बरकरार रखा था।

अगले वर्ष 26 जनवरी को जब हम 76वां गणतंत्र दिवस मनाएंगे तब हमें इस सवाल का जवाब देना होगा कि 'क्या हमें उस युग में ही रहना है जब एक महिला या किसी अन्य वर्ग या समुदाय पर धर्म के आधार पर कानून लागू होते थे?' यदि इसका उत्तर नहीं में है तो धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता (एससीसी) को लागू करना होगा। एससीसी को लागू करना डॉ. बी.आर. अंबेडकर के सपनों को पूरा करने के बराबर होगा क्योंकि कानूनों के संहिताकरण का धर्म से कोई लेना-देना नहीं।

## आपकी बात

### पारदर्शिता हो तो लोकहित में

**लेटरल** भर्ती प्रक्रिया का विरोध राजनीतिक कारणों से हो रहा है। विपक्ष का दावा है कि इसमें आरक्षण का प्रावधान नहीं है। लेटरल भर्ती प्रक्रिया का लोकहित में बेहतर इस्तेमाल किया जा सकता है बशर्ते कि ये भर्तियां पारदर्शी तरीके से हों। **-ललित महालकरी, इंदौर**

**आज का सवाल**

**डेमोग्राफिक डिविडेंड पर चर्चा के बीच नारायण मूर्ति देश की आबादी को लेकर चिंतित क्यों हैं?**

ईमेल करें
edit@epatrika.com

**patrika.com** पर पढ़ें

**पाठकों की प्रतिक्रियाएं**

इसे स्कैन करें

**पत्रिकायन** का सवाल था, 'लेटरल एंट्री के जरिए उच्च पदों पर भर्ती का विरोध क्यों किया जा रहा है?' प्रतिक्रियाएं ऑनलाइन भी देखें। https://shorturl.at/4bLIv

## मेडिकल कॉलेज में संविदा में ज्वाइन नहीं करना चाहते डॉक्टर

**रायपुर@पत्रिका.** पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में कोई भी डॉक्टर अब संविदा में ज्वाइन नहीं करना चाहते। हाल ही में हुए वॉक इन इंटरव्यू को देखकर तो ऐसा लगता है। असिस्टेंट प्रोफेसर के 55 समेत 81 खाली पदों के लिए हुए इंटरव्यू में महज 11 डॉक्टर पहुंचे। इनमें 6 अपात्र रहे। जबकि, तीन का चयन किया गया है। खाली पदों में आधे से ज्यादा यानी 42 पद एसटी-एससी वर्ग के लिए आरक्षित हैं। इनमें एक पद भी नहीं भरा जा सका। पिछले 10 साल से आरक्षित वर्ग के डॉक्टरों का पद ऐसे ही खाली है। दूसरी ओर कम वेतन का तर्क देकर डॉक्टर कॉलेज में ज्वाइन करने से बच रहे हैं। जो ज्वाइन करना चाहते हैं या तो उन्हें टीचिंग का शौक होता है अथवा कुछ डॉक्टर डिग्री लेने के बाद अनुभव के लिए ज्वाइन करना चाहते हैं। जब इन्हें सर्जरी में हाथ सफाई हो जाती है, तो इस्तीफा देकर निजी अस्पताल ज्वाइन कर लेते हैं। ऐसे सैकड़ों केस हैं, जिसमें ऐसा हुआ है। जिन असिस्टेंट प्रोफेसरों का चयन किया गया, उनमें ऑब्स एंड गायनी व ट्रामा के लिए ऑर्थोपीडिक सर्जन शामिल हैं। वहीं सीटीवीएस में एक जूनियर डॉक्टर का चयन किया गया है। चुनाव के बाद हुए पहले वॉक इन इंटरव्यू में उम्मीद के अनुसार डॉक्टर नहीं पहुंचे।

## शेयर बाजार में अधिक मुनाफे का झांसा देकर 50 लाख की ठगी

**अंबिकापुर @ पत्रिका.** शेयर बाजार में इन्वेस्ट कराकर रुपए डबल करने का झांसा देकर 50 लाख रुपए की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सौरभ गुप्ता शहर के मायापुर का रहने वाला है। जुलाई 2023 में एमपी के एक व्यक्ति इसकी जान-पहचान हुई थी। उसने सौरभ को शेयर बाजार की जानकारी दी और इसमें रकम इन्वेस्ट करने पर डबल होने का झांसा दिया था। झांसे में आकर सौरभ ने अक्टूबर से दिसंबर 2023 के बीच उस व्यक्ति के अकाउंट में 50 लाख रुपए ट्रांसफर किए थे। 7 महीने बाद सौरभ ने जब उससे संपर्क किया तो वह टालमटोल करने लगा।

# एक्स पर # हमर विष्णु भैया रहा टॉप पर, राखी बांधकर बहनें बोलीं- मुख्यमंत्री हर महीने भेजते हैं खुशहाली की सौगात

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** रक्षाबंधन के पवित्र अवसर पर प्रदेश में माताओं-बहनों ने बड़े ही उत्साह से अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर यह पावन पर्व मनाया। इस अवसर पर सोमवार को एक्स पर हैश टैग हमर विष्णु भैया अभियान दिनभर ट्रेंडिंग करता रहा। बहनों ने महतारी वंदन, पीएम आवास योजना की स्वीकृति व अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताते हुए एक्स पर पोस्ट किया। पूरे प्रदेशवासियों की इस अभियान में भागीदारी रही। सीएम को राखी बांधने के बाद महतारी वंदन योजना से लाभावित बहनों ने कहा, साल में एक बार राखी का त्योहार, लेकिन मुख्यमंत्री हर महीने भेजते हैं हमारी खुशहाली का उपहार। सीएम ने कहा, प्रदेश की बहनों के साथ और स्नेह से अभिभूत, महिलाओं के सम्मान, समृद्धि और सुरक्षा को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई।

### सीएम हाउस में मना उत्साह से रक्षाबंधन का त्योहार

**रक्षाबंधन** का त्योहार सीएम हाउस में धूमधाम से मनाया गया। रक्षाबंधन का त्योहार मनाने ट्रांसजेंडर भी मुख्यमंत्री निवास पहुंचे थे। उन्होंने पहली बार सीएम को राखी बांधी। स्वच्छता दीदियों, स्वसहायता समूह की बहनों, सीएम को राखी बांधकर रक्षाबंधन मनाया।






**हाथ नहीं, पैरों से मुख्यमंत्री को बांधी राखी :** हाथ नहीं, लेकिन पैरों से वर्षा ध्रुव ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को राखी बांधी। रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास पहुंची धमतरी की विकलांग बालिका वर्षा ध्रुव ने कहा, आज मैं बहुत खुश हूं, मैंने मुख्यमंत्री को राखी बांधी। जैसे एक भाई अपनी बहन की रक्षा करते है, वैसे ही हमारे मुख्यमंत्री प्रदेश की बहनों की रक्षा करते हैं। धमतरी की विकलांग बालिका वर्षा ध्रुव ने पैरों से राखी बांधी और मुख्यमंत्री साय को अपनी पैरों से मिठाई भी खिलाई। मुख्यमंत्री इस दौरान थोड़े भावुक भी हुए और कहा, वर्षा की जिजीविषा और स्नेह ने इस मौके बहुत खास बना दिया है। मुख्यमंत्री साय ने वर्षा को उपहार स्वरूप मिठाइयां भेंट की और उसे सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## प्रदेश में पहली बार ट्रांसजेंडरों ने बांधी सीएम को राखी

### उज्जैन में सपरिवार किए महाकाल के दर्शन

**मुख्यमंत्री** विष्णु देव साय पवित्र सावन मास के अंतिम सोमवार को बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में सपरिवार श्री महाकालेश्वर के दर्शन किए। मुख्यमंत्री साय ने पवित्र ज योतिर्लिंग की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। महाकाल के दर्शन के बाद सीएम साय से मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के संबंध में विभिन्न विषयों पर सारगर्भित चर्चा हुई।

## सच आया सामने : रायपुर के दो चर्चित मामले निकले फर्जी

# क्राइम सीन ने खोली झूठी कहानी की पोल

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर** राजधानी रायपुर की पुलिस के सामने जब ये दो मामले सामने आए तो उनके हाथ-पांव फूल गए। एक मामला बच्चों से जुड़ा था तो एक डकैती का। पुलिस जांच शुरू की तो दोनों ही मामले फर्जी निकले। दोनों ही मामलों में पीड़ितों ने खुद को बचाने के लिए पुलिस के सामने कहानी गढ़ी लेकिन ये कहानी चल नहीं पाई और जांच में पीड़ित ही आरोपी बनते-बनते रह गए।

### बच्चों ने बनाई एसिड अटैक की झूठी कहानी

शहर के डी.डी. नगर इलाके में 15 वर्षीय बालक के चेहरे पर एसिड अटैक के मामले में उस वक्त नया मोड़ गया जब पुलिस को जांच में पता लगा कि बच्चों ने माता-पिता की डांट से बचने के लिए खुद पर एसिड से हमला होना बताया। दरअसल 17 अगस्त को डी.डी. नगर थाना क्षेत्र में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दो अज्ञात लड़कों ने बाइक से आकर बालक के चेहरे पर कोई ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया जिस समय दोनों कहीं पैदल जा रहे थे। जिससे वह बुरी तरह जल गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी।

#### पुलिस की जांच और सच्चाई का खुलासा

- पुलिस इलाके के सीसीटीवी के फुटेज खंगाले। इसमें कहीं भी बालक और उसके छोटे भाई के दिखाई देने के सबूत नहीं मिले।
- आसपास के लोगों से पूछताछ में भी इस घटना की पुष्टि नहीं हो सकी।
- पुलिस की जांच जब गहराई में गई, तो उन्होंने प्रार्थी के छोटे पुत्र से भी पूछताछ की।

#### ये है मामला

**छोटे** भाई ने बताया कि घटना वाले दिन, दोनों भाई स्कूल की छुट्टी के बाद घर लौटे थे। उस समय उनके माता-पिता घर पर नहीं थे। बड़े भाई ने खाना गर्म करने के लिए गैस चूल्हा जलाने की कोशिश की, लेकिन गलती से चूल्हा भभक गया और उसका चेहरा जल गया। माता-पिता के डर से दोनों भाइयों ने मिलकर एसिड अटैक की झूठी कहानी गढ़ ली।

### पति-पत्नी के विवाद ने डकैती की कहानी को दिया अंजाम

रायपुर के आदर्श विहार इलाके में जमीन कारोबारी के घर पर हुई डकैती की कहानी भी साजिश थी, जिसे पति-पत्नी के आपसी विवाद और एक तांत्रिक की चालाकियों ने अंजाम तक पहुंचाया।

**तांत्रिक ने रची साजिश :** सीएसपी उरला मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि सुबह गुढ़ियारी से फोन आया था कि एक कारोबारी के घर में डकैती हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने महिला से पूछताछ की और पूरी कहानी सामने आ गई। मामला तब शुरू हुआ जब पति-पत्नी के बीच अनबन चल रही थी। इस तनाव का फायदा उठाते हुए तांत्रिक ने एक अनुष्ठान के जरिए पति को डराया कि अगर उसने उसकी बात नहीं मानी, तो उसके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उसने पत्नी को यह विश्वास दिलाया कि यदि वह अपने घर की नगदी और जेवर नहीं निकालती, तो उसके परिवार पर बड़ी मुसीबत आ सकती है। इस डर से पत्नी ने घर की नगदी 14 लाख रुपये और जेवरात तांत्रिक के हवाले कर दिए।



बरामद आभूषण व रुपए।

**डकैती की कहानी :** तांत्रिक द्वारा नगदी और जेवर अपने कब्जे में लेने के बाद, पति और पत्नी ने तांत्रिक के कहने पर एक नकली डकैती की कहानी रची।



#### तांत्रिक गिरफ्तार

**मामले** में पुलिस ने तांत्रिक विजय पांडे को गिरफ्तार कर लिया और उससे नगदी 14 लाख रुपये समेत जेवरात जब्त कर लिए। पुलिस ने बताया कि आरोपी तांत्रिक ने मिली रकम से दो नए स्कूटर खरीदे। थाना प्रभारी केके कुशवाहा ने बताया कि दोनों स्कूटर जब्त कर लिए गए हैं। पुलिस ने तांत्रिक के खिलाफ अवैध वसूली की धाराओं में जुर्म दर्ज किया है।

#### घटना स्थल और बयान मैच नहीं हो रहे थे

- पुलिस को बताया गया था कि चार लोगों ने डकैती को अंजाम दिया। घटना स्थल पर कोई सबूत ऐसे नहीं मिले।
- डॉग स्क्वायड की टीम बार-बार परिवार के सदस्यों के पास जाकर रुक जाती थी।

## आयुष्मान भारत योजना: आंबेडकर अस्पताल के डॉक्टर हुए मालामाल, ये दो साल का इंसेंटिव, यह प्रोफेसर के वेतन से दोगुना

# डॉक्टरों को 74 लाख, कंप्यूटर ऑपरेटरों को 5 लाख इंसेंटिव

**रायपुर @ पत्रिका.** आयुष्मान भारत योजना के इंसेंटिव ने आंबेडकर अस्पताल के डॉक्टरों को मालामाल कर दिया है। कैंसर विभाग के डॉक्टरों को 74 लाख रुपए इंसेंटिव मिला है। ये अस्पताल में सबसे ज्यादा है। यह दो साल का इंसेंटिव है। वहीं स्किन के डॉक्टरों को फूटी कौड़ी नहीं मिली है। इससे उनमें नाराजगी भी है। दूसरी ओर डॉटा एंट्री ऑपरेटरों को भी पांच लाख रुपए तक बोनस मिला है।

आयुष्मान भारत योजना में कंसल्टेंट डॉक्टरों को पैकेज का 45 फीसदी इंसेंटिव देने का नियम है। यही कारण है कि कैंसर समेत दूसरे विभागों के डॉक्टरों पर धन बरस रहा है। पत्रिका की पड़ताल में पता चला है कि वर्ष 2020-21 व 2021-22 में मिले इंसेंटिव से डॉक्टरों को इतना इंसेंटिव मिल रहा है कि यह वेतन से कई गुना ज्यादा है। कैंसर विभाग का उदाहरण लें तो वहां प्रोफेसरों व एसोसिएट प्रोफेसरों को दोगुना व असिस्टेंट प्रोफेसरों को 4 गुना इंसेंटिव मिल रहा है।

वहीं रेडियोलॉजी व कार्डियोलॉजी विभाग के डॉक्टरों को 23-23 लाख रुपए मिले हैं। 2022-23 व 2023-24 में इससे दोगुना इंसेंटिव मिलने की संभावना है। दरअसल पिछले साल आंबेडकर अस्पताल में 110 करोड़ रुपए का इलाज योजना के तहत हुआ है। वहीं 2022-23 में 70 करोड़ रुपए से ज्यादा का फ्री इलाज किया गया। इससे कंसल्टेंट डॉक्टरों को तगड़ा बोनस मिलने वाला है। इसका डाटा स्टेट नोडल एजेंसी को भेज दिया है। आने वाले कुछ दिनों में ये इंसेंटिव भी डॉक्टरों के खाते में आ जाएगा।

#### स्किन के डॉक्टरों को नहीं मिली फूटी कौड़ी

अस्पताल में ऐसा भी तबका है, जिन्हें फूटी कौड़ी नहीं मिली है। स्किन विभाग के डॉक्टरों ने पत्रिका को बताया कि उन्हें एक रुपए इंसेंटिव नहीं मिला है। जबकि वे भी मरीजों का इलाज करते हैं।

आयुष्मान भारत योजना में डॉक्टर समेत दूसरे स्टाफ को परसेंटेजवाइज इंसेंटिव देने का नियम है। ऐसे में डॉटा एंट्री ऑपरेटरों को भी तगड़ा इंसेंटिव मिला है। पंप ऑपरेटर, लिफ्टमैन व टेलर को इंसेंटिव देने का नियम नहीं है। सभी का नियमानुसार इंसेंटिव दिया जा रहा है।
**-डॉ. एसबीएस नेताम,** अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

## खुलासा : सेंट्रल एजेंसी ने सभी राज्य पुलिस को दिए इनपुट


# साइबर ठगी करने वाले गिरोह का देशभर के 20 शहरों में ठिकाना

### झारखंड, राजस्थान, बिहार, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, यूपी और हरियाणा से चला रहे गिरोह

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ के साथ ही देशभर में पिछले कुछ सालों में साइबर अपराध के प्रकरण बढ़ी तेजी के साथ बढ़े हैं। शुरुआत में झारखंड के जामताड़ा जिले में ठगी करने वाला गिरोह चल रहा था। लेकिन, अब यह देशभर के 7 राज्यों के 20 शहरों तक फैल चुका है। वह सोशल मीडिया, मोबाइल और ईमेल के जरिए लोगों से संपर्क कर लॉटरी, इनाम, शेयर ट्रेडिंग और विभिन्न योजनाओं में निवेश के साथ ही डरा-धमका कर अपने जॉल में फंसा रहे हैं। इसके लिए हाईटेक कॉल सेंटर और सेटअप तैयार किया गया है। 1 जनवरी से जुलाई 2024 के बीच 7 महीनों में हुए साइबर अपराध की घटनाओं का एनालिसिस करने के बाद सेंट्रल साइबर जांच एजेंसी ने देशभर के पुलिस को इनपुट सौंपा है। इसमें साइबर अपराध से जुड़े हुए देशभर के विभिन्न जिलों की जानकारी दी गई है। साथ ही बताया अपराध के नए ट्रेंड का ब्योरा दिया गया है। बता दें कि देशभर में सबसे पहले जामताड़ा में ठगी करने वाले रैकेट के लोग सक्रिय थे। लेकिन, लगातार देशभर की पुलिस और जांच एजेंसी के दबाव के चलते विभिन्न शहरों में डेरा डालकर बैठे हुए हैं।

**विदेशों से भी कनेक्शन :** साइबर अपराध से जुड़े शातिर पेशेवरों का कनेक्शन देशभर के साथ ही विदेशों तक जुड़ा हुआ है। जांच के दौरान ऑनलाइन सट्टे से लेकर साइबर अपराध से जुड़े कई अपराधी संयुक्त राज्य अमीरात, कंबोडिया, नाइजीरिया, सिंगापुर, यूनाइटेड किंगडम से लेकर कई देशों तक मिले हैं। यहां से अपने गुर्गो के जरिए कारोबार चलाया जा रहा है। ठगी के बाद ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए रकम उनके बैंक खातों तक पहुंच रही है। इसके लिए सॉफ्टवेयर के जानकार युवकों को जोड़ने के साथ ही बेरोजगारों को प्रशिक्षण देकर अपने साथ जोड रहे हैं।



#### इन शहरों में डाला डेरा

- झारखंड में जामताड़ा, देवधर, दुमका
- राजस्थान में डींग, अलवर, जयपुर, खेरताल-तिजारा
- बिहार में नवादा, नालंदा, पटना, शेखपुरा,
- दिल्ली में उत्तर-पश्चिम दिल्ली, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली, पश्चिम दिल्ली
- पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना, कोलकाता
- उत्तर प्रदेश में मथुरा, गौतम बुध्द नगर
- कर्नाटक में बेंगलूरु
- हरियाणा में नूह

## हाईकोर्ट : अवमानना कार्रवाई की चेतावनी, 3 सितंबर को सुनवाई

# बिना अधिग्रहण के किसान की जमीन पर सड़क निर्माण, तत्कालीन कलेक्टर समेत कई अफसर तलब

**पत्रिका ब्यूरो @ बिलासपुर.** बिना अधिग्रहण के किसान की जमीन पर सड़क निर्माण करने और कोर्ट के आदेश के बाद भी मुआवजा नहीं दिए जाने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने तत्कालीन कलेक्टर, एसडीएम सहित आधा दर्जन अफसरों को अवमानना का दोषी माना है। कोर्ट ने अधिकारियों को 3 सितंबर को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया है। मामला अविभाजित जांजगीर चांपा जिले का है, जो अब सक्ती जिले में शामिल है। यहां के ग्राम अंडी किरारी निवासी नेतराम भारद्वाज और भवानी लाल भारद्वाज की जमीन पर बिना अधिग्रहण के लोक निर्माण विभाग ने सड़क का निर्माण कर दिया। इस पर भू-स्वामियों ने कलेक्टर जांजगीर के समक्ष विधिवत जमीन अधिग्रहण कर मुआवजा दिलाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका प्रस्तुत की।



**कोर्ट के आदेश का दो वर्ष बाद भी पालन नहीं :** याचिका में सचिव लोक निर्माण विभाग, कलेक्टर सह प्रभारी अधिकारी भूमि अर्जन जांजगीर चाम्पा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं भूमि अर्जन सक्ती, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग चांपा संभाग, तहसीलदार मालखरौदा को पक्षकार बनाया गया। नवंबर 2022 में जस्टिस आरसीएस सामंत ने सुनवाई में पाया कि याचिकाकर्ताओं की भूमि 2012 में ली गई है। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को 15 दिवस के अंदर अभ्यावेदन देने एवं उत्तरवादी कलेक्टर एवं भू अर्जन अधिकारी को 120 दिन के अंदर अनिवार्य रूप दावे की जांच करने और अधिग्रहण के लिए कार्यवाही शुरू करने और समय सीमा के भीतर मुआवजा निर्धारित कर भुगतान का आदेश दिया। आदेश का दो वर्ष बाद भी पालन नहीं होने पर उन्होंने अधिवक्ता योगेश चंद्रा के माध्यम से पुन हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की।

#### इन अधिकारियों को उपस्थित होना होगा

**याचिका** में कलेक्टर सक्ती नूपुर राशि पन्ना, राकेश द्विवेदी अनुविभागीय अधिकारी (पीडब्ल्यूडी) सक्ती, रूपेंद्र पटेल अनुविभागीय दंडाधिकारी मालखरौदा, सुश्री रेना जमील मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, एवं प्रज्ञा नंद, कार्यकारी अधिकारी (पीडब्ल्यूडी) ब्रिज जगदलपुर को नाम सहित पक्षकार बनाया गया है। मामले की सुनवाई जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास के कोर्ट में चल रही है। पिछली सुनवाई में अवमाननाकर्ताओं की ओर से जवाब प्रस्तुत किया गया किन्तु जवाब में आदेश का पालन किए जाने के संबंध में कुछ भी नहीं कहा गया है। जवाब से असंतुष्ट होकर कोर्ट ने अवमानना कार्रवाई की चेतावनी देते हुए प्रतिवादियों को 3 सितंबर को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश दिए हैं। सक्ती कलेक्टर के अवकाश में होने के आवेदन को स्वीकार कर कोर्ट ने उनको व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट प्रदान की है।

## चुनाव आयोग : सभी पर्यवेक्षकों की 22 को बैठक

# हरियाणा- जम्मू कश्मीर के लिए प्रदेश के 12 अफसरों को बनाया आब्जर्वर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रायपुर.** हरियाणा और जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ के 12 अफसरों को आब्जर्वर बनाए गए है। निर्वाचन आयोग ने सेंट्रल ऑब्जर्वर की नियुक्ति की है। जिनमें 9 आईएएस और 3 आईपीएस शामिल हैं।

नियुक्त सभी पर्यवेक्षकों को 22 अगस्त को नई दिल्ली बुलाया गया है। जहां सुबह 9 बजे से चुनाव आयोग की केंद्रीय पर्यवेक्षकों के साथ मीटिंग होगी।

बता दें कि जम्मू-कश्मीर में तीन चरण और हरियाणा में एक चरण में मतदान होंगे। वहीं दोनों राज्यों में वोटों की गिनती 4 अक्टूबर को होगी।

चुनाव की घोषणा के बाद निर्वाचन आयोग सफल रूप से इलेक्शन कराने की तैयारी में जुटा हुआ है। लोकसभा चुनाव में भी चुनाव आयोग ने प्रदेश के आईएएस और आईपीएस अफसरों को बड़ी संख्या में आब्जर्वर नियुक्त किया था।

इसके अलावा राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों को लोकसभा चुनाव में अन्य राज्यों के पर्यवेक्षक बनाकर भेजे गए थे।

**नया ट्रेंड** मेटा एआई ने सौंपी सवालों की लिस्ट...कहा- व्यक्तिगत संबंधों पर पूछे जा रहे सवाल

# मुझे लगता है कि मेरा पार्टनर मुझसे झूठ बोल रहा है... क्या करें?

एक्सक्लूसिव

ताबीर हुसैन
patrika.com

**रायपुर.** आर्टिफिशिल इंटेलीजेंस (एआई) हमारी जिंदगी का हिस्सा बनता जा रहा है। एक समय था जब लोग एआई से सामान्य ज्ञान ही पूछा करते थे, लेकिन अब व्यक्तिगत संबंधों पर भी सवाल पूछे जा रहे हैं। यह खुलासा खुद मेटा एआई ने किया। हमने वॉट्सऐप पर इनबिल्ड एआई से पूछा कि व्यक्तिगत संबंधों को लेकर आपसे किस तरह के सवाल पूछे जा रहे हैं। इस पर एआई ने एक लिस्ट के जरिए सवालों का पैटर्न बताया। साथ ही यह भी बताया कि एआई लोगों की समस्याओं का समाधान कैसे करता है। इस सूची में एक सवाल यह भी था कि मुझे लगता है कि मेरा पार्टनर मुझसे झूठ बोल रहा है... क्या करें?



पत्रिका AI फोटो

### एआई ऐसे देता है जवाब

व्यक्तिगत संबंधों पर जवाब के तरीकों पर एआई ने कहा कि मैं सामान्य सलाह देता हूं जो अधिकांश लोगों पर लागू होती है, लेकिन मैं यह स्पष्ट करता हूं कि यह सलाह व्यक्तिगत परिस्थितियों पर आधारित नहीं है। इसके अलावा मैं उपयोगकर्ता से अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रश्न पूछता हूं, जैसे कि उनकी स्थिति के बारे में अधिक विवरण। एआई ने बताया, यदि उपयोगकर्ता की समस्या गंभीर है या व्यक्तिगत सलाह की आवश्यकता है, तो मैं उन्हें विशेषज्ञों से परामर्श लेने की सलाह देता हूं।

मैं उपयोगकर्ता को संबंधित संसाधन प्रदान करता हूं, जैसे कि आर्टिकल्स, वीडियोज या सपोर्ट ग्रुप जो उनकी समस्या का समाधान करने में मदद कर सकते हैं।

#### यह हैं सवालों के पैटर्न

**रिश्तों में समस्याओं का समाधान:** मेरे पार्टनर और मैं लगातार लड़ रहे हैं, क्या करें?

**प्रेम और आकर्षण:** ''मैं किसी को पसंद करता हूँ, लेकिन मुझे नहीं पता कि उन्हें कैसे बताऊं?''

**दोस्ती और संबंधों की देखभाल:** ''मेरा एक दोस्त है जो मुझसे दूर हो रहा है, क्या करें?''

**परिवारिक संबंधों में समस्याएं:** ''मेरे माता-पिता और मैं अक्सर लड़ते हैं, कैसे सुधारें?''

**अकेलापन और सामाजिक संबंध:** ''मैं अकेला महसूस कर रहा हूँ, कैसे नए दोस्त बनाऊं?

**रिश्तों में विश्वास और ईमानदारी :** ''मुझे लगता है कि मेरा पार्टनर मुझसे झूठ बोल रहा है, क्या करें?''

**संबंधों में संघर्ष और समझौता:** ''मेरे पार्टनर और मैं अलग-अलग चीजों पर सहमत नहीं हैं, कैसे सुलझाएं?''

#### टॉपिक एक्सपर्ट

**एआई** का वर्किंग मॉडल पूरी तरह नॉलेज बेस्ड पर काम करता है। यह पूर्व कि घटित घटनाओं पर आधारित तथ्यों को रखता है। वह देखता है कि भूतकाल में किसी समस्या को हल कैसे किया गया था या भविष्य में उसका हल क्या आया था। जैसे कि पहले घर में किसी को प्रॉब्लम होती थी तो वह बड़े-बुजुर्ग से समाधान मांगते थे। बुजुर्ग अपने अनुभव के आधार पर उन्हें समस्या का हल बताते थे। एआई में जितना भी डेटा फीड होगा, वह उतना ही अच्छा वह हल दे पाएगा। एआई जर्नलाइज सॉल्युशन देता है। व्यक्ति विशेष के लिए नहीं। जैसे कहीं भूकम्प आता है तो क्या करना चाहिए। आमतौर पर यही कहा जाता है कि आपको मैदानी इलाकों में जाना है, बड़ी बिल्डिंग में नहीं, लिफ्ट का इस्तेमाल नहीं।
**-प्रो. नरेश नागवानी,** सीएस एंड इंजीनियरिंग एनआईटी, रायपुर

सावन मास की आखिरी सवारी

# पांच स्वरूपों में बाबा महाकाल ने दिए दर्शन, लगा सवा लाख लड्डुओं का भोग





उज्जैन@पत्रिका. सावन मास की आखिरी रक्षाबंधन के दिन निकली। बाबा महाकाल ने पांच स्वरूपों में भक्तों को दिए। रक्षाबंधन पर परंपरानुसार भगवान महाकाल को सबसे पहले राखी बांधी गई। इसके बाद सवा लाख लड्डुओं का महाभोग लगाया गया। पांचवीं सवारी में सीआरपीएफ पुलिस का 50 सदस्यीय बैंड शामिल हुआ। सभामंडप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सपत्नीक ने पूजन के बाद पालकी उठाई, बाबा महाकाल को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। वहीं छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने उज्जैन प्रवास के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर सपरिवार दर्शन-पूजन किया।

पुलिसकर्मी बोले- बदमाश को कैसे पता होगा, तुम आदिवासी हो, मोबाइल से वीडियो भी हटवाया, सामान्य धाराओं में किया केस दर्ज

# आदिवासी युवक से सरेराह बर्बरता, जूते साफ करवाए, फीता बंधवाया, हाथ के कड़े से मारा

इंदौर@पत्रिका. शहर में एक आदिवासी युवक के साथ बदमाशों ने सरेआम बर्बरतापूर्वक मारपीट कर दी। मारपीट के बाद घायल हालत में वह पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने सामान्य धाराओं में केस दर्ज कर रवाना कर दिया। घटना स्थल के फुटेज उसके मोबाइल से डिलीट कर दिए। लेकिन वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अधिकारी चेते और सोमवार शाम आरोपियों को गिरफ्तार कर जुलूस निकाला गया।

### एक आरोपी गिरफ्तार, दो की तलाश

पीड़ित (22) ने बताया घटना 18 अगस्त सुबह 7.30 बजे भंवरकुआं क्षेत्र के रिंग रोड पर वह सुबह सैलून के लिए जा रहा था। दो बाइक सवार आए और एक ने कट मार दिया। जब उसे बोला कि बाइक देखकर चलाओ तो दूसरा युवक उतरकर मारने लगा। मारपीट से बचने के लिए दौड़कर जान बचाई लेकिन आधा किमी बाद दोनों युवकों ने पकड़ लिया और बहुत मारा। आरोपी कड़े से मारते रहे। जूते साफ करवाए और फीता बंधवाया, उसे जान से मारने की धमकी दी। उनके साथ एक युवती भी थी। पीड़ित ने पुलिसकर्मियों को बताया कि वह आदिवासी है तो उसे कहा कि मारपीट करने वाले कैसे जानते हैं कि तुम आदिवासी हो। मारपीट से सिर पर चोट लगी और उस वक्त खून निकल रहा था। एसीपी देवेंद्र सिंह धुर्वे के मुताबिक, आरोपी रितेश राजपूत को गिरफ्तार किया है जबकि मनीष शर्मा व उसकी महिला मित्र की तलाश जारी है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### कबाड़ी को बम के खोल बेचने वाले दो गिरफ्तार

बैतूल. कबाड़ी को बम के खोल बेचने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों से बम के खोल के संबंध में पूछताछ कर रही हैं। बताया गया, पुलिस ने 10 अगस्त को लोहा पुल स्थित नईम कबाड़ी के गोदाम से 26 बम के खोल बरामद किए थे। गोदाम में बम के खाली खोल मिलने के बाद वसीम और शाहरुख का नाम सामने आया था। एफआइआर दर्ज होने के बाद से दोनों फरार हो गए थे।

### बस ने ऑटो को मारी टक्कर एक की मौत

सीधी. रक्षाबंधन पर तेज रफ्तार बस ने यात्रियों से भरे ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में एक यात्री की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दस घायल हो गए। हादसा सोमवार सुबह 11.30 हुआ, जब सतना से सीधी आ रही चतुर्वेदी ट्रेवल्स की बस ने रामपुर नैकिन थाना क्रॉस करने के बाद सामने से आ रही ऑटो को टक्कर मार दिया। हादसे में घायल रामशरण केवट (52) की मौत हो गई।

### 30 अगस्त से शुरू होगी यूजी की सेमेस्टर परीक्षाएं

इंदौर. डीएवीवी अगस्त-सितंबर में एक दर्जन से ज्यादा पाठ्यक्रम की परीक्षा 30 अगस्त से आयोजित करेगा। विवि ने शेड्यूल भी जारी कर दिया है।तीन शिफ्टों में होने वाली परीक्षा में 15 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। बी-वॉक, बी-लिब, बीबीए होटल मैनेजमेंट, बीबीए हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, बीबीए एटीकेटी सहित अन्य परीक्षाओं का शेड्यूल डीएवीवी ने वेबसाइट पर जारी किया है।

### महाकालेश्वर दर्शन करने जा रहे थे, ट्रक ने मारी टक्कर

देवास. भोपाल रोड पर ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। जिससे कार बेकाबू होकर सड़क किनारे गडढे में जाकर पलट गई। हादसे में परिवार के छह घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया। परिवार यूपी के प्रतापगढ़ का रहने वाला है और उज्जैन महाकाल के दर्शन के लिए जा रहा था। इस दौरान भौंरासा के पास कांकड़दा फाटे पर हादसा हुआ। घायलों में से दो लोगों को अंदरूनी चोट आई है।

किसान बोला- एमएसपी में जितना मूल्य या उससे अधिक मिले तो हो फायदा

# नुकसान दिखा तो रोटावेटर से उजाड़ दी सोयाबीन की फसल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

### किसान हताश... बीज महंगा, दवाई महंगी, अब रबी फसल की करूंगा तैयारी

मंदसौर. बीज महंगा, खेतों में दवाई महंगी और मजदूरी ज्यादा लेकिन फसलों के दाम नहीं बढ़ रहे हैं। ऐसे में मंदसौर जिले के गरोठ क्षेत्र देवरिया गांव के किसान ने सोयाबीन की फसल में नुकसान को देखते हुए 12 बीघा की सोयाबीन की खड़ी फसल को रोटावेटर चलवाकर नष्ट कर दिया है। किसान उस खेत को रबी की फसल के लिए तैयार करेगा। इसको लेकर किसान ने काम भी शुरु कर दिया। किसान द्वारा फसल नष्ट करने को लेकर अब राजनीति शुरु हो गई है।



### फायदा तो दूर सिर्फ नुकसान, 12 बीघा में सवा लाख खर्च

देवरिया के किसान कमलेश पाटीदार ने बताया कि मैंने 12 बीघा में सोयाबीन की फसल की बुआई की थी। गत वर्ष की 125 क्विंटल सोयाबीन कुछ समय पहले 3500 से 3800 के प्रति क्विंटल के भाव से बेची। ऐसे में इस साल सोयाबीन का भाव 3000 से 3500 के बीच रहने वाला है। 12 बीघा की फसल में अब तक सवा लाख रुपए खर्च कर चुका हूं। ऐसे में आने वाले दिनों में फसल निकालने का खर्चा भी होगा। जिससे नुकसान होना तय है। ऐसे में नुकसान में अधिक नुकसान ना हो इसके लिए 12 बीघा की फसल पर रोटावेटर से नष्ट करवा दिया है।

कमलेश पाटीदार ने बताया कि चुनाव में एमएसपी देने का वादा भी किया गया था। एमएसपी पर सोयाबीन का भाव 4900 है। लेकिन एमएसपी के भाव से कोई भी सोयाबीन नहीं खरीदेगा। किसान को जब फायदा हो जब एमएसपी के भाव या उससे अधिक पर सोयाबीन बिके नहीं तो नुकसान होना तय है। सोयाबीन के बीज 6 से सात हजार रुपए प्रति क्विंटल खरीद कर किसानों ने बुआई की। इसके साथ दवाई, निंदाई, मजदूरी सहित अन्य खर्चे मिलाकर देखे तो सोयाबीन की फसल से अधिक नुकसान हो रहा है। अब अगली फसल के लिए खेत तैयार कर रहा हूं।

सोयाबीन पर सियासत

### पटवारी ने किसान का वीडियो ट्वीट कर सरकार को घेरा

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने किसान का वीडियो पोस्ट किया। केंद्र और राज्य सरकार पर हमलावर होते हुए लिखा कि मंदसौर के गरोठ में फिर से चिंता बढ़ाने वाला घटनाक्रम हुआ है। किसान कमलेश पाटीदार ने सोयाबीन की फसल पर केवल इसलिए ट्रैक्टर चला दिया, क्योंकि बाजार भाव नफा की बजाए नुकसान का सौदा दे रहा था। ट्वीट में लिखा कि मुख्यमंत्री कृषि कल्याण के झूठ दावे भाजपा की पहचान से जुड़ गए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी विधानसभा चुनाव में गेहूं और सोयाबीन के एमएसपी का वादा किया था, लेकिन भाजपा ने सत्ता में वापसी करते हुए सब कुछ भूला दिया। केंद्रीय कृषि मंत्री से भी गरोठ का गमगीन किसान सिर्फ यही पूछना चाहता है कि मध्यप्रदेश के किसान कब तक फसल पर ट्रैक्टर चलाएंगे। सही दाम नहीं मिलने पर उपज सड़क पर फेंकेंगे।

### 29 दिनों में 2100 किमी साइकिल यात्रा कर देवास पहुंचा दल

देवास@पत्रिका. 29 दिनों में 2100 किमी की साइकिल यात्रा पूरी कर 12 यात्रियों का दल वापस देवास पहुंचा। मंदिर पर यात्रियों का स्वागत किया गया। लोकेश विजयवर्गीय ने बताया, महाकाल कॉलोनी स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर से 18 वर्षों से दीपक पाटणकर की अगुवाई में मां वैष्णो देवी के मंदिर तक साइकिल यात्रा निकाली जाती है। यात्री सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना को विकसित करने की दृष्टि से साइकिल यात्रा करतेहैं। इस वर्ष गुरु पूर्णिमा के दिन मां वैष्णो देवी दर्शन के लिए 12 साइकिल यात्री रवाना हुए थे।

### मोबाइल से खुलेगा युवक-युवती के अधजले शवों का राज

छतरपुर@पत्रिका. लवकुशनगर में युवक-युवती के अधजले शव पेड़ से जंजीर से बंधे पाए जाने के मामले में पुलिस पीएम के बाद भी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है। अब दोनों शवों के बिसरा जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। वहीं, सागर से मोबाइल की फॉरेंसिक रिपोर्ट का भी पुलिस को अभी इंतजार है। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस घटना के बारे में सही निष्कर्ष निकालने की बात कह रही है। वीडियो भी सामने आ सकता है। परिजनों से पूछताछ के बाद प्रथम दृष्टया पुलिस मामले को आत्महत्या मान रही है। बिसरा रिपोर्ट से पूरी कहानी साफ हो पाएगी।

बर्ड टॉवर निर्माण पर शासन ने लगाया प्रतिबंध

# पक्षियों के लिए सीमेंट-कांक्रीट के पक्षी घर घातक, विरोध के बाद निर्माण पर रोक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. पक्षियों के लिए बनाए जाने वाले सीमेंट और कांक्रीट के आधुनिक बर्ड टॉवर बनाने पर वन्य प्राणी विभाग ने रोक लगा दी है। उज्जैन में मंगलनाथ मंदिर समेत तीन स्थानों पर बर्ड टॉवर बनाए जा रहे थे। पर्यावरणविदों ने विरोध जताकर इन घरों को पक्षियों के लिए घातक बताया था। कोर्ट में याचिका भी लगाई गई, जिसके बाद शासन ने सीमेंट-कांक्रीट के बर्ड टॉवर के निर्माण को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक मप्र शासन शुभरंजन ने प्रदेश के शहरों में पक्षियों के लिए बर्ड टॉवर के निर्माण पर प्रतिबंध के आदेश पर फिर रिमाइंडर जारी किया है। प्रदेश शासन के पर्यावरण विभाग, नगरीय विकास व आवास विभाग को भी शिकायत की गई थी, जिसके बाद पर्यावरण हित में शासन ने ये कदम उठाते हुए बर्ड टॉवरों के निर्माण पर रोक लगा दी है। इसकी प्रति मुख्य वन संरक्षक व वन मंडलाधिकारी उज्जैन को भी भेजी गई हैं, ताकि आगे नए सीमेंट-कांक्रीट के बर्ड टावरों का निर्माण नहीं हो सके।



### देश के अन्य राज्यों में भी हैं बर्ड टॉवर

हरियाणा: महेंद्रगढ़ के बाबा जयराम घासी दास धाम में देश का सबसे ऊंचा 73 फीट का बर्ड टावर है। इसमें 3000 पक्षियों का बसेरा है। इसके निर्माण में 15 लाख रुपए का खर्च आया था।

राजस्थान: जयपुर में पिंजरापोल गोशाला की ओर से 6 मंजिला रंगबिरंगा अपार्टमेंट बनाया गया है। इसमें पक्षियों के लिए 1300 फ्लैट्स हैं।

मध्यप्रदेश: उज्जैन में मुनि नगर तालाब के पास 52 फीट ऊंचे टावर में 3000 से ज्यादा पक्षियों का बसेरा है। इसके निर्माण में साढ़े सात लाख रुपए खर्च आया था।

### सिर्फ कबूतर दिखेंगे, जो दूसरे पक्षियों को रहने नहीं देते

कोई भी पर्यावरणविद सीमेंट-कांक्रीट के बर्ड टॉवर के पक्ष में नहीं है क्योंकि पर्यावरण की दृष्टि से बहुत घातक है। पक्षियों को प्राकृतिक घर अर्थात पेड़, नदी, तालाब के किनारे घोंसलों में ही रहने दे। सीमेंट के बर्ड टावर में सिर्फ कबूतर ही दिखाई देंगे। उज्जैन के मंगलनाथ मंदिर के पास बना बर्ड टॉवर इसका उदाहरण है।

साइबर फ्रॉड के मामलों से पुलिस भी हैरान

# ओटीपी आया ना कोई कॉल, खाते से उड़ाए 95 हजार रुपए

बुरहानपुर@पत्रिका. साइबर अपराधी नए-नए हथकंडे अपनाकर लोगों का खाता खाली कर रहे हैं। कोतवाली में एक नया मामला सामने आया। इसमें बिना ओटीपी, फोन कॉल या मैसेज के ही खाते से 95 हजार रुपए निकाल लिए गए। पीड़ित ने सायबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। ट्रैक्टर ट्रॉली यूनियन अध्यक्ष शेख मसूद ने बताया रविवार रात 9:30 बजे के बाद मोबाइल पर बैंक के तीन अलग-अलग मैसेज आए। देखने पर पता चला कि खाते से 95 हजार रुपए निकाल लिए गए हैं। जबकि मैंने किसी को ओटीपी दिया ना ही फोन आया। फिशिंग अटैक कर साइबर ठगी की गई है।

**क्या है फिशिंग अटैक:** यह एक तरह का साइबर अटैक है जो आपको धोखा देकर पर्सनल जानकारी, जैसे पासवर्ड, बैंक डिटेल, क्रेडिट कार्ड नंबर, आधार कार्ड नंबर, लॉगिन क्रेडेंशियल इत्यादि छीनने या जानने की कोशिश करने के लिए किया जाता है। फोन पर आए अनजान मैसेज, ई-मेल या लिंक पर क्लिक करने से सारी जानकारी ठग तक पहुंच जाती है।

भोपाल के सिविल लाइन थाना पुलिस की लापरवाही

# असली मानसिंह समझ कबाड़ी को सागर ले आई पुलिस, भेद खुला तो मचा हड़कंप

सागर@पत्रिका. मानसिंह पटेल गुमशुदगी मामले में सुप्रीम कोर्ट के एसआइटी गठित कर चार माह में जांच पूरी करने के निर्देश के बाद पुलिस विभाग में हड़बड़ी मच गई है। आठ साल बाद पुलिस फिर सक्रिय हुई, लेकिन पहले ही प्रयास में सिविल लाइन थाना की बड़ी लापरवाही कर दी।

वाहवाही लूटने के चक्कर में मानसिंह जैसे दिखने वाले एक शख्स को भोपाल से सागर ले आई, लेकिन जब जांच हुई, तो पता चला, वह भोपाल के बैरसिया क्षेत्र का संतोष श्रीवास्तव है, जो कबाड़ी है। दरअसल ओबीसी महासभा की



असली नकली

याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने गुमशुदगी की रिपोर्ट पर अज्ञात पर केस दर्ज करने को भी कहा था। मामले में सागर एसपी विकास कुमार शाहवाल ने कहा, आशंकाओं के चलते पूछताछ चल रही है। डीएनए सैंपल भी लिया जाएगा। परिजनों ने पुष्टि की है कि जिस व्यक्ति को अभिरक्षा में लिया है, वह मानसिंह पटेल नहीं है।

### आंख खराब होने पर समझ लिया मानसिंह

सिविल लाइन थाना पुलिस के पास मानसिंह की जो आठ साल पुरानी फोटो है, उसमें मानसिंह की बाईं आंख पर सफेद जाला जैसा कुछ है। इसी प्रकार के एक शख्स की भोपाल में होने की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम भोपाल पहुंची और उसे रविवार की रात सागर ले आई। पुलिस ने जब परिवार को पहचान के लिए बुलाया तो उन्होंने व्यक्ति के मानसिंह होने से साफ इनकार कर दिया।

धार: सीसीटीवी में कैद हुई शर्मनाक हरकत

# 14 साल के नाबालिग ने डेढ़ साल की बच्ची से किया दुराचार

धार@पत्रिका. एक 14 साल के लड़के ने डेढ़ साल की बच्ची के साथ दुराचार कर लिया। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार, 17 अगस्त को मासूम के घर के पड़ोस का नाबालिग उसे खिलाने के बहाने ले गया और काफी देर तक वापस नहीं लाया। जब मासूम की मां बच्ची को ढूंढते हुए आरोपी के घर की छत पर पहुंची, तो देखा कि वह मासूम के साथ गलत हरकत कर रहा था। इसके बाद नाबालिग भाग गया। सूत्रों के मुताबिक पूरी हरकत पड़ोसी के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई, जिससे नाबालिग आरोपी की कारगुजारी सामने आई।

**मोबाइल पर गंदे वीडियो देखने की लत :** पूछताछ में पता चला कि आरोपी मोबाइल पर गंदे वीडियो देखता रहता था। घटना के पीछे एक वजह यह भी बताई जा रही है। हालांकि पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

### बांधों का जलस्तर

| बांध | भराव क्षमता | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|
| बाणसागर | 341 | 336 |
| गांधीसागर | 399 | 397 |
| बरगी | 422 | 422 |
| बारना | 348 | 348 |
| गोपीकृष्ण सागर | 434 | 420 |

भराव क्षमता एफआरएल में

## ट्रेंडिंग न्यूज

जबलपुर

### बच्ची का पड़ोस की महिला ने किया अपहरण

जबलपुर. पनागर के इमलिया में नौ साल की बालिका लापता हो गई। वह कक्षा पांचवीं की छात्रा है। पनागर पुलिस ने पड़ोसी महिला पर बहला-फुसलाकर अपहरण करने का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 16 अगस्त को बालिका की मां मजदूरी करने गई थी। आशंका है कि इसी दौरान रश्मि वासुदेव ने अपहरण कर लिया।



धार

### चलती बस से निकला धुआं, कांच फोड़ कूदे यात्री

धार. राऊ-खलघाट फोरलेन के गुजरी बायपास पर रविवार दोपहर 1 बजे इंदौर से खरगोन जा रही चार्टर्ड बस में अचानक पीछे से धुआं निकलने लगा। इसे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। चालक ने बस को एक तरफ रोककर सभी यात्रियों को बाहर निकलने को कहा। घबराहट के कारण कुछ यात्री खिड़कियों व आपातकालीन गेट का कांच तोड़कर कूद गए।

जबलपुर

### होटल में फायरिंग, युवक के गाल में फंसी गोली

जबलपुर. शहर के आधारताल के सुहागी स्थित होटल सांई सदन में रविवार रात फायरिंग हुई। गोली एक युवक के गाल में जा धंसी। उसे अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दो आरोपियों कृष्णा सतनामी और शशांक कुशवाहा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने बताया, वारदात के बाद शशांक और छोटू भाग गए। खून से लथपथ कृष्णा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सतना: व्हाइट टाइगर सफारी मुकुंदपुर देश की दूसरी वॉक इन एवियरी का शुभारंभ

# सफेद बाघ के साथ विदेशी पक्षियों का कर सकेंगे दीदार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सतना. मैहर के महाराजा मार्तंड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एंड जू सेंटर में देश की दूसरी वॉक इन एवियरी का शुभारंभ हुआ। यहां पर्यटक व्हाइट टाइगर के साथ विदेशी पक्षियों का दीदार कर सकेंगे। 3.80 करोड़ की लागत से बनी वॉक इन एवियरी में लगभग 1 करोड़ की कीमत के करीब 1000 से अधिक प्रजाति के विदेशी पक्षी रखे जाएंगे।

सीसीएफ रीवा राजेश राय ने बताया कि वॉक इन एवियरी का निर्माण 3200 वर्ग मीटर के क्षेत्रफल में हुआ है। 14 मीटर ऊंचाई के डोम के आकर की संरचना है। गुजरात के






केवड़िया के बाद देश की यह दूसरी एवियरी है। इसके लिए 14 लाख के विदेशी पक्षी अडानी ग्रुप और 6 लाख के अल्ट्राटेक ने दिए हैं। एनटीपीसी और एनसीएल द्वारा 80 लाख के विदेशी पक्षी दिए जाएंगे। गत सप्ताह यहां 18 विदेशी पर्यटक ताइवान और थाईलैंड देश के आ चुके हैं। सफारी की ब्रांडिंग के लिए ताज होटल ग्रुप और वाराणासी, प्रयागराज, खजुराहो की एयर कनेक्टविटी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### ब्रीडिंग सेंटर का प्रयास

वॉक इन एवियरी के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि 46 साल बाद सफेद बाघ विंध्य की धरती पर लौटा है। इनके विकास के लिए गोविंदगढ़ में व्हाइट टाइगर सहित रायल टाइगर और यलो टाइगर, बब्बर शेर के ब्रीडिंग सेंटर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। यहां रेप्टाइल बाड़ा बनकर तैयार हो चुका है। इसमें सरीसृप वर्ग के जीव-जंतु रखे जाएंगे। रीवा और सतना में हवाई सुविधा प्रारंभ होने पर यह सफारी खजुराहो और बनारस से सीधे पर्यटक सर्किट में जुड़ जाएगी।

**यूनेस्को जियो पार्क की संभावनाएं:** सांसद गणेश सिंह ने बताया कि सफारी में केवड़िया की तर्ज पर दुर्लभ प्रजाति के पशु-पक्षी रखे जाएंगे। इससे विदेशी पर्यटक भी आकर्षित होंगे। चित्रकूट में यूनेस्को जियो पार्क की संभावनाएं तलाशने का कार्य चल रहा है। इसके लिए रानीपुर अभयारण्य और पन्ना के टाइगर रिजर्व के बीच का 600 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र चिह्नित किया है।

जालसाजी : सराफा कारोबारियों से अच्छे संबंध का दिया हवाला, रुपए लेकर चंपत

# यूपी के भाई-बहन ने सागर का बताकर जबलपुर के व्यापारी को जेवरात बनाने का दिया झांसा, 15 लाख ठगे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सागर. यूपी के रहने वाले युवक-युवती ने खुद को सागर का बताकर जबलपुर के एक व्यापारी को 15 लाख रुपए का चूना लगाया है। दोनों ने सागर के सराफा व्यापारियों से सोने-चांदी के उच्च गुणवत्ता के जेवरात बनवाने का झांसा दिया और रुपए लेने के बाद फोन बंद कर गायब हो गए।

ठगी का शिकार हुए जबलपुर निवासी व्यापारी की शिकायत पर कैंट थाना पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया हैं, वहीं आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कैंट पुलिस के अनुसार, जबलपुर के रिमझा स्थित वृंदावन नगर निवासी मनीष साहू ने लिखित शिकायत की है, जिसमें बताया, उनकी जबलपुर में दमोह नाका पर दुकान हैं। कुछ समय पहले मोबाइल रिचार्ज कराने एक लड़का और लड़की आए थे। युवक ने अपना नाम दिनेश प्रजापति निवासी सागर बताया। ठग ने व्यापारी को बातों में फंसाया और दोस्ती कर ली। इसके बाद दोनों के बीच फोन पर बातचीत शुरू हो गई थी। मामले में थाना प्रभारी ने कहा, आरोपी यूपी के हैं, पुलिस जल्द पकड़ लेगी।

### पत्नी के लिए जेवरात की बात कर फंसे

मनीष ने बताया, दिनेश की बातों पर विश्वास कर मैंने एक दिन उससे पत्नी के लिए सोने के अच्छे जेवर खरीदने की बात कही तो बोला, उसके बड़े-बड़े सराफा व्यापारियों से संबंध हैं। अच्छी कीमत पर गहने दिला देगा। कुछ दिन बाद दिनेश ने फोन लगाया और फरियादी से जेवरात लेने के बारे में पूछा और बोला यदि जेवर लेने हैं तो 15 लाख रुपए की व्यवस्था कर सागर आ जाओ। मनीष रुपए लेकर 12 जुलाई को सागर पहुंचा। आरोपियों ने उसे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 के बाहर बुलाया और सैंपल के रूप में एक सोने का हार दिखाया।

## ‘मोहक कान्हा’ के रूप में हमें भेजिए बच्चों की फोटो

बच्चो, श्री कृष्ण जन्माष्टमी आ रही है। इस अवसर पर आप हमें **‘पत्रिका मोहक कान्हा’** की ड्रेस और श्रृंगार में अपनी फोटो 21 अगस्त तक अपने पूरे नाम पते के साथ भेज दीजिए। चुनिंदा फोटो को ब्रेन पावर के डिजिटल पेज पर शेयर किया जाएगा।
www.facebook.com/PatrikaBrainPower
www.facebook.com/groups/brainpower.patrika
patrikabrainpower@in.patrika.com

### गुदगुदी




- **भिखारी-** भगवान के नाम पर कुछ दे दो बाबू जी।
- **मुन्ना-** 100 रुपए के छुट्टे हैं क्या बाबा? भिखारी- हां हैं। मुन्ना- तो जाकर पहले इन्हें खर्च कर ले।
- **दो** कॉकरोच आइसीयू में भर्ती थे। एक ने दूसरे से पूछा- क्या हुआ? दूसरे ने कहा-कुछ नहीं दोस्त। एक लड़की मुझे देखकर इतने जोर से चिल्लाई कि मुझे हार्ट अटैक आ गया।

### IDIOMS

- **दीए** का उजाला प्रलय तक। Whatever is given to the poor is laid up in heaven.
- **दुख** में समय पहाड़ समान। Grief lengthens the hour.
- **दूर** के ढोल सुहावने लगते हैं। Distant drums sound well.

### चित्र बनाओ

स्टेप बाय स्टेप बनाइए



### पहेलियां


- साथ ले चले तो,
तुम्हारे काम आऊंगा।
अगर भटक गए तो,
तुम्हें दिशा दिखाऊंगा।
- चुपके से मैं आती हूं,
तुमको रोज सुलाती हूं।
आहट पाकर सूरज की,
जल्दी से भाग जाती हूं?
- हाथ-पैर में जंजीर पड़ी,
फिर भी दौड़ लगाती।
टेढ़े-मेढ़े रास्तों से,
गांव-गांव घुमाती?
- बड़ा शरीर और मस्त चाल है,
जंगल पर मेरा राज है।
- नटखट हूं और छोटा भी,
रूई सा गोला भी।
बिल्ली से मैं हूं डरता,
लेकिन बिल में भी नहीं रहता।

उत्तर-1. दिशा सूचक यंत्र 2. रात 3. साइकिल 4.हाथी 5.खरगोश

### किड्स क्विज

- Q. राज्य सरकार को भंग कौन कर सकता है? *राज्यपाल की सिफारिश पर राष्ट्रपति*
- Q. किसी राज्य की कार्यपालिका की शक्ति किसमें निहित होती है? *राज्यपाल में*
- Q.राज्यपाल की नियुक्ति कौन करता है? *राष्ट्रपति*
- Q.राज्यपाल का वेतन-भत्ता किस कोष से आता है? *राज्य की संचित निधि से*

### उत्तर : अंतर खोजिए



दिवस विशेषः पाई जाती हैं 35 सौ से अधिक प्रजातियां

# करोड़ों वर्षों से है मच्छरों का अस्तित्व

**मच्छर काटने की जगह पर सूजन का आना हिस्टामीन के कारण होता है। हिस्टामीन एक केमिकल होता है, जिसे इम्यून सिस्टम पैदा करता है। खून में जैसे-जैसे हिस्टामीन की मात्रा बढ़ती है, वैसे ही काटने वाली जगह के आसपास व्हाइट ब्लड सेल की मात्रा बढ़ जाती है। इसी वजह से सूजन या खुजली होती है।**

मच्छर हानिकारक कीट है। यह कई प्रकार के रोगों के जीवाणुओं को वहन करता है। सिर्फ मादा मच्छर ही मनुष्य या अन्य जन्तुओं के रक्त चूसती है। उसके मुंह का अग्रभाग सूंड की तरह होता है, जो सूई का काम करता है। मादा मच्छर अंडे देती है, इसलिए उसे प्रोटीन की जरूरत पड़ती है, जो उसे मनुष्यों और जानवरों के खून से मिलता है। जबकि नर मच्छर पेड़-पौधों का रस चूसते हैं। इनका वजन 2 से 2.5 मिली ग्राम होता है। माना जाता है कि मच्छरों का विकास कोई 21 करोड़ साल पहले जुरासिक काल में हुआ, जब इस पृथ्वी पर विशालकाय डायनासोर विचरण करते थे।



### चूस सकते हैं तीन गुना खून

मच्छर इंसानों के शरीर से एक बार में 0.001 से 0.1 मिलीलीटर खून चूसते हैं। खून के लिए उतावले होने पर ये कपड़ों में से भी डंक मारने लगते हैं। मादा मच्छर एक साथ तीन सौ अंडे देने की क्षमता रखती है। एक मादा मच्छर की उम्र करीब 2 महीने और नर मच्छर की आयु करीब 15 दिन की होती है। मच्छर अपने वजन से तीन गुना खून चूस सकते हैं। ये नीले रंग की ओर ज्यादा आकर्षित होते हैं।

### ये बनते हैं ज्यादा शिकार!

बारह लाख मच्छर आपके शरीर का पूरा खून चूस जाएंगे। मच्छर के 6 पैर होते हैं। ‘ओ’ ब्लड ग्रुप वाले लोगों को ज्यादा मच्छर काटते हैं। इतिहास में हुए सभी युद्धों से ज्यादा मौतें मच्छरों के काटने से हुई हैं।

### 40 फीट तक उड़ने में होते सक्षम

धरती पर 35 सौ से भी अधिक प्रकार के मच्छर मौजूद हैं। माना जाता है कि 20 करोड़ साल से इनका अस्तित्व है। मच्छर 2 फीट प्रति सेंकड की स्पीड से उड़ते हैं। 40 फीट से ऊपर नहीं उड़ सकते। ये अपने जन्म स्थान से एक मील तक के एरिया में ही उड़ते है।

### शिक्षा है जरूरी

**शिक्षा जीवन की तैयारी नहीं है, शिक्षा ही जीवन है।**



- **पुस्तकालय** असीमित ज्ञान का भंडार होता है, आवश्यकता बस पढने और जी भर कर ग्रहण करने की है।
- **अगर** आपके पास एक बगीचा और एक पुस्तकालय है, तो आपके पास वह सब कुछ है, जिसकी आपको जरूरत है। - सिसरो
- **एक** श्रेष्ठ पुस्तक एक सौ मित्रों के बराबर होती है। मगर एक सर्वश्रेष्ठ दोस्त एक पुस्तकालय के बराबर होता है।
- **कभी** हार मत मानो क्योंकि महान चीजें अधिक समय लेती हैं।
- **किताबें** आपको जीवनी पढ़ना सिखाती हैं, लेकिन एक सफर आपको जीवन कैसे जीना है यह सिखाता है।

उफ उफ मिर्ची...

# कैसे नापा जाता है मिर्च का तीखापन


मिर्च का प्रयोग खाने को तीखा व चटपटा बनाने के लिए किया जाता है। फिर चाहे वह लाल मिर्च हो, हरी हो, काली हो या रंग-बिरंगी शिमला मिर्च हो। हालांकि, इनके रंग की तरह इनका स्वाद भी अलग-अलग होता है। मिर्च की कुछ प्रजातियां बहुत तीखी होती हैं, तो कुछ कम या बिल्कुल तीखी नहीं होती हैं। माना जाता है कि मिर्च की खेती आज से लगभग 5 हजार साल पहले पूर्वमध्य मैक्सिको में शुरू हुई थी। शिमला मिर्च आज से 7,500 ईसा पूर्व से मानव आहार का हिस्सा है। मिर्च मैक्सिको, मध्यअमरीका और दक्षिण अमरीका के कुछ भागों में उगाई जाने वाली स्वपरागण से विकसित होने वाली फसल थी। माना जाता है कि एशिया में मिर्च को पुर्तगाली व्यापारियों द्वारा व्यापार करने के लिए लाया गया, क्योंकि ये इसके मूल्य और तीखेपन से अच्छी तरह परिचित थे। यह व्यापार भारत में पुर्तगालियों द्वारा 14 वीं शताब्दी के अंत में शुरू किया गया था। शोध बताते हैं कि मिर्च का पौधा खुद को शिकारियों और हमलावर रोगाणुओं से बचाने के अपने अंदर कैप्सेइसिन का निर्माण करता है।



*__लाल मिर्च__ में अन्य मिर्च की तुलना में विटामिन सी की मात्रा ज्यादा होती है। इसके अलावा इसमें प्रोविटामिन-ए, बीटा कैरोटीन आदि पाए जाते हैं। काली मिर्च विटामिन बी 6 का अच्छा स्रोत है। ‘हैच’ मैक्सिको में स्थित अमरीका महाद्वीप का एक गांव है, जिसे मिर्च की विविधता के चलते दुनिया की ‘चिली राजधानी’ कहा जाता है। मिर्च के तीखेपन को स्कोविल हीट यूनिट्स में नापा जाता है।*

### विजुअल एक्सरसाइज

**नीचे दी गई तस्वीर में कई वस्तुएं शामिल हैं। आप साइड में दी गई वस्तुओं को तस्वीर में खोजिए।**




### ONE WORD

- An extreme or irrational fear of something- Phobia.
- One who believes in total abolition of war- Pacifist.
- Without payment- Gratis.
- One who eats too much- Glutton.
- A Cinema show, which is held in the afternoon- Matinee.
- An extravagant comedy in which action is more salient than characterization- Melodrama.
- Study of Teeth- Odontology.
- A thing no longer in use- Obsolete.
- Science of coins or medals- Numismatics.


### क्या आप जानते हैं?



- **नेपेंथिस** के पौधे का पहली बार जिक्र वर्ष 1658 में मिला है। जिसमें इसकी पत्तियों को साढ़े तीन फीट ऊंचा बताया गया। जिनके बीच एक खोखला फूल होता है।
- **नेपेंथिस** के फूल में ढक्कन होता है। जब भी कोई कीट-पतंगा इसमें गिरता है, तो फूल का ढक्कन बंद हो जाता है।
- **दिल्ली** स्थित अमृत उद्यान में अकेले गुलाब की ही 250 से अधिक प्रजातियां हैं।

### DOT TO DOT

**बिंदु मिलाकर देखिए चित्र में कौन है?**



### यह भी जानिए...

**लाजवाब वाटर लिली-** ‘विक्टोरिया अमेजोनिका’ प्रजाति की वाटर लिली इतनी बड़ी होती है कि औसत लंबाई का मनुष्य इसके ऊपर लेट सकता है। यह पानी में पत्थर जैसे होती है। इसके ऊपर आप पैर रखकर गुजर सकते हैं। यह अब तक पाई गई सबसे बड़ी वाटर लिली है। इस प्रजाति की वाटर लिली की जड़ें 26 फीट तक लंबी होती हैं। इसकी पत्तियों और फूलों का व्यास दस फीट से भी ज्यादा होता है। यह पौधा रंग भी बदलता है।



### MAZE CRAZE

**झोंपड़ी तक पहुंचने का रास्ता बताइए?**



### रंग भरो

**चित्र में चटक रंग भरकर आकर्षक बनाइए।**



### कॉर्टून स्टोरी

**जीवन में हास्य-व्यंग्य बहुत जरूरी है। इससे मन-मस्तिष्क तरोताजा रहता है...। यहां दी गई स्टोरी एक बार आपको गुदगुदाएगी जरूर...।**





### आर्ट एंड क्राफ्ट



## मुर्गा कुकड़ू कू

*इनकी होगी जरूरत-* रबर वाले हैंड ग्लव्स, लाल ड्रॉइंगशीट, रंग-बिरंगे पंख, गलू, कार्टून आइ।



*ऐसे बनाएं-* हैंड ग्लव्स में हवा भरकर नीचे से बांध दीजिए। अंगूठे वाले भाग में लाल ड्रॉइंगशीट से चोंच और कलंगी काटकर चिपका दें। आंखें भी ऊपर की ओर चिपका दीजिए। अगर आप चाहें तो हर अंगुली पर पंख चिपका दें। इसके बाद ड्रॉइंगशीट का पंख काटकर भी चिपका दीजिए। इस मुर्गे को कोई भी स्टैंड बनाकर उसमें घास लगाकर चिपका दें। कहीं भी रखकर सजा दें। बहुत ही आकर्षक-मनभावन लगेगा।

### स्टोरी टाइम


# धैर्य के साथ परिश्रम करते रहें

सर्दी का मौसम आने वाला था। मौसम धीरे-धीरे ठंडा होने लगा था। कभी-कभी तेज हवा ठंडक बढ़ा देती थी। उधर जंगल में रहने वाली चिंकी चिड़िया का घोंसला पुराना हो चुका था। उसने सोचा चलो एक नया घोंसला बनाते हैं, ताकि ठण्ड के दिनों में कोई दिक्कत न हो। अगली सुबह वह उठी और पास के एक खेत से चुन-चुन कर तिनके लाने लगी। सुबह से शाम तक वह इसी काम में लगी रहती। वह बहुत थक जाती थी। अंततः एक शानदार घोंसला तैयार कर लिया। पर पुराने घोंसले से अत्यधिक लगाव होने के कारण उसने सोचा, चलो आज एक आखिरी रात उसी में सो लेते हैं। कल से नए घोंसले में अपना आशियाना बनाएंगे। रात में चिंकी चिड़िया वहीं सो गई। अगली सुबह उठते ही वह अपने नए घोंसले की तरफ उड़ी। पर जैसे ही वह वहां पहुंची। उसकी आंखें फटी की फटी रह गईं। किसी और चिड़िया ने उसका घोंसला तहस-नहस कर दिया था। चिंकी बहुत दुखी हुई उसकी आंखें भर आईं। वह मायूस हो गई। आखिर उसने बड़ी मेहनत और लगन से अपना घोंसला बनाया था। किसी ने रातों रात उसे नष्ट कर दिया था।



उसने गहरी सांस ली और सोचा, अच्छा हुआ मैंने कल घोंसला नहीं बदला अगर मैं इसमें होती तो शायद नहीं बचती। वह अपने आप सांत्वना देने लगी। हल्का सा मुस्कुराई और एक सकारात्मक सोच के साथ फिर उस खेत से जाकर तिनके चुनने लगी। उस दिन की तरह आज भी उसने सुबह से शाम तक खूब मेहनत की। दिन ढलते-ढलते उसने एक नया और बेहतर घोंसला तैयार कर लिया। अगले दिन से वह नए घोंसले में खुशी-खुशी रहने लगी। इसलिए कहा गया है कि हमें जीवन में कभी हार नहीं माननी चाहिए। धैर्य के साथ लगातार मेहनत करते रहना चाहिए। ऐसा करके हम हारकर भी फिर से अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं।

### टैलेंट विंडो





**हिमांशी मोदी**
13
जयपुर





**नंदनी जोरवाल**
14 वर्ष
भरतपुर

यहां भेजें: अगर आपके बच्चे में किसी भी प्रकार का टैलेंट है, जैसे- अपनी कविता, कहानी, पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट व अन्य रचनाएं - फीडबैक ईमेल पर भेजें।
- www.facebook.com/PatrikaBrainPower
- patrikabrainpower@in.patrika.com
- www.facebook.com/groups/brainpower.patrika

अनोखे समुद्री तट | रोमांच पैदा करता है समुद्री तट पर घूमना

# ये हैं खूबसूरत सफेद रेत वाले समुद्र तट...

समुद्री तट पर घूमना एक अलग ही रोमांच पैदा करता है। विशाल जलराशि और लहरों का आना-जाना हमें बहुत आनंदित करता है। यहां हम आपको दुनिया के कुछ व्हाइट सैंड बीच के बारे में बता रहे हैं।

- **न्यू साउथ वेल्स हायम्स-** ऑस्ट्रेलिया स्थित यह बीच सफेद रेत के साथ ही अपनी जैव विविधता के लिए भी काफी प्रसिद्ध है। इस बीच को विश्व के सबसे अच्छे सफेद समुद्री तटों में एक माना जाता है। आप यहां स्कीइंग, जेट स्की और कंगारू स्पॉटिंग का आनंद ले सकते हैं।



- **बोराके का व्हाइट-** फिलीपींस के बोराके में स्थित व्हाइट बीच एक अद्भुत जगह है। यहां पर आप जितनी दूर तक देखेंगे, आपको सफेद रेत ही रेत नजर आएगी। समुद्र तट बेहद साफ है और पानी क्रिस्टल जैसा स्पष्ट दिखाई देता है। पीक सीजन में भी यहां बहुत अधिक भीड़ नहीं होती। घूमने के लिए सबसे अच्छा समय नवंबर से अप्रेल तक माना जाता है। व्हाइट बीच पर आप पैरासेलिंग, स्किम्बोर्डिंग, डाइनिंग, पार्टी, बोट टूर, स्कूबा डाइविंग, विंड सर्फिंग, क्लिफ डाइविंग और जेट स्कीइंग जैसी कई वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज का आनंद भी उठा सकते हैं।
- **केपटाउन में बोल्डर्स-** दक्षिण अफ्रीका का बोल्डर्स बीच, जिसे बोल्डर बे के नाम से भी जाना जाता है, दुनिया के सबसे अच्छे सफेद रेत समुद्र तटों में शामिल है। यह एक लोकप्रिय टूरिस्ट डेस्टिनेशन है। आप यहां पेंगुइन के साथ मस्ती कर सकते हैं और तैराकी और फोटोग्राफी का आनंद भी ले सकते हैं।
- **जकीन्थोस का नवागियो-** ग्रीस में नवागियो बीच लोकप्रिय हॉलिडे डेस्टिनेशन है, जिसे शिपव्रेक बीच के नाम से भी जाना जाता है। यहां घूमने का सबसे अच्छा समय मार्च से मई तक का है। नवागियो बीच पर आप स्कूबा डाइविंग से लेकर बेस जंपिंग और कयाकिंग जैसी गतिविधियों का आनंद ले सकते हैं।

### अंतर खोजिए

**चित्रकार ने दोनों चित्र बनाते समय कुछ गलतियां छोड़ी हैं, आप बताइए कौनसी हैं?**





| शेयर बाजार | | सोना | | चांदी | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | भारत निफ्टी | स्टैंडर्ड (24 कैरेट) | सोना (एमसीएक्स) | चांदी (999) | चांदी (एमसीएक्स) | बिटकॉइन | इथर | बिनेंस | डॉलर | यूरो | पेट्रोल | डीजल |
| 80,424 (-12.16) | 24,572 (+31.50) | ₹73,400 (प्रति 10 ग्राम)(+100) | ₹70,960 (प्रति 10 ग्राम) (+27) | ₹84,700 (प्रति किग्रा)(+200) | ₹83,654 (प्रति किग्रा) (+651) | $58,465 (-2.77) | $2585 (-2.48%) | $536.68 (-0.11%) | ₹83.79 (प्रति 1 डॉलर) | ₹90.67 (प्रति यूरो) | ₹106.47 (प्रति लीटर) | ₹91.89 (प्रति लीटर) |

**नीति आयोग की रिपोर्ट:** लोन के लिए आवेदन करने वाले लोगों की ऋण-योग्यता के मूल्यांकन और बैकग्राउंड चेक के लिए नए दिशा-निर्देश प्रस्तावित किए

# मुद्रा लोन देने में सख्ती कर सकती है सरकार, एनपीए लगातार बढ़ रहा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** वित्त मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के आम बजट में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत लोन की अधिकतम सीमा को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रुपए करने की घोषणा की, ताकि अधिक से अधिक छोटे उद्यमी बिना गिरवी वाले इस लोन का फायदा उठा सकें। लेकिन दूसरी तरफ सरकार के थिंक टैंक नीति आयोग ने मुद्रा लोन के तहत बढ़ रहे नॉन-परफॉर्मिंग एसेट (एनपीए) या फंसे हुए कर्ज पर चिंता जाहिर की है। नीति आयोग ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत ऋण के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों की ऋण-योग्यता के मूल्यांकन तथा पृष्ठभूमि की जांच के लिए नए दिशा-निर्देश प्रस्तावित किए हैं। इससे माना जा रहा है कि सरकार मुद्रा लोन देने में सख्ती कर सकती है।

**41.16** करोड़ लोगों (खातों) को वर्ष 2015 से 2022-23 तक 22.89 लाख करोड़ रुपए मुद्रा लोन के रूप में दिए गए हैं




**22.51%** की दर से वर्ष 2017 से 2022 के बीच बढ़े मुद्रा लोन के एनपीए खाते, वहीं इस दौरान एनपीए राशि 36.61% की दर से बढ़ी

**एनपीए कम करने को ये उपाय सुझाए...** नीति आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि एनपीए को बढ़ने से रोकने के लिए ई-केवाईसी, एमएसएमई के उद्यम पोर्टल से उद्यमियों की जानकारी जुटाने के साथ एक ऐसे मैकेनिज्म तैयार करने की जरूरत है, जिससे छोटे उद्यमियों की पृष्ठभूमि का सही पता लग सके। उनके उद्यम प्रदर्शन की निगरानी की जा सके। तभी बैंकों का जोखिम कम हो सकेगा क्योंकि यह लोन बिना किसी गिरवी के दिया जाता है। इस लोन से जुड़े जोखिम में कमी पर ही मुद्रा योजना की सफलता निर्भर करेगी। एनपीए बढ़ता रहा तो बैंक मुद्रा लोन देने में आनाकानी करेंगे।

### 9 साल पहले शुरू हुई थी योजना

**मुद्रा** योजना साल 2015 में शुरू की गई थी, ताकि 10 लाख रुपए तक के लोन एमएसएमई और छोटे कारोबारी बिना कोई भी चीज गिरवी के ले सके। इस योजना के तहत शिशु (50,000 रुपए तक का लोन), किशोर (50,000 से 5 लाख तक का लोन) तरुण (5 लाख से 10 लाख तक का लोन) तीन श्रेणी में लोन दिए जाते हैं। अब सरकार ने इस लिमिट को बढ़ाकर 20 लाख रुपए कर दिया है, ताकि अधिक छोटे उद्यमी इसका लाभ ले सकें।

### क्यों चिंतित है नीति आयोग

**नीति** आयोग की चिंता इस बात की है कि वर्ष 2017 से 2022 तक एनपीए खाते की संख्या में 22.51% तो एनपीए राशि में 36.61% की दर से बढ़ोतरी हो रही है। सबसे अधिक एनपीए सरकारी बैंकों का है। वित्त वर्ष 2016-17 में 23.94 लाख खाते एनपीए श्रेणी में थे, जो वित्त वर्ष 2021-22 में बढ़कर 66.08 लाख हो गए। आयोग ने अपनी सिफारिश में कहा कि मुद्रा लोन को व्यापक बनाने के लिए इसके प्रमोशन और विज्ञापन की जरूरत है, ताकि लोग सीधे तौर पर बैंक से इस लोन के लिए संपर्क साध सकें। लोन लेने के इच्छुक लोगों को बेसिक जरूरी दस्तावेज की जानकारी नहीं होती है। सिबिल और जरूरी दस्तावेज के अभाव में मुद्रा लोन नामंजूर होते हैं।

**पर्सनल फाइनेंस @ पत्रिका**

**सलाह:** जेनजेड के लिए कैसी हो निवेश की रणनीति और उनका फाइनेंशियल प्लानिंग

## रिस्क-रिवॉर्ड को ध्यान में रखकर लें निवेश का फैसला

*मुंबई @ पत्रिका. जिस तरह एक कंपनी बैलेंस शीट का उपयोग करके अपने प्रदर्शन का आकलन करती है, ठीक वैसे ही निवेशकों को भी अपने पर्सनल फाइनेंस का मूल्यांकन करना चाहिए ताकि वेल्थ क्रिएशन के लिए वे सही निर्णय ले सकें। निवेशकों को जोखिम और रिटर्न (रिस्क-रिवॉर्ड) को ध्यान में रखकर ही कहां और कितना निवेश करना है, इसका फैसला लेना चाहिए।*



**मनीष श्रीवास्तव,** कार्यकारी निदेशक, आनंद राठी वेल्थ

### अभी कैसा हो आपका एसेट एलोकेशन

| गोल | अवधि | इक्विटी | डेट | औसत रिटर्न |
|---|---|---|---|---|
| मिड टर्म | 3 से 5 साल | 70% | 30% | 11.6% |
| लॉन्ग टर्म | 5 वर्ष से अधिक | 80% | 20% | 12.4% |

- **निवेश** की सबसे बेहतर रणनीति ऐसे म्यूचुअल फंड्स का बास्केट बनाना है जो सभी मार्केट साइकल में निर्बाध रूप से नेविगेट हो सके और रिटर्न (अल्फा) जनरेट कर सके। इसके लिए इक्विटी सेगमेंट में सभी मार्केट कैप वाले फंड्स में निवेश होना चाहिए, ताकि पोर्टफोलियो में बैलेंस आए।
- **निवेशकों** को अभी 50% निवेश लार्जकैप, 30% मिडकैप और 20% स्मॉलकैप में करना चाहिए। वहीं डेट फंड्स की श्रेणी में इस साल टारगेट मैच्योरिटी फंड्स और गिल्ट फंड्स में निवेश की सलाह है।


### इतने फंड्स का रिटर्न निफ्टी 50 से अधिक

| म्यूचुअल फंड्स | संख्या | इतना अधिक रिटर्न |
|---|---|---|
| लार्जकैप फंड | 44% | 3.34% |
| लार्ज एंड मिड | 51% | 5.81% |
| मिडकैप फंड | 55% | 8.57% |
| फ्लेक्सीकैप | 49% | 6.62% |
| फोकस्ड फंड | 49% | 5.60% |
| मल्टीकैप फंड | 52% | 8.31% |
| स्मॉलकैप फंड | 56% | 14.2% |
| कॉन्ट्रा फंड्स | 61% | 6.60% |
| डिविडेंड यील्ड | 56% | 6.39% |

**65%** म्यूचुअल फंड्स ने पिछले एक साल में अपने बेंचमार्क इंडेक्स से कम रिटर्न दिया है, इस वजह से निवेशक अब इंडेक्स फंड में जमकर निवेश कर रहे हैं।

### स्टेपअप एसआइपी में अधिक रिटर्न

- मंथली एसआइपी: **10,000** रुपए
- औसत सालाना रिटर्न: **14**%
- स्टेपअप: निवेश में हर साल **10**% इजाफा




**एकमुश्त** निवेश करना ठीक है, लेकिन बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण एसआइपी के जरिए अनुशासित निवेश युवाओं के लिए अधिक कारगर साबित होता है। आय बढ़ने के साथ निवेशकों को हर साल एसआइपी राशि बढ़ानी चाहिए, इससे लंबी अवधि में मोटा फंड तैयार कर सकते हैं।

**रिपोर्ट:** लग सकता है 76,293 करोड़ का झटका

## सेबी का 61.5% बकाया सहारा इंडिया और पीएसीएल लि. पर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** बाजार नियामक सेबी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 76,293 करोड़ रुपए की बकाया राशि को 'डिफिकल्ट टु रिकवर' यानी डीटीआर कैटेगरी में डाल दिया। पिछले वित्त वर्ष में फंसे पैसों की रकम 4% बढ़ गई। इनमें से एक बड़ा हिस्सा कोर्ट की तरफ से नियुक्त की समितियों के पास लंबित मामलों से जुड़ा हुआ है।

डीटीआर वह बकाया रकम है जिन्हें सभी वसूली के प्रयासों के बाद भी वसूला नहीं जा सका। सेबी ने 31 मार्च, 2024 तक 807 मामलों को डीटीआर के रूप में पहचाना है। जबकि, पिछले साल 2022-23 में यह रकम 692 मामलों से 73,287 करोड़ रुपए थी। सेबी का 63,206 करोड़ रुपए (कुल बकाया राशि का 61.5% पीएसीएल लिमिटेड और सहारा इंडिया के पास फंसा है।

### कहां लंबित हैं मामले

**कुल** 807 मामले में से 36 मामले राज्य पीआइडी कोर्ट, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी), नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) में लंबित हैं, जिनकी राशि 12,199 करोड़ रुपए है। इसके अलावा, 60 मामले कोर्ट की ओर से नियक्त समितियों के सामने लंबित हैं, जिनमें 59,970 करोड़ रुपए दांव पर लगे हैं। कुल लंबित रकम का 95% हिस्सा इन्हीं दोनों कैटेगरी के पास फंसा है। कुल मिलाकर, सेबी के पास 1.03 लाख करोड़ रुपए की वसूली करने लायक बकाया राशि है। इसमें वे संस्थाएं शामिल हैं जो उन पर लगाए गए जुर्माने का भुगतान नहीं कर पाईं। या जिनको सेबी की तरफ से निवेशकों की रकम रिफंड करने को आदेश मिला था, मगर उन्होंने ऐसा नहीं किया।

**डेटा प्रोटेक्शन बिल**

### एक माह में हो जारी हो सकता है ड्राफ्ट

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** सरकार एक महीने के भीतर डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन कानून के तहत नियमों का ड्राफ्ट जारी कर सकती है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को बताया कि सरकार ने पहले कानून के डिजिटल कार्यान्वयन पर काम किया है और उसके अनुसार नियम बनाए हैं। उन्होंने कहा, फ्रेमवर्क तैयार है और सलाह-मशवरे के लिए नियमों का मसौदा एक महीने के अंदर जारी होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, पिछले हफ्ते नियमों के अंतिम ड्राफ्ट की समीक्षा की गई थी, और उम्मीद है कि यह एक महीने के भीतर जनता के सामने आ जाएगा।

**एनएफओ:** जुलाई में खुले 12 लाख नए म्यूचुअल फंड खाते, दिसंबर 2021 के बाद सर्वाधिक

# आइपीओ की राह पर म्यूचुअल फंड्स इस हफ्ते लॉन्च हो रहे 11 नए फंड ऑफर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में इन दिनों आइपीओ बाजार जैसी गहमागहमी देखने को मिल रही है। जिस तरह बाजार में ताबड़तोड़ आइपीओ देखने को मिल रहे हैं, उसी तरह म्यूचुअल फंड कंपनियां निवेशकों के लिए लगातार नए फंड ऑफर (एनएफओ) लेकर आ रही हैं। इस सप्ताह 11 नए फंड ऑफर सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहे हैं। ये ऑफर विभिन्न कैटेगरीज के हैं, जिससे निवेशकों को अपनी पसंद के हिसाब से विकल्प चुनने का मौका मिल रहा है।

इस हफ्ते लॉन्च हो रहे एनएफओ में इंडेक्स फंड, सेक्टोरल फंड के अलावा डिविडेंड यील्ड फंड, लार्ज एंड मिडकैप फंड, मल्टी एसेट एलोकेशन फंड और मल्टीकैप फंड्स के साथ ईटीएफ शामिल हैं। घरेलू म्युचुअल फंड उद्योग ने जुलाई में नए निवेशकों की संख्या में 12 लाख की शानदार वृद्धि दर्ज की, जो दिसंबर 2021 के बाद का सर्वाधिक आंकड़ा है। इससे देश में म्यूचुअल फंड निवेशकों की कुल संख्या बढ़कर 4.81 करोड़ पर पहुंच गई जो 5 करोड़ के काफी नजदीक है। पिछले दो महीनों में ही 21 लाख नए निवेशक म्यूचुअल फंड्स से जुड़े। कई लोकप्रिय थीमों में एनएफओ की लहर से नए निवेशकों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है।

### 2024 में ऐसे बढ़े म्यूचुअल फंड्स निवेशक

| माह | नए निवेशक | कुल निवेशक |
|---|---|---|
| जनवरी | 10 लाख | 4.30 करोड़ |
| फरवरी | 09 लाख | 4.39 करोड़ |
| मार्च | 07 लाख | 4.46 करोड़ |
| अप्रेल | 06 लाख | 4.52 करोड़ |
| मई | 07 लाख | 4.60 करोड़ |
| जून | 09 लाख | 4.69 करोड़ |
| जुलाई | 12 लाख | 4.81 करोड़ |

**4.81 करोड़** हो गई म्यूचुअल फंड्स में निवेश करने वाले लोगों की संख्या



### इन वजहों से बढ़े निवेशक

**पिछले** दो महीनों में इक्विटी श्रेणी में 14 एनएफओ ने ₹28,105 करोड़ जुटाए। विश्लेषकों का मानना है कि बाजार के मजबूत प्रदर्शन से निवेशकों की संख्या बढ़ेगी। मिरे ऐसेट के स्वरूप मोहंती ने कहा, विभिन्न वर्ग के निवेशकों की जरूरत पूरा करने वाले इनोवेटिव फंडों की पेशकश, बढ़ते आय और निवेश करने में आसानी ने नए निवेशकों की संख्या बढ़ाने में योगदान दिया है। उन्होंने कहा, निवेशक महसूस कर रहे हैं कि अगर निवेश करने में जोखिम है तो उससे भी ज्यादा जोखिम निवेश नहीं करने में है।

### इस हफ्ते इन एनएफओ में निवेश का मौका

| स्कीम | लॉन्च डेट | लास्ट डेट |
|---|---|---|
| टाटा निफ्टी 200 अल्फा 30 इंडेक्स फंड | 19 अगस्त | 2 सितंबर |
| निप्पॉन इंडिया निफ्टी 500 इक्वल वेट इंडेक्स | 21 अगस्त | 4 सितंबर |
| बंधन बीएसई हेल्थकेयर इंडेक्स फंड | 21 अगस्त | 3 सितंबर |
| एक्सिस कंजम्पशन फंड | 23 अगस्त | 6 सितंबर |
| यूनियन मल्टी एसेट एलोकेशन फंड | 20 अगस्त | 3 सितंबर |
| आइटीआइ लार्ज एंड मिड कैप फंड | 21 अगस्त | 4 सितंबर |
| बीएनपी परिबास डिविडेंड यील्ड फंड | 22 अगस्त | 5 सितंबर |
| ग्रो निफ्टी इंडिया डिफेंस ईटीएफ | 22 अगस्त | 5 सितंबर |
| पीजीआइएम इंडिया मल्टी कैप फंड | 22 अगस्त | 5 सितंबर |
| फ्रैंकलिन इंडिया अल्ट्रा शॉर्ट ड्यूरेशन फंड | 19 अगस्त | 28 अगस्त |
| मोतीलाल ओसवाल निफ्टी डिफेंस ईटीएफ | 19 अगस्त | 21 अगस्त |

### नए निवेशकों में 50% मिलेनियल

**प्रूडेंट** कॉरपोरेट एडवाइजरी के पार्थ पारेख ने कहा, महंगाई को मात देने वाले रिटर्न देने की क्षमता के कारण म्यूचुअल फंडों को लोकप्रियता बढ़ रही है। कंप्यूटर एज मैनेजमेंट सर्विसेज के आंकड़ों के अनुसार 2018-19 और 2022-23 के बीच म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री से जुड़े नए निवेशकों में से 50% मिलेनियल थे। यह समूह जोखिम को लेकर अधिक समझदार है और वास्तविक रिटर्न की अवधारणा समझता है।

## इटली- याच डूबने से ब्रिटिश टेक टाइकून की मौत, 6 लापता

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सिसिली.** इटली के सिसिली के पास तूफान की चपेट में आने से एक लक्जरी नौका (याच) डूबी गई। घटना में ब्रिटिश टेक टाइकून माइक लिंच की मौत हो गई और छह लोग लापता हैं।

लापता लोगों में लिंच की पुत्री हन्नाह भी शामिल हैं। लिंच को ब्रिटेन का बिल गेट भी कहा जाता हैं। हादसे में उनकी पत्नी को बचा लिया गया। ब्रिटेन की यह याच 56 मीटर लंबी थी और इसमें 22 लोग सवार थ।

लापता लोग ब्रिटिश, अमरीकी और कनाडाई नागरिक हैं। बचाए गए 15 लोगों को स्थानीय अस्पतालों में भेजा गया है। तट रक्षक सूत्रों का कहना है कि नाव 50 मीटर से ज्यादा की गहराई पर मिली है। बताया जा रहा है कि याच किसी हादसे की वजह से टूट गई।

**टाइचे:** अंतरिक्ष से बढ़ाएगा खुफिया निगरानी

## यूके स्पेस कमांड ने किया पहले सैन्य उपग्रह का प्रक्षेपण

**नई दिल्ली.** यूके स्पेस कमांड ने अपना पहला सैन्य उपग्रह टाइचे सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। कमांड के अनुसार यह उपग्रह खुफिया निगरानी के साथ ही सैन्य अभियानों और प्राकृतिक आपदाओं में मददगार होगा। मानचित्रण, पर्यावरण निगरानी और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर नजर रखने में भी सहायक होगा। यह पृथ्वी की सतह की दिन के समय की तस्वीरें और वीडियो भी उपलब्ध कराएगा।

### बीएसएफ जवान पर चाकू से किया हमला

**कोलकाता.** भारत-बांग्लादेश सीमा पर सोमवार को तस्करी का छह किलोग्राम सोना लेकर आए एक व्यक्ति ने रोके जाने पर भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान पर चाकू से हमला कर दिया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि हमले में जवान बच गया, जबकि तस्कर सोना छोड़कर भाग निकला।

**विदेशी निवेश**

## इंश्योरेंस सेक्टर में 100% एफडीआइ को मंजूरी देने की तैयारी

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** सरकार इंश्योरेंस सेक्टर में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) की सीमा को बढ़ाकर 100% कर सकती है। अभी यह 74% है। इस प्रस्ताव पर अधिकारी चर्चा कर रहे हैं। इस कदम को बीमा नियामक का समर्थन प्राप्त है। हालांकि इसके लिए राजनीतिक मंजूरी की जरूरत होगी, क्योंकि इसके लिए बीमा अधिनियम में संशोधन करना होगा। एफडीआइ को लेकर सरकार की ओर से नीतियों में ढील की वजह से पिछले 9 साल के दौरान इंश्योरेंस सेक्टर में करीब 54,000 करोड़ रुपए का एफडीआइ आया है। अधिकारियों ने कहा कि चूंकि अधिकांश बड़ी भारतीय कंपनियां और समूह पहले ही बीमा क्षेत्र में निवेश कर चुके हैं। इसलिए इस क्षेत्र में 100% एफडीआइ की अनुमति देने का समय आ गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि कई विदेशी खिलाड़ी जिनके पास पर्याप्त पूंजी है, वे देश में आने के लिए इच्छुक हैं।

## पेज 1 का शेष

### पासवान-जेडीयू ...

इसे पारदर्शी तरीके से लागू किया जा रहा है। सरकार ने ध्यान दिलाया कि यूपीए सरकार के समय बड़े-बड़े पदों पर नियुक्तियां लेटरल एंट्री ही थीं। कांग्रेस ने आरोप दोहराया है कि सरकार लेटरल भर्ती के जरिये आरक्षण छीनना चाहती है।

**मनमोहन सिंह कैसे वित्त सचिव बने थे ? मेघवाल:** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि राहुल गांधी कहते हैं कि आरएसएस के लोग लेटरल एंट्री के माध्यम से भर्ती किए जाते हैं। हम कहना चाहते हैं कि डॉ.मनमोहन सिंह भी लेटरल एंट्री का हिस्सा हैं। 1976 में, आपकी सरकार ने उन्हें सीधे वित्त सचिव कैसे नियुक्त किया? आपके योजना आयोग के उपाध्यक्ष भी लेटरल एंट्री पर थे। ऐसे सैकड़ों उदाहरण मिलेंगे। लेटरल एंट्री आपने ही शुरू की थी। आप कह रहे हैं कि हम आरक्षण खत्म कर रहे हैं। जब आप भर्ती कर रहे थे, तो आप क्या कर रहे थे?

**सरकार का दावा- कांग्रेस के समय ये चेहरे लेटरल एंट्री:**
मनमोहन सिंह- 1976 में वित्त मंत्रालय के सचिव
सैम पित्रोदा- राजीव गांधी सरकार में नॉलेज कमीशन के चेयरमैन, पीएम के सलाहकार
विमल जालान- मुख्य आर्थिक सलाहकार व आरबीआइ के एडवाइजर
कौशिक बसु- 2009 में केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार
एनके सिंह- रिटायर होने के बाद पीएमओ में सचिव
रघुराम राजन- वित्त मंत्रालय में 2012 में मुख्य आर्थिक सलाहकार
मोंटेक सिंह अहलूवालिया- 2004-2014 तक योजना आयोग के उपाध्यक्ष
नंदन नीलकेणि- 2009 में यूआइडीएआई के मुखिया

### डॉक्टर के...

सुप्रीम कोर्ट भी इस मामले में मंगलवार को सुनवाई करेगा। इस बीच, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे। समझा जाता है कि वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात कर सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, घटना की शिकार रेजिडेंट डॉक्टर का पोस्टमार्टम नौ अगस्त को शाम 6.10 बजे से 7.10 बजे तक किया गया। ऐसे साक्ष्य मिले हैं जिनसे पता चलता है कि बलात्कार किया गया है। शरीर के कई हिस्सों में खून के थक्के जमने के साथ फेफड़ों में रक्तस्राव देखा गया। कोई फ्रैक्चर नहीं मिला है, हालांकि सिर, दोनों गाल, होंठ, नाक, दायां जबड़ा, ठुड्डी, गर्दन, बाएं हाथ, कंधे, घुटने, टखने और प्राइवेट पार्ट्स पर चोट के निशान पाए गए। चोट के सभी निशान मौत से पहले के हैं, जो आरोपी के वहशीपन की गवाही दे रहे हैं।

**सुरक्षा के बगैर नहीं बढ़ेगी महिला भागीदारी:** आइएमएफ की डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गीता गोपीनाथ ने कोलकाता बलात्कार-हत्याकांड पर कहा कि व्यक्तिगत रूप से, इस तरह की कोई भी घटना भयानक और परेशान करने वाला है। कार्यस्थल पर कार्यस्थल तक पहुंचने के दौरान महिलाओं की पुख्ता सुरक्षा सुनिश्चित किए बिना भारत की अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी नहीं बढ़ाई जा सकती।

### चार एंगल ...

घटना के समय जब वह चीखी चिल्लाई होगी तो उसके साथियों ने क्यों नहीं सुना?

**3 क्या परिजनों को कुछ बताया था :** सीबीआइ घटना की शिकार डॉक्टर के परिजनों से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसके करीब दोस्त कौन-कौन थे और क्या अस्पताल के बारे में उसने परिवार को कभी कुछ बताया था। यह भी पता लगाया जा रहा है कि क्या वह डॉयरी लिखती रही थी। यदि ऐसा था तो डॉयरी में क्या है।

**4 कैसी है आरोपी की मानसिक स्थिति :** सीबीआइ ने दिल्ली की फॉरेंसिक टीम से मामले में गिरफ्तार आरोपी संजय रॉय का साइकोलॉजिकल टेस्ट करवाया है। इससे आरोपी की दिमागी हालत का पता लगाया जा रहा है। सीबीआइ को संजय रॉय का पॉलिग्राफ टेस्ट कराने की भी अनुमति मिल गई है। पता लगाया जा रहा है कि क्या घटना में क्या कोई और शामिल था?

### दाउद की...

उसकी बेटी के लिए गाउन मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के एक छोटे से गांव के दर्जी इस्माइल खान ने तैयार किया था। उसे गाउन की सिलाई के लिए एक करोड़ रुपए भी दिए गए थे।

इसके करीब एक माह बाद 17 अगस्त, 2005 में इंदौर के एक प्रमुख सीमेंट व्यापारी के 20 वर्षीय बेटे नितेश नागौरी का अपहरण हुआ। केस की तहकीकात के दौरान पुलिस को जो जानकारी मिली उसने सभी के होश उड़ा दिए। इसमें इस्माइल खान का नाम सामने आया। तहकीकात में पता चला कि यह वही इस्माइल दर्जी है जिसने दाउद की बेटी का ब्राइडल गाउन तैयार किया था, उसे ही नितेश के अपहरण का मास्टरमाइंड पाया गया। इस्माइल खान का सीधा संबंध दाऊद इब्राहिम के करीबी आफताब आलम से था। माना जाता है कि इस्माइल को इस अपहरण में उसकी भूमिका के लिए उसे दुबई में नौकरी और मोटी रकम का वादा भी किया गया था।


**फरार है इस्माइल दर्जी :** घटना के बाद इस्माइल मुंबई भाग गया। कुछ समय वहां रहा, फिर वहां से दुबई चला गया। अब मामले की ताजा स्थिति तो उन्हें नहीं पता लेकिन यह सही है कि वह फरार है। दो दशक बाद भी वह पुलिस की पकड़ से बाहर है।

### अब भी ...

उन्होंने लिखा, 'लोग इसके पीछे की वजह और परिस्थितियों को लेकर तरह-तरह के निष्कर्ष निकालते हैं, लेकिन खुद को मेरी जगह रखकर देखिए और जानिए शायद आप सही हों, या शायद नहीं। आप निष्कर्ष निकालने के लिए स्वतंत्र हैं और मुझे अपना काम करते रहने की आजादी है।'

**एंटरटेनमेंट भी हाइटेक:** चीन में रोबोट की सवारी







**बीजिंग.** चीन की राजधानी बीजिंग के एक शॉपिंग मॉल में बिजली से चलने वाले रोबोट की सवारी का आनंद लेते बच्चे। चीन में इन दिनों ग्रीष्मकालीन छुट्टियां चल रही हैं।

**कार्रवाई**

## विदेशी गैंबलिंग ऐप्स के भारतीय लिंक की जांच कर रहा ईडी

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) विदेशी गैंबलिंग ऐप्स के माध्यम से भारतीय लेनदेन की जांच कर रहा है। महादेव घोटाला के बाद देश में अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स के जरिए होने वाले लेनदेन उजागर हुए थे। इसके बाद ऐसे कई संदिग्ध ऐप को बंद किया गया था, जो ऑनलाइन गैंबलिंग में लिप्त थे। अभी भी भारत में विदेशी गैंबलिंग ऐप्स के माध्यम से पैसे का हस्तांतरण जारी है। ऐसे दो दर्जन से भी अधिक ऐप ईडी की जांच के दायरे में हैं। जांच एजेंसी का कहना है कि नकली आयात सेवाओं, क्रिप्टोकरेंसी या शेयर बाजार में निवेश के नाम पर ट्रांजेक्शन होने का संदेह जताया जा रहा है। इन ऐप्स के जरिए एक लाख करोड़ रुपए का सट्टा लगने की आशंका है।

# खिलाड़ियों का अपनी बहनों से दोस्त और गुरु जैसा है खास रिश्ता

**रक्षाबंधन पर विशेष**

*नई दिल्ली @ पत्रिका. रक्षाबंधन का त्योहार सोमवार को पूरे देश में धूमधाम से मनाया गया। भारतीय खिलाड़ियों का अपनी बहनों से काफी खास रिश्ता है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अपनी बहन को अपनी गुरु और आदर्श मानते हैं। वहीं, दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली बहन भावना को अपनी सबसे अच्छी दोस्त मानते हैं। पिता के देहांत के बाद भावना ने विराट का काफी ख्याल रखा। वहीं, शुभमन गिल और उनकी बहन शाहनील गिल अकसर सोशल मीडिया पर साथ तस्वीरें पोस्ट करते हैं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना का भी अपने भाई श्रवण से काफी गहरा रिश्ता है।*


जसप्रीत बुमराह


विराट कोहली


शुभमन गिल


स्मृति मंधाना

**विनेश को भाई से मिला खास तोहफा...**



**पहलवान** विनेश फोगाट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह अपने भाई को राखी बांधती हुई दिख रही हैं। उन्हें गिफ्ट में नोटों की गड्डी मिलती है। इस पर विनेश हंसते हुए कहती हैं कि भाई ने अपनी पूरी जिंदगी की कमाई उन्हें दी है।

**प्रीमियर लीग फुटबॉल:** चेल्सी को 2-0 से दी मात

## हालैंड चमके, मैनचेस्टर सिटी ने 13वीं बार किया जीत से आगाज


चेल्सी के खिलाफ मैनचेस्टर सिटी के खिलाड़ी अर्लिंग हालैंड (बीच में)

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लंदन.** मौजूदा चैंपियन मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में जीत से शुरुआत करते हुए चेल्सी को 2-0 से शिकस्त दी। पिछले 14 सीजन में से 13वीं बार मैनचेस्टर सिटी ने जीत से आगाज किया है। आखिरी बार उसे अपने शुरुआती मैच में 2021-22 में हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, चेल्सी को पिछले आठ सीजन में से तीसरी बार पहले मैच में शिकस्त मिली है।

**हालैंड ने दागा गोल**
**मैनचेस्टर** सिटी के स्टार खिलाड़ी अर्लिंग हालैंड ने मैच के 18वें मिनट में शानदार गोल ठोका। टीम के लिए दूसरा गोल मैच खत्म होने से कुछ देर पहले 84वें मिनट में मातेओ कोवासिस ने किया।

**आज का पोल**

**क्या भारतीय टीम लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हरा पाएगी?**

YES | NO

हमारे ट्विटर/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews

**सोमवार का जवाब**
हां **85%** नहीं **15%**

**पिछला सवाल:** क्या चीन पेरिस पैरालंपिक में भी 200 से ज्यादा पदक जीतने में सफल रहेगा?

**बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज:** इस साल 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर खेली जाएगी सीरीज

# ऑस्ट्रेलियाई टीम ने शुरू कर दी तैयारियां, भारत से घरेलू सरजमीं पर बदला लेने को बेताब

*नई दिल्ली @ पत्रिका. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस साल 22 नवंबर से बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर खेले जाने वाली इस सीरीज में पहली बार पांच टेस्ट मुकाबले खेले जाएंगे। मेजबान ऑस्ट्रेलिया के लिए यह सीरीज काफी अहम है, क्योंकि पिछली दो सीरीज में भारत ने कंगारू टीम को उसी के घर में हराया। यह दर्द अभी तक ऑस्ट्रेलियाई टीम के जेहन में है और वो हर हाल में इस बार भारतीय टीम को शिकस्त देकर सीरीज जीतना चाहती है। इस सीरीज की शुरुआत में भले ही **अभी तीन महीने का समय है लेकिन कंगारू टीम ने तैयारी शुरू कर दी है।***

### फिटनेस हासिल करने में जुटे कप्तान कमिंस


ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के लिए अभी से फिटनेस हासिल करने में जुट गए हैं। पिछले दो साल से लगातार क्रिकेट खेल रहे पैट कमिंस को ऑस्ट्रेलियाई कोचिंग स्टाफ ने दो महीने गेंदबाजी से ब्रेक लेने की सलाह दी है, ताकि वह खुद को तरोताजा रख सकें। 31 वर्षीय कमिंस अक्टूबर में गेंदबाजी करने की योजना बना रहे हैं।

### सीरीज से पहले बहुत कम मैच खेलेंगे

भारतीय टीम के साथ सीरीज का पहला मुकाबला 22 नवंबर को पर्थ में खेला जाएगा। इससे पहले, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस न्यू साउथ वेल्स के लिए शेफील्ड शील्ड में एक मैच खेल सकते हैं, ताकि उन्हें मैच अभ्यास मिल सके। इसके अलावा, वह पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेंगे।

कमिंस ने कहा, फिलहाल मेरी प्राथमिकता जिम में कड़ी मेहनत करने पर है। मैं पिछले दो साल से लगातार गेंदबाजी कर रहा हूं और मुझे खुद को सीरीज के लिए तरोताजा रखना है। यह टेस्ट सीरीज हमारे लिए काफी अहम है क्योंकि पिछली दो घरेलू सीरीज में हमें भारतीय टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

**दबाव नहीं** : पैट कमिंस ने कहा कि उनके ऊपर सीरीज जीतने का कोई दबाव नहीं है। उन्होंने कहा, हम घर में खेल रहे हैं और मुझे नहीं लगता कि दबाव जैसी कोई बात है। हमें सिर्फ अपना सौ फीसदी देना है।



**ज्यादा से ज्यादा ऑलराउंडर टीम में करेगा शामिल**

**ऑस्ट्रेलियाई** टीम ने भारत के खिलाफ रणनीति बनानी भी शुरू कर दी है। इसके तहत, वह अंतिम एकादश में ज्यादा से ज्यादा ऑलराउंडर शामिल करेगा। मीडियम पेसर ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन और मिचेल मार्श अहम साबित हो सकते हैं। कमिंस ने कहा, ग्रीन और मार्श के शामिल होने से हमारी गेंदबाजी को काफी मजबूत मिलेगी।

जिम में ट्रेनिंग करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पैट कमिंस।

### भारत के खिलाफ लकी साबित हुए हैं कमिंस

**यदि** पैट कमिंस की कप्तानी पर बात करें तो भारत के खिलाफ वह हमेशा ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए लकी साबित हुए हैं। 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को हराकर चैंपियन बनीं थी। इससे पहले, कमिंस की कमान में ही ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर आइसीसी टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीता था।


## हम भारतीय टीम को हराने के लिए बेताब हैं : नाथन लियोन

**ऑस्ट्रेलियाई** स्पिनर नाथन लियोन ने कहा कि उनकी टीम भारत को शिकस्त देने के लिए बेताब है। 36 वर्षीय लियोन ने कहा कि यह एक ऐसा काम है, जो पिछले 10 साल से अधूरा है। उन्होंने कहा, 10 साल से हम भारत को अपनी सरजमीं पर टेस्ट सीरीज नहीं हरा सके हैं और यह एक पीढ़ी के लिए अधूरा काम है। अब हम चीजों को बदलने और जीतने के लिए बेताब हैं।

***ऑस्ट्रेलिया महान टीम बनने की यात्रा पर :*** नाथन लियोन ने कहा, सच कहूं तो कुछ साल पहले ही तुलना में अब हम एक अलग टीम हैं। हम एक महान ऑस्ट्रेलियाई टीम बनने की यात्रा पर हैं। अभी हम हालांकि उस मुकाम तक नहीं पहुंचे हैं लेकिन हम जल्द वहां तक पहुंच जाएंगे।

### 1996 में हुई थी सीरीज की शुरुआत

- पहली बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट ***सीरीज 1996 में भारतीय सरजमीं पर खेली गई थी।*** इस सीरीज में हालांकि सिर्फ एक टेस्ट मैच खेला गया था, जो मेजबान भारतीय टीम ने जीता।
- भारत के महान बल्लेबाज ***सुनील गावस्कर और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलन बॉर्डर के नाम पर यह सीरीज*** खेली जाती है।
- ***2014-15 में भारतीय टीम ने आखिरी बार सीरीज हारी थी।*** उसके बाद खेली गई सभी चार सीरीज में टीम इंडिया ने जीत हासिल की है।



### कंगारू टीम को लगातार *दो बार उसके घर में हराया*

***साल 2018-19*** विराट कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम ने 4 टेस्ट मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से शिकस्त दी।

***साल 2020-21*** पहला टेस्ट खेलने के बाद विराट स्वदेश लौट आए। अजिंक्य रहाणे ने कमान संभाली। भारत 2-1 से जीता।

**टी-20 विश्व कप**

### बांग्लादेश में जाकर खेलने का सवाल ही नहीं : हीली


एलिसा हीली, कप्तान।

**मेलबर्न @ पत्रिका.** ऑस्ट्रेलिया की महिला टी-20 टीम की कप्तान एलिसा हीली ने सोमवार को कहा कि यदि आगामी विश्व कप का आयोजन बांग्लादेश में होता है तो उनकी टीम वहां नहीं जाएगी। विश्व कप की मेजबानी बांग्लादेश के पास है और टूर्नामेंट का आयोजन इस साल 03 से 20 अक्टूबर तक होना है। लेकिन हाल ही में वहां सेना ने तख्तापलट कर दिया और प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़ना पड़ा। इसके बाद वहां कई हिंसक वारदातें भी हुईं।

**वहां मदद की दरकार :** बांग्लादेश में जो हालात हैं, उन्हें देखते हुए मुझे नहीं लगता कि मैं वहां जाकर खेल सकती हूं। अभी वहां उन लोगों की मदद करने का समय है, जो वहां मर रहे हैं। वहां, लोगों से संसाधन छीने जा रहे हैं, जो पूरी तरह से गलत है।

**चैंपियंस ट्रॉफी**

### सुरक्षा कारणों से बदली जाएगी कुछ मैचों की तारीख

**लाहौर @ पत्रिका.** भारतीय क्रिकेट टीम के पाकिस्तान दौरे को लेकर जारी संशय के बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने कहा है कि सुरक्षा कारणों से आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के कुछ मैचों की तारीखों में बदलाव हो सकता है।

उन्होंने कहा, चैंपियंस ट्रॉफी निश्चित तौर पर पाकिस्तान में ही होगी। हालांकि कुछ मैचों की तारीखों में सुरक्षा कारणों से बदलाव हो सकता है। पीसीबी सक्रिय तौर पर सुरक्षा एजेंसियों से संपर्क में है। हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि खिलाड़ियों को यहां पूरी सुरक्षा मिलेगी।

**द हंड्रेड महिला क्रिकेट :** फाइनल में वेल्स को हराया

## दीप्ति ने छक्का लगाकर लंदन स्प्रिट को पहला खिताब दिलाया


द हंड्रेड महिला क्रिकेट टूर्नामेंट जीतने के बाद लंदन स्प्रिट की टीम।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लंदन.** भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा के दम पर लंदन स्प्रिट टीम ने रविवार रात खेले गए रोमांचक द हंड्रेड महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में वेल्स फायर टीम को दो गेंद शेष रहते चार विकेट से हरा दिया। दीप्ति ने 16 गेंदों में एक छक्के के साथ नाबाद 16 रन बनाए और टीम को पहली बार खिताब दिलाया। दीप्ति ने एक विकेट भी चटकाया। इससे पहले, वेल्स फायर ने 100 गेंदों पर आठ विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाए थे। जवाब में लंदन स्प्रिट ने 98 गेंदों पर 6 विकेट गंवाकर 118 रन बनाकर मैच जीत लिया।

**सिनसिनाटी ओपन टेनिस:** बेलारूसी खिलाड़ी पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में, अब भिड़ंत पेगुला से

# नंबर-1 स्विटेक को हराकर सबालेंका खिताबी मुकाबले में

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सिनसिनाटी.** बेलारूस की 26 वर्षीय आर्यना सबालेंका ने रविवार को यहां जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्विटेक को हराया। इसके साथ ही सबालेंका ने पहली बार सिनसिनाटी ओपन के महिला एकल फाइनल में प्रवेश किया। सबालेंका ने अंतिम चार मुकाबले में स्विटेक को 6-3, 6-3 से मात दी। अब विश्व नंबर-3 सबालेंका खिताबी मैच में अमरीकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला से भिड़ेंगी, जिन्होंने स्पेन की पाउला बाडोसा को 6-2, 3-6, 6-3 से हराया।


दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी स्विटेक को हराने के बाद सबालेंका।

***बेलारूसी खिलाड़ी पड़ी है भारी:*** सबालेंका ने अब तक जेसिका पेगुला से कुल छह मैच खेले हैं, जिसमें बेलारूसी खिलाड़ी ने चार में जीत दर्ज की है और दो मैचों में हार का सामना पड़ा है।

### जेनिक सिनर से फाइनल में भिड़ेंगे फ्रांसिस टियाफो

पुरुष एकल में विश्व नंबर-1 इटली के जेनिक सिनर ने जर्मनी के 27 वर्षीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव को कड़े मुकाबले में 7-6, 5-7, 7-6 से शिकस्त देकर सिनसिनाटी ओपन के पुरुष एकल के फाइनल में प्रवेश किया। अब खिताबी मुकाबले में उनका सामना अमरीका के फ्रांसिस टियाफो से होगा। सेमीफाइनल में अमरीकी खिलाड़ी ने 21 वर्षीय डेनमार्क के खिलाड़ी होल्गर रूने को कड़े मुकाबले में 4-6, 6-1, 7-6 से शिकस्त दी।

**हॉकी :** एशियन चैंपियंस

### भारतीय टीम में युवा खिलाड़ियों को मौका

**बेंगलूरु @ पत्रिका.** पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम अब नई शुरुआत को बेताब है। चीन के हुलुनबुइर में 8 से 18 सितंबर तक होने वाली एशियन चैंपियन ट्रॉफी में कई सीनियर खिलाड़ियों को आराम मिलेगा और युवाओं को मौका दिया जाएगा। आठ सितंबर को भारतीय टीम अपना खिताब बचाने के लिए पहला मुकाबला मेजबान चीन के साथ खेलेगी। गोलकीपर पीआर श्रीजेश के संन्यास लेने के बाद अब युवाओं के पास उनकी जगह लेने का शानदार मौका है।

## CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7080...



**बाएं से दाएं...** 1. शामिल, उपस्थित, सम्मिलित (3), 4. उत्सव, कार्यक्रम, तैयारी, समारोह (4), 8. अवगत कराना, कहना, जताना (4), 9. लोगों का एकत्रीकरण (4), 10. थाना, मुहाना (2), 11. अन्न कण, रवा, अनाज (2), 13. खाद्य सामग्री, भोज्य सामग्री (3), 17. प्रत्येक, शिव (2), 19. दुर्दशाग्रस्त, बुरी स्थिति (2-2), 20. त्यागना, छोड़ना (3), 22. बाहर, दूर (3), 23. पिछला (2), 25. गुण संपन्न व्यक्ति, विद्वान (4), 27. सुंघनी (4), 29. पीहर, मां का घर (3), 30. तिथि, दिन, प्रहार (2), 31. वित्त (2), 32. निश्चित, निर्णीत (2)

**ऊपर से नीचे...** 1. निशा, रात, रजनी (2), 2. खाली होना, बीतना (3), 3. अभिनेता, हुनरमंद (4), 5. रूपरेखा (3), 6. एकत्र, इकट्ठा (2), 7. नवीन, नूतन (3), 11. प्रशंसा, तारीफ (2), 12. बहुत अच्छा (5), 14. दण्ड (2), 15. सम्मानीय (5), 16. बचपना, बाल्यावस्था (4), 18. धूल, गर्द (2), 19. बुरी धारणा रखने वाला, शक्की (2-3), 21. अप्रियकर, अरुचिकर (4), 24. गीला, नम (2), 26. दान, खैरात (3), 28. एक और चौथाई (2)

**हल 7079**



## SUDOKU 6815...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 5 | 7 | 4 | | |
| | | | 8 | | | | 7 | |
| 4 | 8 | 7 | | | | 3 | 1 | |
| | 1 | | 9 | 6 | 2 | 7 | | 3 |
| 3 | | 5 | | | | | 6 | |
| 9 | | | 7 | | | 1 | 8 | 4 |
| | 4 | 1 | 5 | | | | 2 | 6 |
| 2 | | 8 | 4 | 1 | 6 | | 3 | 7 |
| | 3 | | | | 8 | 5 | | 1 |

**हल 6814**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 2 | 7 | 3 | 8 | 6 | 4 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 7 | 6 | 1 | 2 | 9 | 5 | 8 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 6 |
| 6 | 8 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 3 | 4 |
| 9 | 4 | 1 | 8 | 6 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 1 | 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 4 | 7 | 2 |
| 7 | 5 | 8 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 4 | 3 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 |

**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

**खास बातचीत** ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाली स्कीट शूटर माहेश्वरी चौहान को भविष्य में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

# 'पदक गंवा देना तकलीफ देता है लेकिन पेरिस में काफी कुछ सीखा'

सौरभ कुमार गुप्ता
patrika.com

**नई दिल्ली.** पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 में छह भारतीय खिलाड़ी अपनी-अपनी स्पर्धाओं में चौथे स्थान पर रहकर कांस्य पदक जीतने से चूक गए थे। इसमें भारतीय स्कीट जोड़ी अनंतजीत सिंह नरूका और माहेश्वरी चौहान भी हैं। ये जोड़ी कांस्य पदक मुकाबले में चीनी जोड़ी से सिर्फ एक अंक से हार गई थी। पत्रिका से खास बातचीत में 28 वर्षीय माहेश्वरी ने कहा कि उन्हें दुख है कि पदक हाथ से फिसल गया लेकिन पेरिस ओलंपिक से मिला अनुभव उन्हें भविष्य में और बेहतर निशानेबाज बनाएगा।

### मैंने सीखा कि ओलंपिक में एक गलती बहुत भारी पड़ती है

**माहेश्वरी** ने कहा, जब आप पदक से चूक जाते हैं तो किसी भी एथलीट के लिए इससे बुरा कुछ नहीं होता। इससे यह भी पता चलता है कि ओलंपिक जैसे बड़े मंच पर गलती करने की कोई गुंजाइश नहीं होती। मुझे हर पल याद आता है कि हमने सिर्फ एक अंक से कांस्य जीतने का मौका गंवा दिया। उस दिन हम भी अच्छा खेल रहे थे लेकिन चीनी शूटर हमसे सिर्फ एक अंक बेहतर थे।



### यहां मिला अनुभव मुझे भविष्य में बेहतर बनाएगा

**यह** मेरा पहला ओलंपिक था और पहली बार कोई भारतीय स्कीट जोड़ी फाइनल तक पहुंची थी। ऐसे में यह मेरे और अनंतजीत सिंह नरूका के लिए बड़ा पल था। यह चीज मुझे भविष्य में और अच्छा करने के लिए प्रेरित करती रहेगी। यहां मिला अनुभव मेरे लिए भविष्य में बहुत काम आएगा।

### मैं बिना किसी उम्मीदों के ओलंपिक गई थी

**सच** कहूं तो जब मैंने भारत से पेरिस के लिए उड़ान भरी थी, तब मन में यही था कि अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। इसके अलावा और कोई उम्मीद मैंने नहीं की थी, क्योंकि इससे आपके ऊपर दबाव पड़ता है। मुझे खुशी है कि हमने दिखाया कि भारतीय शूटर किस स्तर पर प्रदर्शन कर सकते है।

### मानसिक स्तर पर मजबूत होने की जरूरत है

**ओलंपिक** जैसे बड़े मंच पर हर एथलीट अपनी पूरी तैयारी के साथ आता है, लेकिन पदक तक वही पहुंच पाता है, जो मानसिक तौर पर अपने विपक्षी से मजबूत होता है। मेरा सपना 2028 ओलंपिक गेम्स में भी भाग लेना है। मैं अब बेहतर तैयारी और मानसिकता के साथ अगले ओलंपिक खेलों में जाऊंगी।

### हमें चीनी-कोरियाई एथलीटों जैसा आक्रामक होना होगा

**यदि** हम तकनीकी स्तर की बात करें तो चीन और कोरियाई एथलीटों से ज्यादा बेहतर हैं लेकिन हम एक चीज में मात खा जाते हैं। वे हमसे कहीं ज्यादा आक्रामक होते हैं और इसका असर उनके प्रदर्शन में दिखता है।

# ये राखी बंधन है ऐसा: विशिष्टजनों की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र... पेड़ों की सुरक्षा का लिया संकल्प












**रक्षा** बंधन पर सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्कूली बच्चों ने राखी बांधी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को राखी बांधती महिला और बच्चियां। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पैर के अंगूठे से तिलक करता विशेष योग्यजन बालक। इंदौर के एक डाकघर परिसर में स्टाफ और उनके बच्चों ने पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधा। अहमदाबाद के स्वामीनारायण गुरुकुल में राखी पर जनेऊ बदलते बालक।

## पत्रिका पोल

Q प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यूक्रे दौरे से क्या रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान निकालने में मदद मिलेगी?

**कल का सवाल था**

जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में क्या धारा 370 हटाना मुख्य मुद्दा बनाया जाएगा?

**जवाब**

70% हां — 30% नहीं

स्कैन करें...

## इंडिया @ शॉर्ट रीड

### मेघालय — कांग्रेस के 3 विधायक एनपीपी में शामिल

**शिलांग @ पत्रिका.** मेघालय में सोमवार को कांग्रेस के चार विधायकों में से तीन ने सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) का दामन थाम लिया। अब 60 सदस्यीय विधानसभा में एनपीपी के विधायकों की संख्या 31 हो गई है। बताया जाता है कि राज्य कांग्रेस के पूर्व प्रमुख डॉ. सेलेस्टाइन लिंगदोह, गेब्रियल वाह्लांग और चार्ल्स मार्नगर ने स्पीकर थॉमस ए. संगमा से मुलाकात कर उन्हें एनपीपी में शामिल होने के फैसले से अवगत कराया।

### तमिलनाडु — मुरुगानंदम होंगे नए मुख्य सचिव

**चेन्नई @ पत्रिका.** तमिलनाडु सरकार ने वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी एन.मुरुगानंदम को राज्य का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। उन्होंने निवर्तमान शिव दास मीना का स्थान लिया। मीना को तमिलनाडु रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है।

### आंध्र प्रदेश — दूषित भोजन से 4 बच्चों की मौत

**अमरावती @ पत्रिका.** आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले के कैलासा गांव में दो दिन पहले दूषित भोजन खाने से चार अनाथ बच्चों की मौत हो गई। मरने वाले बच्चों में जोशुआ, भवानी, श्रद्धा, और नित्या शामिल हैं। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने इस घटना पर गहरा दुख जताया और जिला कलेक्टर विजय कृष्णन को प्रभावित बच्चों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं।

## वर्ल्ड @ शॉर्ट रीड

### चीन — फिलीपींस और चीनी जहाज टकराए

**बीजिंग @ पत्रिका.** दक्षिण चीन सागर में सोमवार तड़के चीन व फिलीपींस के जहाजों में टक्कर होने के बाद तनाव बढ़ गया। चीन का आरोप है कि फिलीपींस ने बार-बार उसकी चेतावनियों को नजरअंदाज किया। चीन कोस्ट गार्ड के प्रवक्ता गान यू के मुताबिक, फिलीपींस ने हमें बार-बार उकसाया है। वहीं, फिलीपींस की सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जोनाथन मलाया ने सफाई दी कि उन्होंने कोई उकसावे का प्रयास नहीं किया।

### अमरीका — फिलिस्तीन के समर्थन में रैली निकाली

**शिकागो @ पत्रिका.** फिलिस्तीनी अधिकारों के समर्थन में यहां रविवार को रैली निकाली गई है। रैली में लगभग 600 लोग शामिल हुए। रैली में शामिल होने वालों में से ज्यादातर फिलिस्तीन समर्थक कार्यकर्ता थे, जिनमें से कई ने गाजा पट्टी में इजरायल के सैन्य अभियान की निंदा करते हुए नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने इजरायल की मदद और हथियार आपूर्ति बंद करने की मांग वाले पोस्टर भी थाम रखे थे।

### इजरायल — गाजा पर हमला, 24 लोगों की मौत

**काहिरा @ पत्रिका.** हमास और इजरायल के बीच संघर्ष विराम पर बातचीत बुधवार को काहिरा में फिर से शुरू होने वाली है। वार्ता में शामिल होने अमरीकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन तेल अवीव पहुंच गए हैं। दूसरी ओर इजरायल ने गाजा में 40 ठिकानों पर हमला कर दिया, जिसमें 24 लोग मारे गए। मरने वालों में एक महिला और उसके छह बच्चे भी शामिल हैं। इजरायल ने नागरिकों को निशाना बनाने से इनकार किया है।

### कुवैत — भारतीयों से मिले विदेशमंत्री जयशंकर

**कुवैत सिट @ पत्रिका.** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कुवैत की राजधानी कुवैत सिटी में देश के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने कुवैत के क्राउन प्रिंस सबाह अल-खालेद अल-सबाह से वार्ता की। दोनों देशों ने आपसी संबंधों को और मजबूत बनाने की आवश्यकता जताई। जयशंकर ने कहा, दोनों देशों के बीच सहयोग निरंतर बढ़ रहा है। जयशंकर यहां भारतीय समुदाय से भी मिले।

**कूटनीति:** इसी सप्ताह होगी पीएम मोदी और जेलेंस्की की मुलाकात

# शांति में 'अहम भूमिका' निभाने के लिए यूक्रेन दौरे पर जाएंगे पीएम मोदी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कीव.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 अगस्त को यूक्रेन में शांति मिशन पर होंगे। विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने सोमवार को बताया कि पीएम मोदी सप्ताह के अंत में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के निमंत्रण पर यूक्रेन की आधिकारिक यात्रा करेंगे। पिछले महीने ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से फोन पर बातचीत में जेलेंस्की के चीफ ऑफ स्टाफ एंड्री यरमक ने अपील की थी कि मोदी यूक्रेन में शांति स्थापित करने में 'अहम भूमिका' निभा सकते हैं।

रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के करीब ढाई साल बाद यह पीएम मोदी की पहली यूक्रेन यात्रा ऐतिहासिक भी है। राजनयिक संबंध स्थापना के 30 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय पीएम का यह पहला यूक्रेन दौरा होगा। इस यात्रा को शांति मिशन इसलिए भी कहा जा रहा, क्योंकि मोदी दुनिया के एक मात्र नेता हैं, जिनको रूस और यूक्रेन दोनों शांति दूत के रूप में देखने-सुनने को उत्सुक हैं। गौरतलब है कि पीएम मोदी पिछले महीने ही रूस से लौटे हैं, जहां उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को भी शांति का संदेश दिया था।

### कीव यात्रा की टाइमिंग है खास

*पीएम मोदी के यूक्रेन दौरा संभावनाओं और आशंकाओं के चरम दौर के बीच हो रहा है। **संभावना शांति की है तो आशंका रूस और यूक्रेन के परमाणु संयंत्रों के युद्ध की चपेट में आ जाने की है।***



1. रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद **पहली बार पिछले दिनों जेलेंस्की ने संकेत दिया था कि वे रूस के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं।** इसके पहले जेलेंस्की हमेशा रूस से बातचीत की पूर्व शर्त रूसी सैनिकों की यूक्रेन से पूरी तरह वापसी रखते आए हैं।
2. पिछले दिनों रूसी जमीन पर हमले के बाद यूक्रेन ने भी कुर्स्क के 90 फीसदी इलाके पर कब्जा करने का दावा किया है। यूक्रेन ने यहां के तीन ब्रिज को भी नेस्तनाबूद कर दिया है, जिससे यह इलाका रूस से काफी कुछ कट गया है। माना जा रहा है कि जेलेंस्की ने **रूस के इस इलाके पर कब्जा इस रणनीति के तहत भी किया है कि शांति वार्ता के दौरान इलाकों के लेन-देन की चर्चा होने पर यूक्रेन भी बातचीत के टेबल पर मजबूत दिख सके और उसकी बात गौर से सुनी जाए।**
3. पिछले दिनों ऐसे संकेत मिले हैं कि यूक्रेन को यूरोप के प्रमुख सहयोगी देशों जर्मनी, ब्रिटेन और फ्रांस से मिलने वाली मदद में कमी आई है। ***दूसरी तरफ अमरीका भी चुनाव में उलझा हुआ है। ऐसे में जेलेंस्की के बातचीत की टेबल पर आने के लिए जमीन पूरी तरह अनुकूल है।***

### विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट की भारत की स्थिति

**भारत** के विदेश मंत्रालय के सचिव तन्मय लाल ने कहा है कि कूटनीति और बातचीत से ही स्थायी शांति हो सकती है, इसलिए बातचीत बिल्कुल आवश्यक है। स्थायी शांति केवल उन विकल्पों से प्राप्त की जा सकती है जो दोनों को स्वीकार्य हों और यह केवल बातचीत के माध्यम से ही संभव है। भारत सभी हितधारकों के साथ संपर्क में है। पीएम मोदी ने रूस और यूक्रेन दोनों के नेताओं के साथ बातचीत की है। सूत्रों के अनुसार, भारत मध्यस्थता की बजाए दोनों के बीच संवाद सेतु की भूमिका निभाएगा।

### पोलैंड में 21-22 अगस्त को रुकेंगे मोदी

**प्रधानमंत्री** मोदी यूक्रेन की यात्रा से पहले 21-22 अगस्त को पोलैंड के दौरे पर रहेंगे। मोदी की पोलैंड यात्रा 1979 में मोरारजी देसाई की यात्रा के बाद 44 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। इसके पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी ने पोलैंड का दौरा किया था। वहीं सितंबर 2010 में पोलिश प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने भारत का दौरा किया। दोनों देशों में 2023 में 5.72 बिलियन डॉलर का का कारोबार हुआ था

**कश्मीर:** पूर्व सीएम उमर ने जारी किया घोषणा पत्र

# एनसी ने किया 370 बहाली का वादा, भाजपा से चुनाव बाद भी तालमेल नहीं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**श्रीनगर.** नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष और पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को जारी पार्टी के विधानसभा चुनाव घोषणापत्र में अनुच्छेद 370 और 35ए की बहाली के प्रयास का वादा किया है। उन्होंने कहा है कि चुनाव बाद त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति में भाजपा से कोई गठबंधन नहीं होगा।

घोषणा पत्र में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर की राजनीतिक और कानूनी स्थिति की बहाली पार्टी की सबसे बड़ी गारंटी है। अनुच्छेद 370-35 ए को बहाल करने और राज्य का दर्जा देने का प्रयास करेगी। साथ ही 2000 में जम्मू-कश्मीर विधानसभा द्वारा पारित स्वायत्तता प्रस्ताव के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए काम करेगी। पत्रकारों से बातचीत में उमर ने कहा कि पार्टी सत्ता में आने में सफल होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रदेश को राज्य का दर्जा दिलाने की मांग पूरी नहीं होने पर सुप्रीम कोर्ट जाएगी। एनसी ने घोषणा पत्र में जम्मू-कश्मीर के लोगों के भूमि और रोजगार के अधिकारों की रक्षा करने और सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम को निरस्त करने को भी वादा किया है।

### एनसी चाहती है चुनावी गठबंधन-कांग्रेस

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष तारिक हमीद कारा ने कहा है कि पार्टी प्रदेश में समान विचारधारा वाले उन दलों के साथ गठबंधन के लिए तैयार है जिन्होंने भाजपा के खिलाफ झंडा उठाया हो। प्रदेश में चुनाव की घोषणा के बाद नियुक्त नए कांग्रेस प्रमुख कारा ने कहा कि वैसे तो गठबंधन पर विचार करने के लिए समिति बनी है लेकिन उनकी जानकारी के अनुसार एनसी ने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से संपर्क किया है।

**डेमोक्रेटिक कन्वेंशन:** जुटेंगे 50000 लोग

# कमला पहुंचीं शिकागो, पहले दिन बाइडन का संबोधन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**शिकागो.** डेमोक्रेटिक पार्टी का 4 दिवसीय नेशनल कन्वेंशन सोमवार से शुरू हो गया है। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस इसमें शिरकत करने के लिए शिकागो पहुंच गई हैं। सोमवार शाम को यहां जो बाइडन ने कन्वेंशन को संबोधित करते हुए पुरजोर तरीके से कमला की राष्ट्रपति उम्मीदवारी का समर्थन किया।

इस संबोधन के साथ ही बाइडन के 50 साल के राजनीतिक जीवन के सफर पर विराम लग गया। हालांकि वे 5 नवंबर तक अमरीका के राष्ट्रपति बने रहेंगे। चार दिनों तक चलने वाले इस कन्वेंशन में 50 हजार से ज्यादा लोगों के शिरकत करने का अनुमान है, जिसमें 15 हजार से ज्यादा लोग पत्रकार और इन्फ्लूएंसर होंगे। यह कन्वेंशन ऐसे समय में हो रहा है जबकि लगातार आ रहे सर्वेक्षण बता रहे हैं कि भारतवंशी उम्मीदवार कमला हैरिस के राष्ट्रपति पद की दौड़ में आने के बाद अब रिपब्लिकन उम्मीदवार डॉनल्ड ट्रंप की लोकप्रियता में गिरावट है और डेमोक्रेटिक उम्मीदवार हैरिस की अप्रूवल रेटिंग में सुधार है। इससे डेमोक्रेटिक पार्टी में उत्साह है।

### कमला की अप्रूवल रेटिंग ट्रंप से 7% ज्यादा

**ताजा** सर्वे 'एसोसिएटेड प्रेस-एनओआरसी सेंटर फॉर पब्लिक अफेयर्स रिसर्च' का है। सर्वे के अनुसार अमरीका के आधे वयस्क (48 प्रतिशत) हैरिस के बारे में अनुकूल दृष्टिकोण रखते हैं, जबकि बाइडन के बारे में 38 प्रतिशत अमरीकियों ने ही अनुकूल विचार प्रकट किए थे। इसके अलावा हैरिस ट्रंप से भी आगे हैं, जिनके बारे में 41 प्रतिशत वयस्क अनुकूल विचार रखते हैं।

**निर्वाण महोत्सव:** श्रद्धालुओं ने चढ़ाए 1 लाख 26 हजार श्रीफल



**सागर.** भाग्योदय तीर्थ में आचार्य भगवन 108 विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि सुधासागर महाराज ससंघ के सानिध्य में सोमवार को 1008 श्रेयांसनाथ भगवान का निर्वाण महोत्सव मनाया गया। विधान में श्रद्धालुओं ने लगभग 1 लाख 26 हजार श्रीफल चढ़ाए। 180 परिवारों को श्रीफल चढ़ाने का सौभाग्य मिला।

### रेलवे में नया प्रयोग — अब इंजन में होगी टॉयलेट और एसी की सुविधा

**भोपाल @ पत्रिका.** भारतीय रेलवे ने सभी ट्रेनों के इंजन कंपार्टमेंट में टॉयलेट और एयर कंडीशन सिस्टम लगाने का फैसला फैसला लिया है। भोपाल रेल मंडल सहित अन्य मंडल के पुराने इंजन में यह नियम लागू नहीं होगा, लेकिन नए लोकोमोटिव इंजन में यह सुविधा मिलेगी। साथ ही इंजन रंगोनोमिक सीट से लैस होंगे, जिसमें बैठकर लोको पायलट आसानी से सैकड़ों किमी की यात्रा कर सकेंगे। रेलवे बोर्ड का मानना है कि ऐसा करने से मानवीय चूक से होने वाले हादसों में कमी आएगी और कर्मचारी पहले से ज्यादा सुरक्षित और सुविधाजनक महसूस करेंगे।

## ट्रेंडिंग न्यूज



### भारत यात्रा पर मलेशिया के प्रधानमंत्री

**मलेशिया** के प्रधानमंत्री अनवर बिन इब्राहिम सोमवार को भारत की तीन दिवसीय 'राजकीय यात्रा' पर दिल्ली पहुंचे। प्रधानमंत्री बनने के बाद अनवर का यह पहला भारतीय दौरा होगा। दोनों देशों में कई समझौते हो सकते हैं।

### भारत अफ्रीका व्यापार सम्मेलन आज से

**नई दिल्ली** में 20 से 22 अगस्त तक होने वाले 19वें भारत-अफ्रीका व्यापार सम्मेलन को लेकर अतिथियों के भारत पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। सोमवार सुबह जिम्बाब्वे के उपराष्ट्रपति कॉन्स्टेंटिनो चिवेंगा का दिल्ली एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया।



### जिनपिंग से मिले वियतनामी नेता

**वियतनाम** के शीर्ष नेता सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव टो लैम तीन दिवसीय यात्रा पर रविवार को चीन पहुंचे। बीजिंग के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इस यात्रा के दौरान उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की है।



**पर्दे के पीछे:** कास्टिंग काउच और यौन उत्पीड़न

# जस्टिस हेमा कमेटी की रिपोर्ट से मलयालम इंडस्ट्री में भूचाल

**तिरुवनंतपुरम @ पत्रिका.** मलयालम फिल्म उद्योग में महिलाओं के उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए गठित जस्टिस के. हेमा कमेटी की रिपोर्ट ने इंडस्ट्री में भूचाल ला दिया। केरल सरकार ने सोमवार को रिपोर्ट जारी की। इसमें मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच व यौन उत्पीड़न जैसे गंभीर मुद्दों का जिक्र है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इंडस्ट्री कुछ मेकर्स, निर्देशक और एक्टर्स के नियंत्रण में है। यह पावरफुल लॉबी अपने खिलाफ बोलने वालों का कॅरियर बर्बाद करने की ताकत रखती है। रिपोर्ट में कुछ बड़े अभिनेताओं की संलिप्तता की पुष्टि भी की गई है। फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के सामने आने वाले मुद्दों की जांच करने के लिए सरकार ने 2017 में जस्टिस हेमा कमेटी गठित की थी।

**महिलाओं के साथ प्रताड़ना:** रिपोर्ट में मलयालम सिनेमा इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच सिंड्रोम की भी पुष्टि की गई। निर्देशक और मेकर्स अक्सर महिलाओं पर उत्पीड़न का दबाव डालते हैं।

### 'अंदर से घिनौनी है चकाचौंध की दुनिया'

यौन उत्पीड़न का शिकार होने वाली कई अभिनेत्रियां डर के कारण पुलिस में शिकायत करने से हिचकिचाती हैं। रिपोर्ट में लिखा गया है कि ये चकाचौंध से भरी दुनिया अंदर से पूरी घिनौनी है। रिपोर्ट की शुरुआत में ही लिखा गया है कि जो आप देखते हैं उस पर भरोसा ना करें, क्योंकि दूर से नमक भी चीनी जैसा लगता है।

**अनोखा संकट** ब्रिटेन में एक डोनर के स्पर्म का इस्तेमाल 10 परिवार ही कर सकते हैं

# नियमों की आड़ में ब्रिटेन में बढ़ा स्पर्म निर्यात, इससे कई देशों में जैविक भाई-बहनों की संख्या बढ़ेगी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लंदन.** ब्रिटेन दूसरे देशों को शुक्राणु निर्यात कर रहा है। इसके पीछे बड़ी वजह यहां का कानून है, जिसमें एक डोनर के स्पर्म का उपयोग 10 परिवारों से ज्यादा नहीं कर सकते। जबकि विदेशों में शुक्राणु या अंडे उपलब्ध करवाने वाली ब्रिटिश कंपनियों पर कोई प्रतिबंध नहीं है। एक रिपोर्ट में उस खतरे की ओर ध्यान दिलाया गया है, जिसमें स्पर्म डोनेशन के बाद बड़ी संख्या में पैदा होने वाले जैविक भाई-बहनों के बीच भविष्य में संबंधों की आशंका जताई गई है। प्रजनन चैरिटी प्रोग्रेस एजुकेशनल ट्रस्ट की निदेशक सारा नॉरक्रॉस ने बताया कि स्पर्म बैंकों का 10 परिवारों की सीमा को 75 तक बढ़ाना चिंताजनक है। इससे बड़ी संख्या में जैविक भाई-बहन होंगे।

### निगरानी के लिए विशेष प्रणाली नहीं



**ब्रिटेन** में शुक्राणु-अंडा दान को मानव निषेचन और भ्रूण विज्ञान प्राधिकरण (एचएफईए) नियंत्रित करता है। चूंकि एचएफईए से लाइसेंस प्राप्त क्लिनिकों के बाहर इसका नियंत्रण नहीं है। ऐसे में किसी दाता ने किन परिस्थितियों में कितनी बार शुक्राणु दान किया है, इसकी कोई निगरानी नहीं है।

### कभी बाहर से आयात करता था

**करीब** दस वर्ष पहले तक खुद ब्रिटेन, अमरीका और डेनमार्क से शुक्राणु आयात करता था। लेकिन 2019 और 2021 के बीच ब्रिटेन ने शुक्राणु के 7542 स्ट्रॉ निर्यात किए। यूरोपीय स्पर्म बैंक 90 फीसदी स्पर्म का निर्यात करता है। इसके अलावा अंडा दान भी बढ़ा है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि यह मानव तस्करी जैसा है।

**फिर हिमाकत:** भारत दिवस परेड की घटना

# कनाडा में खालिस्तान समर्थकों ने किया तिरंगे का अपमान

**टोरंटो @ पत्रिका.** टोरंटो में रविवार को भारत दिवस परेड के दौरान खालिस्तान समर्थकों ने भारत विरोधी नारे लगाए और भारतीय ध्वज का अपमान किया। इस दौरान मौके पर कनाडा पुलिस मूक दर्शक बनी खड़ी रही। घटना से संबंधित एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें टोरंटो सिटी हॉल में भारत दिवस परेड के दौरान खालिस्तानी समर्थकों को नारे लगाते और भारतीय ध्वज फाड़ते हुए दिखाया गया है। भारत दिवस परेड कार्यक्रम पैनोरमा इंडिया द्वारा आयोजित किया जाता है, जो इंडो-कैनेडियन सांस्कृतिक संगठनों का एक छत्र समूह है।

### समारोह से पहले ही एकत्र हो गए थे

बताया जाता है कि खालिस्तान समर्थक समूहों ने समारोह स्थल के पास ही एकत्र होने की योजना बनाई थी। इससे आसपास तनाव बढ़ गया। पैनोरमा इंडिया की अध्यक्ष वैदेही भगत ने कहा था कि इस साल समारोह में भारत के बाहर सबसे बड़ा भारतीय झंडा होगा और 20 से अधिक झांकियां शामिल होंगी।

'स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII , सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।